CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 27 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 225 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी पेज 2



एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत को आठ मेडल खेल टाइम्स



एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा सम्पादकीय




ट्रम्प ने चार बार किया फोन, मोदी ने नहीं की मन की बात: जर्मन पत्रिका पेज़ 12

### दिल्ली दंगे: अदालत ने छह व्यक्तियों को बरी किया, पुलिस को फटकार लगाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में छह व्यक्तियों को बरी कर दिया, जबकि आरोपियों के अधिकारों को 'कुचलने' के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से दंगा और आगजनी में शामिल भीड़ का हिस्सा होने के छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने 25 अगस्त को 41 पृष्ठों के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट है कि आरोपियों के खिलाफ झूठा मामला गढ़ा गया और अभियोजन पक्ष का गवाह हेड कांस्टेबल विकास, जो मामले का एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी है, इन आरोपियों के खिलाफ गवाही के संबंध में पूरी तरह से अविश्वसनीय है।

### हत्या के इरादे से की गई घरेलू हिंसा बेहद गंभीर: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसले में कहा कि मर्डर करने के इरादे से की गई घरेलू हिंसा के अपराधों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और वैवाहिक संबंध ऐसे मामलों में अपराध को कम करने वाला कारक नहीं हो सकता है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी को जमानत दिए जाने से जुड़ी याचिका खारिज कर दी। मृतका के भाई की ओर से की गई शिकायत पर केस दर्ज हुआ, जिसमें कहा गया था कि आरोपी पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। जमानत याचिका से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सवर्णा कांता शर्मा ने कहा कि घरेलू हिंसा के अपराधों को, जिनमें हत्या किए जाने का भी इरादा हो, गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में वैवाहिक संबंध को अपराध को कम करने वाला कारक नहीं, बल्कि गंभीर बनाने वाला माना जाएगा। कोर्ट भारतीय दंड संहिता (आईपीसी, 1860) की धारा 307 और 506 तथा आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 25, 27, 54 और 59 के तहत दर्ज एक मामले में जमानत की मांग करने वाली एक आरोपी द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रहा था।

### श्रमिकों की मृत्यु के मामले में दिल्ली सरकार तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक इमारत ढहने की घटना में कथित तौर पर तीन श्रमिकों की मृत्यु के मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इस मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव, नगर निगम के आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है जिनमें बताया गया था कि 20 अगस्त को यहां दरियागंज इलाके में निर्माणाधीन चार मंजिला भवन का एक हिस्सा गिरने से तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बच गए। सभी मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। खबरों के अनुसार इस दुर्घटना के समय लगभग 15 श्रमिक घटनास्थल पर मौजूद थे। भवन के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोग ने कहा है कि यदि जानकारी सही है, तो यह मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

## सुरक्षित रखे गए फैसले सुनने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**नई दिल्ल।** उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद उच्च न्यायालयों द्वारा फैसले सुनाने में की जा रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे बेहद चौंकाने वाला और आश्चर्यजनक रवैया बताया है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ 2008 से लंबित एक आपराधिक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों को चुनौती देने वाली रवींद्र



प्रताप शाही द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। इस अपील पर 24 दिसम्बर, 2021 को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया गया था, लेकिन कोई फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे मामले को दूसरी पीठ के समक्ष रखा गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि शीघ्र निपटारे के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उच्च न्यायालय ने कोई फैसला नहीं सुनाया।

## नौसेना में शामिल हुए आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि

मुंबई, वार्ता

■ दोनों स्वदेशी युद्धपोत, दुश्मन के रडार में नहीं आएंगे
■ ब्रह्मोस, बराक-8 जैसी मिसाइलों से लैस

**इंडियन नेवी** को मंगलवार को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे।

इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजरायल बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से लैस हैं। इनमें 76एमएम नौसैनिक बंदूकें और समुद्री युद्ध में पानी के अंदर चलने वाला टारपीडो विस्फोटक हथियार भी है। आईएनएस हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। इसका नाम पुराने आईएनएस हिमगिरि से लिया गया है। आईएनएस उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश की उदयगिरि पर्वत



सीरीज के नाम पर रखा गया है, जो सिर्फ 37 महीनों में बना है। आईएनएस उदयगिरि में एडवांस स्टेल्थ फीचर्स हैं, जो इसे दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचाने में मदद करते हैं। दोनों युद्धपोत परियोजना 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। इनके आने से भारत की समुद्री रक्षा को बड़ी मजबूती मिली है।

### भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं

# शांति चाहिए, तो युद्ध को तैयार रहें: CDS

शाह टाइम्स ब्यूरो


**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के युद्धों में विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांति चाहिए, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं।

जनरल चौहान मध्य प्रदेश के डा. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर अपनी तरह के पहली दो दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। एक मज़बूत नागरिक-सैन्य एकीकरण के लिए, उन्होंने देश के लिए एक सुदर्शन चक्र (भारत का अपना लौह गुंबद) विकसित करने के महत्व और प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया, जो 'ढाल और तलवार', दोनों का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विविध क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास आवश्यक है। महान विचारक कौटिल्य का हवाला देते हुए, जनरल चौहान ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विचारों और ज्ञान का स्रोत रहा है, हालांकि, -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: जनरल चौहान

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बात करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था जिससे हमने कई सबक सीखे, इनमें से ज्यादातर पर काम चल रहा है, कुछ को लागू भी किया जा चुका है।

यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि हम यहां ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने नहीं आए हैं। हम यहां ऑपरेशन सिंदूर के परे की चीज़ों पर चर्चा करने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। हम एक शांति-पसंद राष्ट्र हैं, लेकिन गलत मत समझिए, हम सिर्फ अहिंसावादी नहीं हो सकते। मेरी सोच में बिना शक्ति के शांति सिर्फ एक आदर्शवाद है। मैं एक लैटिन उद्धरण कहना चाहता हूं, जिसका मतलब है अगर आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहिए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस सेमिनार में हम सुदर्शन चक्र की चर्चा कर सकते हैं, यानी भारत का अपना आयरन डोम या गोल्डन डोम।



कहा: सभी क्षेत्रों में निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रियाएं देना ही जंग में जीत की कुंजी

# जमीयत की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मदरसे सील करने का मामला**

■ राज्य सरकार को छह हफ्ते के भीतर जवाब दाख़िल करने का निर्देश
■ सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी
■ मदरसे बंद करने की मुहिम, मुसलमानों को संवैधानिक अधिकार से वंचित कर देने की एक बड़ी साजिश: अरशद मदनी

**नई दिल्ली/नैनीताल।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर 21 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन चीफ़ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने मदरसों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे।

अदालत ने यह भी कहा था कि जब तक अदालत की ओर से आगे कोई आदेश जारी नहीं होता, तब तक केंद्र या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अगर कोई नया नोटिस या आदेश जारी किया जाएगा, तो उस पर भी रोक लागू मानी जाएगी। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और उत्तराखंड आदि में मदरसों के खिलाफ अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही। इसी के विरोध में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 14 मई 2025 को जमीयत उलमा-ए-हिंद को उत्तराखंड हाईकोर्ट से अपील करने का निर्देश दिया था। इस पर अमल करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अपनी इस याचिका में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने कहा है कि उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट 2016 में रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य नहीं बताया गया है और न ही गैर -शेष पृष्ठ दो पर

## 5,590 करोड़ के अस्पताल निर्माण घोटाले में कसा शिकंजा

■ ईडी ने 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में 'आप' के नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है।

ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल तेरह स्थानों पर तलाशी चल रही है। धन शोधन निवारण (पीएमएलए) मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी, हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकी।

### हाईकोर्ट ने योगी पर आधारित फिल्म की रिलीज को दी मंजूरी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी के जीवन पर कथित रूप से आधारित एक फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मंजूरी दे दी है। साथ ही न्यायालय ने सीबीएफसी को निर्देश दिया है कि वह फिल्म 'अजेय' को बिना किसी कट या संशोधन के प्रमाणन प्रदान करे। खंडपीठ ने फिल्म देखने के बाद अपने आदेश में कहा था कि हमने फिल्म को उसके संदर्भ में देखा है और हमें नहीं लगता कि इसमें किसी भी चीज़ को दोबारा संपादित करने की ज़रूरत है।

## मोदी पर राहुल गांधी का तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वोट चोरी उनकी सुनियोजित योजना का हिस्सा है इसलिए मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति के समय मनमानी करते हैं और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। वहां विपक्ष के नेता की एक नहीं सुनी जाती। साल 2023 में भाजपा ने नया कानून बनाया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस कानून को लेकर सवाल करते हुए कहा कि आखिर ऐसा कानून क्यों बनाया गया। इसका सीधा और सरल जवाब है कि 'वोट चोरी' करवाने के लिए ऐसा किया जाता है।



■ कहा: मुख्य चुनाव आयोग के चयन में विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनते पीएम

### चोर की तरह वोट चोरी कर भाजपा खामोश: राहुल गांधी

**मधुबनी।** आठवें दिन राहुल गांधी का काफिला लगभग दो घंटे की देरी से मधुबनी पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने दल के झंडे लेकर मौजूद रहे। इस दौरान राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें कहा गया था कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं हैरत में पड़ गया था कि अमित शाह ऐसा कैसे कह सकते हैं। हम नेता हैं, जनता क्या चाहती है और क्या सोचती है, ये वही तय करती है। इसलिए अमित शाह का यह बयान बेहद अजीब था।

## दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी ईवी चलेगी: मोदी

अहमदाबाद, वार्ता

■ प्रधानमंत्री ने मारुति की पहली ईवी कार को झंडी दिखाई
■ गुजरात प्लांट से दुनिया के 100 देशों को निर्यात होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने 26 अगस्त को गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है।

ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा। इस कार में 49 किलोवाट घंटा और 61किलोवाट घंटा के दो बैटरी पैक




ऑप्शन मिलेंगे। कंपनी का दावा है कि कार एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। इलेक्ट्रिक एसयूवी का प्रोडक्शन फरवरी-2025 से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है। जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है। जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है, जो गाड़ियां बन रही हैं वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है। पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा।

## वैष्णो देवी में अर्धकुंवारी में लैंडस्लाइड, छह की मौत

■ 14 घायल, यात्रा रुकी, जम्मू में तवी नदी के पास सड़क धंसी, गाड़ियां गिरीं

**नई दिल्ली।** वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड हो गई। हादसे में छह लोग मारे गए, 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है।

हादसे के बाद वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क घंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। अभी नुकसान को लेकर अपडेट नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि ये मौतें किन इलाकों में हुईं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने मजदूरों की मौत पर लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत का एक हिस्सा गिरने से तीन मजदूरों की मौत की घटना संबंधी मीडिया की रिपोर्ट पर स्वत संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किए हैं। मीडिया के अनुसार 20 अगस्त की इस घटना में तीन मजदूरों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बचे। मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने समाचार रिपोर्ट की विषयवस्तु की जांच की है और यदि यह सत्य है, तो मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। आयोग ने मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, नगर निगम आयुक्त और मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने एवं लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अशोक विहार थाने में तैनात आरोपी हेड कांस्टेबल राज कुमार मीणा के खिलाफ 25 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी हेड कांस्टेबल ने एक व्यक्ति से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के बदले तीन लाख रुपये रिश्वत की मांग की। बातचीत के बाद आरोपी हेड कांस्टेबल शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गया।

### लखनऊ में रोजगार महाकुंभ-2025 के शुभारंभ पर बोले सीएम योगी

# युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कोई भी कंपनी या नियोक्ता नहीं कर सकेगा कर्मचारी का शोषण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जायेगी और कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पायेगा।

लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का शुभारंभ के मौके पर उन्होंने कहा कि नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठायेगी। यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलना जरूरी है।

### अटल विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी पोर्टल शुरू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अटल कमांड सेंटर आधारित ईआरपी प्रणाली के माध्यम से विद्यालयों के सभी क्रियाकलापों की डिजिटल निगरानी शुरू की गई है। इस प्रणाली के जरिये उपस्थिति प्रबंधन, शैक्षणिक निगरानी, स्टाफ प्रोफाइल सुनिश्वित की जा सकेगी। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों का विवरण जुड़ा होगा, जो जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करेगा। व्यय, बजट और बिलिंग की पारदर्शी जानकारी ईआरपी पर दर्ज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्याल बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था।

# यूपी में पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, वार्ता**

■ एमके बशाल, प्रशांत कुमार, उपेंद्र अग्रवाल को मिली नई जिम्मेदारी

यूपी पुलिस में पांच सीनियर अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें भारतीय पुलिस सेवा के एमके बशाल, जय नारायन सिंह, प्रशांत कुमार द्वितीय, उपेंद्र कुमार अग्रवाल और सतेंद्र कुमार शामिल हैं।

आईपीएस एमके बशाल, पुलिस महानिदेशक, उप्र पॉवर कारपोरेशन लि. की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, अब वो पुलिस महानिदेशक/महासमादेष्टा, होमगार्ड, उप्र, तैनात किए गए हैं। आईपीएस जय नारायन सिंह, आईपीएस आरआर 1994 अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, पीटीसी सीतापुर पद पर तैनात थे। अब वह अपर पुलिस महानिदेशक, उप्र पॉवर कार्पोरेशन लि. होंगे। वहीं आईपीएस प्रशान्त कुमार अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र पद पर थे, अब वो अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र के साथ-साथ अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, उप्र का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। इसके साथ ही आईपीएस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल अब तक पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय थे, अब वह पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना, मुख्यालय, उप्र पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। साथ ही आईपीएस सतेन्द्र कुमार अब तक पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रतीक्षारत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पद पर तैनात थे,वह अब पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग आगरा में तैनात होंगे।

# उप राष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं संवैधानिकः सुदर्शन रेड्डी

**लखनऊ, वार्ता**

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्हें इंडिया गठबंधन की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है और गठबंधन में शामिल दलों का समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं बल्कि संवैधानिक है और वह संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ा है। जस्टिस रेड्डी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी संवैधानिक यात्रा 1971 में बार एसोसिएशन से शुरू हुई और वह आज भी संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं देश को विश्वास दिलाता हूं कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति मेरी यात्रा जारी रहेगी। यह संवैधानिक पद है और इस पद को सर्वपल्ली राधाकृष्णन डा. जाकिर हुसैन के आर नारायण, हामिद अंसारी ने इस पद को सुशोभित किया है। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने लोहिया और नेताजी से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष ने उन पर विश्वास करके उम्मीदवार बनाया है। इस दौरान संविधान संशोधन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि इसको लेकर जेपीसी गठित हो गई है।

### इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पहुंचे कांग्रेस कार्यालय, मांगा समर्थन



**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को चुनाव में सांसदों के समर्थन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने उपस्थित सांसदों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन मांगा। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षक होंगे सम्मानित, सूची जारी

**लखनऊ।** पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार व राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शिक्षकों की सूची मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव के स्तर से शिक्षकों की जारी सूची में मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के प्रधानाचार्य राम प्रकाश गुप्त, आर्य महिला इंटर कॉलेज वाराणसी की छाया खरे, महर्षि दयानंद विद्यापीठ गाजियाबाद की कोमल त्यागी का चयन किया गया है। इसी तरह राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हाथी बरनी इंटर कॉलेज हाथी वाराणसी के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली के प्रधानाचार्य चमन जहां व अन्य का नाम शामिल है।

# बड़े सपने देखें और जिज्ञासु बनेंः शुभांशु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सीएमएस में बच्चों के साथ साझा किया अपनी यात्रा का अनुभव

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटे पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) की कक्षाओं से लेकर अंतरिक्ष की विशालता तक की अपनी अविश्वसनीय यात्रा को बच्चों के साथ साझा किया।

उन्होंने छात्रों को बड़े सपने देखने एवं जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीएमएस ने मुझे अनुशासन, धैर्य और कल्पनाशक्ति जैसे मूल्य दिए, जिन्होंने हर चुनौती में मेरा मार्गदर्शन किया। अपने विद्यालय लौटकर मैं बेहद प्रसन्न हूं। यही वे कक्षायें हैं, जहां मैंने शिक्षा पाई थी। शिक्षकों को नृत्य व आनंद मनाते देखना उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव रहा। मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल की अलीगंज शाखा-1 पहुचे शुभांशु ने स्कूल में शक्स कोर्टयार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कामना मिश्रा भी उनके साथ थी।

शुभांशु ने इसी शाखा से अपनी पढ़ाई की है। शुभांशु ने यहीं पर भविष्य के सपनों को संजोया था और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन सपनों को कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प से साकार किया। 'शक्स कोर्टयार्ड' अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें मेकरस्पेस, रोबोटिक्स लैब, स्टूडियोपॉड और एम्फीथियेटर शामिल हैं। यह जीवंत केन्द्र विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा प्रायोगिक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस अवसर पर शुभांशु ने सीएमएस छात्रों द्वारा निर्मित सामाजिक उपयोगिता के मॉडलों की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने छात्रों से बातचीत की, उनके रचनात्मक मॉडलों एवं अभिनव डिजाइनों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगली बार जब वे आएंगे, तब तक इनमें से कई उपयोगी विचार वास्तविक रूप ले चुके होंगे और समाज को लाभ पहुंचा रहे होंगे। समारोह में बोलते हुए डा. भारती गांधी ने कहा कि हमें अपने ऐसे पूर्व छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने शिक्षा से ऊचाइयां छूईं और राष्ट्र का गौरव बढ़ाया।

## अर्थ व्यापार



**सेंसेक्स** 81306.85
**निफ्टी** 24870.10



**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



**चांदी रु.** 113906
प्रति किलो



# शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 849 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।

बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 258.52 अंक की लुढ़ककर 81,377.39 अंक पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। इसका उच्चतम स्तर 81,450.28 अंक रहा। अंतिम घंटे में बिकवाली ज्यादा होने से यह 80,685.98 अंक तक उतरकर अंत में 849.37 अंक (1.04 प्रतिशत) नीचे 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी.50 भी 68.25 अंक गिरकर 24,899.50 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 24,919.65 अंक और निचला स्तर 24,689.60 अंक रहा। कोराबार की समाप्ति पर यह 255.70 अंक लुढ़ककर 24,712.05 अंक पर रहा। अमेरिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाए गए 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। बिकवाली चौतरफा रही और एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, स्वास्थ्य, रियलिटी, आईटी, धातु, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक 0.41 प्रतिशत से 2.24 प्रतिशत तक टूट गये।



### आयात शुल्क की चिंता में प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे

**मुंबई।** अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 में एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अमेरिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाये गये 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। यह बिकवाली चौतरफा रही ।

### चांदी 1.17 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत 392 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल इसका भाव 1,16,133 रुपए पर था। वहीं 24 कैरेट सोने का दाम 339 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,665 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 30,805 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए पर पहुंच गया है।

# गेहूं महंगा, दालों में घटबढ़, खाद्य तेलों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव स्थिर रहे, जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी में भी टिकाव रहा। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, वहीं खाद्य तेलों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेंटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 22 रिंगिट फिसलकर 4,470 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54.29 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 3,839.45 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं दो रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती के साथ 2,838.27 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,293.31 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। सरसों तेल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी आठ रुपये चढ़ा। सूरजमुखी तेल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में 60 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।


**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

शीघ्र सम्पर्क करें-

9837333111, 9917200010


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**शांति चाहिए...** भारतीय युद्धों के समुचित विश्लेषण या रणनीति पर अकादमिक चर्चा पर बहुत कम साहित्य उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि युद्ध, नेतृत्व, प्रेरणा, मनोबल और तकनीक के विभिन्न आयामों पर गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता है। भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित होना होगा। सीडीएस ने आगे कहा कि रण संवाद का उद्देश्य वास्तविक अभ्यासकर्ताओं, विशेष रूप से युवा और मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए जगह बनाना है, जो तकनीकी प्रगति से अवगत हैं।

**जमीयत की...** रजिस्टर्ड मदरसों को गैर-क़ानूनी कहा गया है। याचिका में इस तथ्य को भी उजागर किया गया है कि राइट टू एजुकेशन (संशोधन) एक्ट 2012 में स्पष्ट रूप से मदरसों, वैदिक पाठशालाओं और इस प्रकार के अन्य धार्मिक शिक्षण संस्थानों को इस कानून से छूट दी गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी हवाला दिया गया है, जिनमें अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षिक संस्थान क़ायम करने और उन्हें चलाने का असीमित अधिकार मानते हुए, राज्य की दख़लंदाज़ी से सुरक्षा प्रदान की गई है। पिटीशन में यह भी कहा गया है कि उत्तराखंड में सिर्फ़ मदरसों को निशाना बनाना असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण और दुर्भावना पर आधारित कार्रवाई है। सरकारी वकील ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका पर आपत्ति जताई और कहा कि इस मामले में जमीयत उलमा-ए-हिंद को याचिका दाखिल करने का कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि जिन मदरसों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, वे मंगलवार को अदालत के सामने उपस्थित नहीं हैं। इस पर चीफ़ जस्टिस ने संजय हेगड़े से पूछा कि अदालत उनकी याचिका पर क्यों सुनवाई करे, क्योंकि वे सीधे तौर पर प्रभावित नहीं हैं। जिस पर संजय हेगड़े ने कहा कि यह मामला केवल मदरसों को बंद करने का नहीं है, बल्कि जिस तरह से सरकार मनमानी कार्रवाई कर रही है उसके खिलाफ कोई भी अदालत का रुख़ कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा मदरसों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई अल्पसंख्यकों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों अनुच्छेद 14, 15, 19, 25, 26 और 30 का उल्लंघन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जमीयत के कदम पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मज़लूमों को न्याय दिलाना और इंसानियत की बुनियाद पर बिना किसी भेदभाव के सेवा करना जमीयत उलमा-ए-हिंद का मिशन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद का गहरा रिश्ता मदरसों से है और हमारे सारे बुजुर्ग इसी से पढ़कर निकले हैं। असल में जमीयत उलमा-ए-हिंद, मदरसों की आवाज़ और उनका ज़ेहन है। सांप्रदायिक शक्तियां इस तारीख़ से अनजान हैं। यही मदरसों के उलमा थे, जिन्होंने तब आज़ादी का बिगुल फूंका जब पूरी क़ौम गहरी नींद में थी। मदरसों को हमारी (धड़कन) कहा जा सकता है और इन्हें गैर-क़ानूनी ठहराकर बंद करना हमारी जीवन रेखा को समाप्त करने की साज़िश है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मदरसों को गैर-क़ानूनी बताकर कार्रवाई करना सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की भी तौहीन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद इस साज़िश के खिलाफ एक बार फिर अपनी क़ानूनी जंग शुरू कर चुकी है, क्योंकि मदरसों की हिफाज़त दरअसल दीन की हिफाज़त है। यह मुहिम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर एक गंभीर हमला है।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# वैष्णो देवी मार्ग पर हुए भूस्खलन में शहर के कार्तिक की मौत







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू एण्ड कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन को गए मुजफ्फरनगर जनपद का एक परिवार भी घटना का शिकार हो गए है, हालांकि वर्षा के चलते पहाड़ गिरने से मलबे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है और आधा दर्जन की मौत भी हो गई है। इसी घटना में रामलीला टिल्ला का परिवार भी घायल हो गया। इस दुखद घटना की जानकारी होने पर मंत्री कपिल देव भी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्होने वहा के राज्यपाल मनोज सिंहा से सम्पर्क कर पीड़ितों की मदद के लिए कहा है। बता दे कि जम्मू एण्ड कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वालों श्रद्धालुओं की भीड़ है माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए शहर से अन्य श्रद्धालुओं के साथ अलीपुर खुर्द निवासी इंजीनियर मिन्टु कश्यप पुत्र महावीर भी अपने परिवार के साथ गया हुआ है उनके साथ उनकी पत्नी बबली उर्फ संगीता, बेटी उमंग, बेटा कार्तिक व वैष्णवी भी गई है जिस समय वह माता वैष्णो देवी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे तो रास्ते में अर्द्धकुमारी के निकट तेज वर्षा के चलते पहाड का मलबा गिरने लगा। इस घटना में मिन्टू व उसका परिवार भी चपेट में आ गया। और गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें कार्तिक की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। घायलों को वहीं के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुजफ्फरनगर में जब यह जानकारी आई तो राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल रामलीला टिल्ला स्थित पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचे और उन्होने मिन्टू के बडे भाई बाबूराम आदि से मुलाकात की और उन्हे हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। देर रात राज्यमंत्री कपिल देव ने जानकारी दी कि गंभीर रूप से घायल कार्तिक नामक युवक की असमय मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ा दायक है तथा वह दुख की इस घडी में पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होने मृतक के परिजनों को यथाशीघ्र उचित आर्थिक सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिया।

# कूकड़ा से लापता निखिल मोहन शर्मा की बाइक नहर से बरामद

## गोताखोर व नई मंडी पुलिस को नहीं मिली लाश, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस का कहना है कि 22 अगस्त को अंकित शर्मा पुत्र रामशरण शर्मा निवासी कूकडा थाना नई मंडी कोतवाली ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था कि तेरह अगस्त को प्रिंस शर्मा पुत्र संजीव शर्मा निवासी बच्चन सिंह कॉलौनी उसके भाई 32 वर्षीय निखिल मोहन शर्मा को उसकी बाइक स्पलेण्डर सहित घर से बुलाकर ले गए थे और वह वापस नहीं लौटा, पीड़ित ने अपने भाई के साथ अनहोनी की आशंका जताई थी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने प्रिंस शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि उसके साथ सौरभ राणा पुत्र बिजेन्द्र राणा निवासी अवध विहार कॉलौनी नई मंडी कोतवाली और रोहित बालियान पुत्र सहेन्द्र पाल सिंह निवासी नूनाखेडा थाना तितावी ने मिलकर निकिल मोहन शर्मा की हत्या करके बाइक सहित उसको नहर में फेक दिया। पुलिस ने गोताखोर और पल्टयूनिट के सहयोग से निकिल मोहन शर्मा की बाइक गंगनहर खतौली के अन्दर से बरामद की।

नई मंडी पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए प्रिंस शर्मा और सौरभ राणा ने खुलासा करते हुए बताया कि सौरभ राणा व मृतक निखिल मोहन शर्मा के बीच पैसे के लेनदेन का विवाद था और घटना के दिन सौरभ राणा ने टीपी नगर स्थित एक ऑफिस में बुलाया वहां पर रोहित बालियान को भी बुला लिया गया।

पैसे के लेनदेन की बात शुरू होती ही हाथापाई हुई जहां मारपीट में निकिल मोहन शर्मा बेहोश हो गया और इसी बीच हत्या के मुक. दमें से बचने के लिए तीनों ने निकिल शर्मा की गला घोटकर हत्या करने के बाद लाश छिपाने के लिए उसके शव को गंगनहर खतौली में फेंक दी गई थी। घटना के दिन बाइक को रोहित बालियान चला रहा था।

# रामपुर तिराहाकांड में 9 सितम्बर को होगी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर।** रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। न ही कोर्ट में कोई गवाह पेश हुआ। कोर्ट में सुनवाई के लिए 9 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है। विगत एक अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप है पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे।

उत्तराखंड सघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि मंगलवार को एमपीएमएलए के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वहीं कोर्ट में कोई गवाह भी पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 9 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है।



मुजफ्फरनगर: अग्निवीर भर्ती में दौड़ लगाते युवक।

# आयुक्त के निर्देश पर मखियाली चांदपुर रूद्रा वेस्ट मैनेजमैंट प्राईवेट लि० किया सील

**मुजफ्फरनगर।** विकास प्राधिकरण के जोन-3, थाना नई मण्डी क्षेत्र में मंडलायुक्त महोदय, सहारनपुर मण्डल, की प्रेरणा से एवं उपाध्यक्ष, आदेशों के अनुपालन में अवैध निर्माणकर्ता रूद्रा वेस्ट मैनेजमैंट प्राईवेट लि0 द्वारा निदेशक हरपाल सिंह चावला द्वारा स्थल- खसरा नं.- 539/03, ग्राम मखियाली-चांदपुर, मुजफ्फरनगर में लगभग 5000 वर्गमीटर में विकसित औद्योगिक निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही की गयी। उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे। जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त पूर्व में सील के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध निर्माण के स्वामी द्वारा स्थल से अवैध औद्योगिक निर्माण को नहीं हटाया गया था।



# सुन्दरकांड यज्ञ का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** मानव कल्याण परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को पचेंडा रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला में सुन्दर कांड यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इसमें शिशुकांत गर्ग एड. राज कुमार बख्शी, रमेश चंद्र बंसल, राजीव रहेजा, सुधीर चौधरी, पीयूष बिंदल का सहयोग रहा। यज्ञ मे आहूति देने के लिए संजय मलिक, मित्रसैन कथूरिया, हरीश सचदेवा, रवि नंदन, कमला भगत, आशा गर्ग, वंदना मित्तल के अतिरिक्त प्रवीन अरोरा एड. कृष्णा रायल, ललित कथूरिया एड., ओम कुमार गर्ग, सुभाष गुप्ता, जगदीश पालीवाल, रजनीश गोयल, जतिन सचदेवा, जय प्रकाश गोयल, मयंक तायल, नचिकांत गर्ग आदि मौजूद रहे। यज्ञ के उपरांत सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ व आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# सीएमओ ने वीडियो वायरल के बाद वार्ड का किया निरीक्षण

**■ स्टाफ को कड़ी चेतावनी, भर्ती मरीजों का जाना हाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** महिला अस्पताल में इलाज के नाम पर पैसों की गई मांग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मंगलवार को जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने स्टाफ को सख्त लहजे में आदेश दिए कि भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया ने वार्ड में पहुंचकर मरीजों से बात की और उनका हाल चाल पूछा। उन्होने भर्ती मरीजों के तीमारदारों से भी इलाज के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि सुविधा शुल्क मांगने पर इसकी शिकायत की जाए। निरीक्षण में एक तीमारदार ने शिकायत करते हुए बताया कि विगत वर्ष इलाज के नाम पर उनसे पैसे लिए गए थे। इस दौरान सीएमओ ने उक्त कर्मचारी की पहचान की बात कही तो शिकायतकर्ता पहचान नहीं कर सका। सर्जिकल वार्ड में पहुंचे सीएमओ ने भर्ती एक मरीज की शिकायत सुनी, शिकायत थी कि उसे समय से उपचार नहीं दिया जा रहा है इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डॉक्टर को इलाज सही से करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मुख्य चिकित्साधिकारी ने समस्त स्टॉफ को चेतावनी देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार या अपने कार्य में लाप. रवाही मिली तो वह विभागीय कार्यवाही करेंगे। उन्होने डॉक्टर व नर्स तथा अन्य कर्मचारियों को यूनिफार्म व आई कार्ड के साथ ड्यूटी पर आने की बात भी कही। उन्होने जिला अस्पताल में कई वार्डो में मिली शिकायत व लापरवाही पर डॉक्टरों व नर्सो को कडी फटकार लगाई। बता दे कि विगत दिवस महिला अस्पताल की एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें एक कर्मचारी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा था इसी वीडियों के आधार पर सीएमओ ने अस्पताल में निरीक्षण किया। बता दे कि जिलाअस्पताल आए दिन किसी न किसी मामले को लेकर चर्चाओं मे रहता है कभी बीमार व तीमारदारों में मारपीट तो कभी मरीज के तीमारदारों से रिश्वत मांगने की शिकायत यहां के सीटी स्कैन कार्यालय से लेकर कई अन्य और कार्यालयमें बीमार के तीमारदारों से वसूली के चर्चो आए दिन होते रहते है। ऐसे में भी मामले कई बार सामने आए कि जो मरीज पैसे देने में असक्षम रहा तो उसको इलाज की सुविधा भी समय से नहीं मिली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मंगलवार को किए गए निरीक्षण से विभाग पर क्या असर पड़ता है उनके आदेश व संदेश के क्या मायने है आने वाला समय बताएगा।

# यूके भेजने के नाम पर दो लोगों से अट्ठारह लाख रूपये ठगे, दुबई में छोड़ा

**■ राजस्थान के पीड़ितों ने एसपी सिटी से की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बेरोजगार लोगों को विदेश भेजने के नाम पर कुछ लोगों ने अट्ठारह लाख रूपयें की ठगी की है। पीड़ित लोगों ने परेशान होकर एसपी सिटी से इसकी शिकायत की और बताया कि आरोपी लोग उन्हे दुबई ले गए, लेकिन वहां छोडकर उन्हे स्वयं लौट आए। एसपी सिटी ने इस मामले की जांच कराई और आरोप सही होने पर नई मंडी पुलिस को कार्यवाही के आदेश दिए।

राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी असलम खान व नजर मौहम्मद ने एसपी सिटी को एक शिकायती पत्र द्वारा बताया कि रेलवे स्टेशन पर ग्राम बझेडी थाना नई मंडी कोतवाली के रहने वाले फईम से उनकी मुलाकात हुइ थी। उस समय फईम ने उनको विदेश भेजने के नाम पर अच्छी नौकरी दिलाने की बात कही थी। इसके बाद भी असलम व नजर मौहम्मद से बात. चीत हुई और उन्होने विश्वास करते हुए फईम के पिता इकराम, भाई सुहैल और उसके चाचा वसीम से मुलाकात हुई।इन लोगों ने भी यूके भेजने का आश्वासन दिया और अट्ठारह लाख रूपये खर्च होना बताया था नौकरी के लिए उन्होने विश्वास करते हुए उन्होने चार लाख रूपये कैश और चौदह लाख रूपये उनके खाते में ट्रांसफर किए थे कुछ माह पूर्व उक्त लोग उन्हे दुबई ले गए और वहां से यूके भेजने की बात कही। दुबई ले जाने के बाद जब उन्होने यूके जाने की बात कही तो यहां आने पर वह लोग अपनी बात से मुंह कर गए। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हे पौलेंड जाने से रोककते हुए कहा कि वह भारत ही वापस लौट आए। जब उन्होने अपने दिए गए अट्ठारह लाख रूपयें की मांग की तो वह पैसे देने की बात कहते रहे और काफी समय बाद भी उनका रूपया नहीं लौटाया गया। जब पुलिस में शिकायत की बात कही गई तो उक्त लोगों ने उनको बझेडी बुलाया और यहां पर उनके साथ मारपीट की। एसपी सिटी ने इस मामले की जांच कराई और जब शिकायत सही पाई तो एसपी सिटी ने नई मंडी पुलिस को मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के आदेश दिए।



मुजफ्फरनगर: प्रेसवार्ता में पकड़े गए बदमाशों की जानकारी देते एसपी सिटी।

# फर्जी कॉल सेन्टर चलाते दो दबोचे

## कम्पनियों के सिम कार्ड, लैपटॉप व फर्जी दस्तावेज हुए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार पुलिस ने मेरठ रोड स्थित जेड. के. कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग में चल रहे फर्जी कॉल सेन्टर का पर्दाफाश करते हुए लोगों को नौकरी देने का झांसा देकर कर रहे ठगी में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर अपराध करने वालों पर यह कार्यवाही एक शिकायत कर्ता पीड़ित के आधार पर की है। यह शिकायत पूणे से की गई थी और एक व्यक्ति 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करके अपनी सूचना दर्ज कराई थी।

मंगलवार को पुलिस लाइन के सभाकक्ष में हुई प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 25 अगस्त को पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली थी कि मेरठ रोड स्थित जेडके कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग में एक कॉल सेन्टर की आड में लोगों को नौकरी देने का झांसा देकर ठगी की जाती है।

पुलिस ने यहां पर छापेमारी की तो दो लोगों को हिरासत में लिया है। जांच में पाया कि यह लोग बेरोजगार युवको को झांसा देकर रूपये ऐठते है। पुलिस ने यहां से कई कम्पनियों के सिम कार्ड, लैपटॉप, फर्जी दस्तावेज, क्यूआर कोर्ड के साथ यहां से आपत्तिजनक सामाग्री भी बरामद करने का दावा किया है। एसपी सिटी का कहना है कि पूछताछ में इन्होने नाम आहद पुत्र वसीम निवासी खालापार अंबाविहार और जुबैर पुत्र गुलजार अहमद निवासी सरवट थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह अब तक बड़े पैमाने पर लोगों से ठगी कर चुका है।

आसान नौकरी का लालच देकर ऑनलाइन का पंजीकरण शुल्क व अन्य दस्तावेज के नाम पर यह गिरोह वसूली करता था। उन्होने बताया कि खालापार पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए लेपटॉप और मोबाइल डेटा की जांच साइबर सेल को भेजी है और सबूत मिलने के बाद इन पर ओर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# नगर में चला अतिक्रमण हटाव अभियान, जुर्माना भी वसूला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर के नेतृत्व में नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारियों ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है। पालिका की टीम ने शिव चौक से कोर्ट रोड तक इस अभियान को बडी सख्ती के साथ चलाया है। इस दौरान करीब चार दुकानदारों से 3500 रुपए जुर्माना वसूला गया है। शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन के नेतृत्व में पालिका टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है। नगर मजिस्ट्रेट अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के लिए शिव चौक पर पहुंचे। इस बीच पुलिस और ईओ डा. प्रज्ञा सिंह भी पालिका टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। नगर मजिस्ट्रेट ने स्वयं पालिका की टीम के साथ शिव चौक से कोर्ट रोड तक इस अभियान को बडी सख्ती के साथ चलाया है। सड़क पर सामान रखने वाले कई दुकानदारों को चेतावनी दी गई है। वहीं कुछ दुकानों के बाहर से सामान भी जब्त किया गया है। पालिका की टीम ने सड़क पर अतिक्रमण कर कब्जा करने वाले चार दुकानदारों से करीब 3500 रुपए का जुर्माना वसूला है। नगर मजिस्ट्रेट पंजक प्रकाश राठौर नेबताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर में नियमित रूप से चलाया जाएगा। शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त रखने को लेकर कडी कार्रवाई अतिक्रमण करने वालों पर की जाएगी।

# पूर्व प्रधान ने नशे के खिलाफ चलाया अभियान

**■ उनका दर्द बोल रहा है कि वह अपनी लगी को बुझाने चले है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरवट ग्राम के पूर्व प्रधान इंतेजार त्यागी ने नशा मुक्ति अभियान चलाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र भेजा है। उनका दर्द बयान कर रहा है कि वह अपनी लगी को बुझाने के लिए यह अभियान चला रहे है। उन्होने क्षेत्र के थानों में भी शिकायत करते हुए नशे का साम्राज्य चलाने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

मंगलवार को ग्राम सरवट के पूर्व प्रधान इंतेजार त्यागी ने अपना दर्द बयान करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र भेजा है। इस दर्द को यू भी कहा जा सकता है कि वह अपनी लगी को बुझाने के लिए नशा मुक्ति अभियान में कूद पड़े है। क्योकि एक चैनल को दी गई बाइट में वह खुद अपना दर्द बया कर रहे है। उनका कहना है कि सरवट स्थित सरकारी स्कूल के निकट छोटी-छोटी उम्र के बच्चें स्मैक व अन्य नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे है। बच्चे खुलेआम नशे का इंजेक्शन लगा रहे है और इस साम्राज्य को चलाने वाले नशीले पदार्थ के तस्कर भी खुद दिन रात नशे की इंजेक्शन व स्मैक का सेवन कर रहे है। उन्होने अपना दर्द बयान करते हुए कहा कि इस नशे में उनके करीबी भी फंस चुके है।

# छात्र की पिटाई से ग्रामीणों में रोष



## परिजनों ने टीचर के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी/मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव जागाहेडी के शिक्षा सदन जूनियर हाई स्कूल में एक कक्षा सात के छात्र के साथ इसलिए जबरदस्त पीटाई की गई कि वह सवाल का सही जवाब नहीं दे रहा था शिक्षक द्वारा की गई पीटाई और छात्र के शरीर पर पडे निशानों को लेकर इसकी शिकायत तितावी पुलिस से की गई।

ग्राम जागाहेडी निवासी सुनील कुमार का बारह वर्षीय बेटा सागर गांव के ही शिक्षा सदन स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। छात्र रोजाना की तरह अपने स्कूल पहुंचा जहां कक्षा में आए मास्टर वंश ने अन्य बच्चों की तरह सागर से भी गणित में कुछ सवाल किए। सागर सवाल का सही से उत्तर न दे सका इसी से गुस्साएं मास्टर वंश ने सागर की जबरदस्त पीटाई की। सागर की पीट पर पडे लाल निशान यह बयान कर रहे है कि उस छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है, हालांकि शिक्षक छात्र सागर को डाट के साथ हल्की-फुल्की पीटाई भी कर सकता था लेकिन जिस तरह सागर के शरीर पर पीटाई के निशान है वह अशुभनीय है। जैसे ही यह खबर परिवार को लगी तो सागर के पिता सुनील व गांव के कुछ ग्रामीणों के साथ तितावी थाने पहुंचे और यहां के अफसर से मिलकर अपने बेटे के शरीर पर चोटो के निशान दिखाते हुए एक लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया शेरपुर का दौरा

**मुजफ्फरनगर।** गांव में सरकारी कामकाज की जमीनी हकीकत का जायजा लेने के लिए आज मंगलवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन (आईएएस) ने ब्लॉक सदर क्षेत्र के गांव शेरपुर का औचक दौरा किया। उनके इस निरीक्षण से ग्रामीणों में सरकारी तंत्र के प्रति एक नया भरोसा जगा है।

अपने दौरे की शुरुआत करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन ने सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं। वहां उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा की गुणवत्ता को परखा और पोषण संबंधी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने एएनएम सेंटर का बारीकी से निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण के रिकॉर्ड की जांच की और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं पर उनकी राय ली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का अगला पड़ाव प्राथमिक विद्यालय था। उन्होंने बच्चों की कक्षाओं में जाकर उनसे



सीधे सवाल-जवाब किए और शिक्षकों से शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी भी गांव के विकास की नींव होती है और इसमें कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विद्यालय के निरीक्षण के बाद उन्होंने गांव के समग्र विकास को समझने के लिए पंचायत घर का भी दौरा किया जहां उन्होंने चल रही परियोजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी समस्या की शिकायत सीधे संबंधित अधिकारियों से करें। इस मौके पर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के साथ संतोष कुमार शर्मा (सीडीपीओ), सत्येंद्र कुमार (एडीओ पंचायत सदर), ग्राम प्रधान शोएब नंबरदार और ग्राम सचिव उमेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा नेता के फार्म हाउस पर बिजली विभाग का छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** विद्युत चोरी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत गत दिवस बिजली विभाग ने कासमपुर खोला गांव में बड़ी कार्रवाई की।

अधिशासी अभियंता आशुतोष कुमार द्धविद्युत वितरण खंड जानसठऋ को सूचना मिली थी कि गांव में एक फार्म हाउस पर बिना कनेक्शन के बड़े पैमाने पर विद्युत उपयोग किया जा रहा है। सूचना पर अधिशासी अभियंता आशुतोष कुमार, मीरापुर उपखंड अधिकारी कृष्ण मोहन कुमार और अवर अभियंता रवीश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि भाजपा नेता अरुण शर्मा के स्वामित्व वाले फार्म हाउस पर अवैध रूप से 10 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई ली जा रही थी।

इतना ही नहीं, खेती की सिंचाई के लिए भी बिना अनुमति 25 केवीए का एक और ट्रांसफार्मर उपयोग में लाया जा रहा था। बताया गया कि उक्त फार्म में राजनीति से सम्बंधित कार्याक्रमो का आयोजन भी किया जाता रहा है जिसमें लंबे समय से बिना कनेक्शन के बिजली की बडी खपत की जा रही थी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रांसफार्मरों को टीम ने उतरवाकर कब्जे में लिया और उन्हें बिजलीघर भिजवा दिया गया। यह कार्यवाही शिकायतकर्ता की सूचना पर की गई, जो सही पाई गई। विभाग ने तत्काल प्रभाव से भाजपा नेता अरुण शर्मा समेत कमलेश और सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विद्युत चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह की अवैध गतिविधियों से विभाग को करोड़ों का राजस्व नुकसान होता है। अभियान के तहत लगातार छापेमारी जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नेताओं और प्रभावशाली लोगों पर भी यदि इसी तरह कार्यवाही होती रही, तो अवैध बिजली प्रयोग की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेगी।

## बच्चों के झगड़े में बड़े हुए घायल

**छपार।** बच्चों के झगडे को लेकर दो पक्षों लगी डंडे व धारदार हथियार चले जिसमें दोनों ओर तीन लोग घायल हो गये पुलिस ने दो को जिला चिकित्सालय में करा दियाघ्। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। गांव बसेड़ा में सोमवार की शाम को कुछ बच्चों का आपस में झगडा है गया जिससे मामला दोनों ओर से बड़ों में पहुंचा पहले गाली गलौज हुई उसके बाद दोनों ओर से लाठी डंडे व धारदार हथियार चले जिसमें एक पक्ष के रवि व उसका भाई मनोज दूसरे पक्ष से संजू लहुल. ूहान हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया रवि की उपचार के बाद छूटी कर दी गई। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है।

# इंग्लिश वाद-विवाद प्रतियोगिता में चमकी वेदांता पब्लिक की छात्राएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा की छात्रा पीहू, वर्णिका, विशाखा ने माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में हो रहे सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के सौजन्य से आयोजित इंग्लिश वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

जिसका विषय ए आई माइंड है या मशीनष् था। इस प्रतियोगिता में 19 विद्यालयो ने प्रतिभाग किया जिसमें 6 विद्यालयों को पुरस्कारित किया गया। जिनमें वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा की पीहू ने पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विवेक चौधरी जी ने पीहू की इस उपलब्धि के लिए आशीर्वाद देते हुए सभी छात्र-छात्राओं को इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि हमें कभी भी किसी भी चुनौती से घबराना नहीं चाहिए और हर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहिए। आपके इस सफल प्रयास से ही विद्यालय व जनपद का नाम रोशन होता है साथ ही जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय में हुई बांसुरी सज्जा, मटकी सज्जा, मटकी फोड़ आदि प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में चारों सदन (गांधी, सुभाष, कलाम, टैगोर) में प्रथम स्थान कलाम, द्वितीय स्थान टैगोर, तृतीय स्थान सुभाष, चतुर्थ स्थान गांधी सदन का रहा। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुनीता सैनी, गुंजन तोमर, कीर्ति रानी, प्रीति शर्मा तथा एक्टिविटी इंचार्ज पूजा पाल ने बच्चों की इस सुंदर प्रस्तुति के लिए बहुत-बहुत सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

# 1 सितंबर से हर जिले में चलेगा स्वदेशी जन जागरण अभियान: शारदा

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विनीत अग्रवाल जो शारदा (मेरठ) के नाम से मशहूर हैं ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में आगामी 1 सितंबर से 1 दिसंबर तक हर जिले में स्वदेशी जन जागरण अभियान शुरू होने जा रहा है। इसी कड़ी में 15 सितंबर तक हस्ताक्षर अभियान चलेगा। जिसमें बाजार, स्कूल, डॉक्टर, वकील, मंदिर के पुजारी एवं कोई कस्बा भी इस अभियान से नहीं छूटेगा। आम जन जन तक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के लोग संपर्क करेंगे। उसके बाद 15 से 25 सितंबर तक स्टीकर अभियान चलेगा। प्रतिष्ठानों पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का स्टीकर लगाया जाएगा। उसके बाद 25 अक्टूबर तक चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बाद में महानगरों में बड़े-बड़े व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। कुंदनपुरा में एक व्यापारी नेता के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विनीत अग्रवाल शारदा ने बताया कि गांधी जी ने 110 वर्ष पूर्व स्वदेशी का नारा दिया था और अब उसी तर्ज में यह काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली से पूर्व जीएसटी के दो स्लैब खत्म करने जा रहे हैं जिससे आम आदमी को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि तीन माह तक चलने वाले इस जन जागरण में भाजपा की उपलब्धियां को जनता के साथ शेयर किया जाएगा। उन्होंने नौ एक्सप्रेसवे सहित अनेक उपलब्धियां का उदाहरण देकर बताया कि किस तरह से भाजपा सरकार व्यापारियों का और आम जनता का सहयोग कर रही है। उन्होंने जीएसटी के उन तथाकथित अधिकारियों को जिनकी मानसि. कता समाजवादी पार्टी की है उनसे कहा कि वे अपनी हरकतों से बाज़ आ जाए अन्यथा उनके क्रियाकलापों की सूची भाजपा हाई कमान तक जाएगी। जिससे उनके बिस्तर बोरिया गोल हो जायेगा और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। इस अवसर पर एक राष्ट्र एक चुनाव के नारे को सार्थक करते हुए अनेक वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किये। बैठक में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, कृष्ण गोपाल मित्तल, सुनील तायल, तरुण मित्तल, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, रचना सिंगल, विनोद, आशीष तोमर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




# पूर्व ब्लॉक प्रमुख को गणमान्यों ने दी श्रद्धांजलि



**मुज़फ्फरनगर।** गाँधी कॉलोनी स्थित बारात घर मे आयोजित शोक सभा मे पूर्व ब्लॉक् प्रमुख मोरना व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा स्व. उमा सिंह को परि. जनों व परिचितो व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने कहा की उनकी मौसी उमा सिंह का अचानक संसार से चले जाना बेहद दु:खद है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल ने कहा की उमा सिंह मृदु भाषी व्यवहार कुशल महिला थी।इसके अलावा चरथावल विधायक पंकज मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी,सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी,सपा नेता कादिर राना,इलम सिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस सुबोध शर्मा, यशपाल पंवार,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विजय शुक्ला,आनन्द त्यागी,अक्षय पुंडीर, उमा दत्त शर्मा, शिवान सैनी,रमा नागर,यशपाल नागर, विनोद शर्मा, विनोद गुर्जर आदि ने स्वर्गीय उमा सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय उमा सिंह 1995--2000 तक मोरना की ब्लॉक् प्रमुख रही थी

### आवश्यक सूचना/घोषणा

मेरा भाई दिलदार काफी समय पूर्व कही चला गया था और उसके चाल चलन अच्छे न होने के कारण मेरी माता श्रीमति अनीसा ने दिलदार को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। इस सम्बन्ध में 2 अगस्त 2 अगस्त 2023 को समाचार पत्र में खबर छपवाई थी अब मेरी माता श्रीमति अनीसा का इन्तकाल हो चुका है। भविष्य में दिलदार द्वारा कोई गलत कार्य किया जाता है या वह किसी अपराधिक गतिविधि में लिप्त रहता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी व मेरे अन्य भाईयों की नही होगी। दिलदार द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। दिलदार स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कल्लू पुत्र युनुस निवासी**
**उत्तरी मंडी कस्बा व थाना बुढाना**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# एक छात्र एक पौधा अभियान का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सार्थक संस्था के संस्थापक सदस्य रहे डॉ. बृजमोहन माहेश्वरी, ऊषा माहेश्वरी की स्मृति में चल रहे एक छात्र एक पौधा अभियान के अंतर्गत मोरना मे पौधा रोपण किया गया। मोरना स्थित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मोरना पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता व संस्थापक कांति राठी ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को पर्यावरण ,पेड़,और पानी का महत्व समझाया।

संस्थान के निदेशक संजय कुमार ने कहा की पर्यावरण को बचाना और सुन्दर बनाना एक महत्वपूर्ण कार्य है।

जागरूकता के माध्यम से वृक्षारोपण मे सहयोग करें। इस अवसर पर कांति राठी ने बताया कि इस वर्ष का लक्ष्य 21000 छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं तक पहुंचने का लक्ष्य है,अभी तक संस्था द्वारा 13000 पौधे वितरित कर चुके हैं।एक छात्र एक पौध का अभियान इस लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे तरुण अवस्था से ही बच्चों में पर्यावरण संरक्षण का संस्कार पड़ेगा।जल संरक्षण का संस्कार पड़ेगा।

## हत्या के प्रयास में वांछित चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

ग्राम देवल निवासी रामरतन पुत्र मंगत द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे के अनुसार 20 मई को उसका पुत्र सतीश अपने साथी के साथ गांव लौट रहा था। उसी दौरान उनके साथ हेमसिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी ग्राम कैलापुर ने आपने साथियों के साथ मिलकर उन्हे लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने रामरतन की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी रनवीर को बीआईटी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

## प्राथमिक शाखा में गणेश चतुर्थी का उत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्राथमिक शाखा में भगवान गणेश का स्वागत बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ किया गया तथा गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूरे वातावरण को उल्लास और आनंद से भर दिया।

इस अवसर पर बच्चों ने भजनों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों, भगवान गणेश की कथाओं तथा सृजनात्मक कला गतिविधियों में भाग लिया। इन सबके द्वारा उन्होंने गणेश चतुर्थी के महत्व को समझा, जो कि ज्ञान, समृद्धि और नए आरंभ का प्रतीक है। पूरा समारोह हंसी-खुशी, श्रद्धा और रंग-बिरंगे उत्सव के रंगों से सराबोर रहा। हमारे नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को एकता, आनंद और सांस्कृतिक परंपराओं की भावना में डूबते देखना वास्तव में हृदयस्पर्शी रहा।

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली, मु0 नगर।**
वाद सं0 T202409550602500
सन 2023

देवेन्द्र कुमार पुत्र जगबीर सिंह निवासी ग्राम दूधाहेडी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ......**वादी**

**बनाम**

1. विनोद कुमार पुत्र जगबीर सिंह,
2. सुखबीर पुत्र गिरवर सिंह,
3. राजीव रज्जन, 4. संजीव कुमार पुत्र बलबीर सिंह,
5. रणबीर सिंह पुत्र गिरवर सिंह,
6. अरविन्द कुमार, 7. संदीप कुमार पुत्र हरबीर सिंह, निवासीगण ग्राम दूधाहेडी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 8. श्रीमती रीना पत्नी विकास निवासी ग्राम अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर,
9. गांव सभा दूधाहेडी द्वारा प्रधान ग्राम दूधाहेडी परगना व तहसील खतौली जनपद मु0नगर।

...... **प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम-जहांगीरपुर परगना व तहसील खतौली

हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 10.09.2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 26.08.2025 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी**
**खतौली।**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली, मु0 नगर।**
वाद सं0 T202409550602506
सन 2023

देवेन्द्र कुमार पुत्र जगबीर सिंह निवासी ग्राम दूधाहेडी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ......**वादी**

**बनाम**

1. विनोद कुमार पुत्र जगबीर सिंह,
2. सुखबीर पुत्र गिरवर सिंह,
3. राजीव रज्जन, 4. संजीव कुमार पुत्र बलबीर सिंह,
5. रणबीर सिंह पुत्र गिरवर सिंह,
6. संदीप, 7. अरविन्द कुमार पुत्र हरबीर सिंह,
8. जितेन्द्र कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह, निवासीगण ग्राम दूधाहेडी, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।
9. गांव सभा दूधाहेडी द्वारा प्रधान ग्राम दूधाहेडी परगना व तहसील खतौली जनपद मु0नगर।

.......**प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम-जहांगीरपुर परगना व तहसील खतौली

हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 10.09.2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 26.08.2025 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकाकारी**
**खतौली।**

### सम्बन्ध विच्छेद

हम मौ. राशिद खान व मौ. साकिर खान पुत्रगण दिलशाद खान निवासी म.न. 534/1 मौहल्ला/थाना खालापार जिला मुजफ्फरनगर के हैं। हम दोनो अपने भाई आरिफ खान पुत्र दिलशाद खान से वर्षो से अलग रहते हैं। आरिफ खान व उसकी पत्नी रेशमा गलत संगत मे पडे हुए हैं। उनके किसी भी लेन देन व किसी कृत्य के हम दोनो भाई या हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। भविष्य मे आरिफ खॉन व उसकी पत्नी रेशमा किसी भी प्रकार का किसी व्यक्ति से लेन देन करते हैं या कोई अप्रिय घटना करते हैं तो हम दोनो भाई व हमारा परिवार जिम्मेदार नही होंगे। आरिफ खान व उसकी पत्नी खुद जिम्मेदार होगी।

# दिवंगत काज़ी जमील अहमद की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी दिवंगत काज़ी जमील अहमद की स्मृति में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट से पहले मैदान में मौजूद खिलाड़ियों व दर्शकों ने मरहूम को खिराजे अकीदत पेश कर दुआ-ए-मगफिरत की। खतौली-बुढ़ाना रोड स्थित बड़े बिजली घर के पास इंडियन क्रिकेट बॉक्स द्धमिनी स्टेडियमऋ में तीन मैचों की सीरीज खेली गई। रविवार को शुरू हुई सीरीज में टीम काज़ी नबील और टीम तासीर हसन ने एक-एक मैच जीतकर बराबरी कर ली। बारिश के कारण सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में काज़ी नबील की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में मात्र 43 रन बना सकी। जवाब में तासीर हसन की टीम ने 5.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

विजेता टीम के खिलाड़ियों काज़ी अदिल, अथर जमाल, नबील कुरैशी, राव मुज्जमिल, नदीम अंजुम व अभिषेक गोयल ने शानदार प्रदर्शन कर जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने उम्दा खेल कौशल और खेल भावना का परिचय दिया।

दर्शकों ने पूरे उत्साह से मैच का आनंद उठाया। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आयोजन की सराहना की। वहीं पूर्व नगर अध्यक्ष इरशाद जाट ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देने की अपील की।कार्यक्रम में हाजी यूसुफ, मुन्ना खां, जावेद मुल्तानी, मुबश्शिर हाशमी, कैस काजी, वली मंसूरी, तुफैल मिर्जा, वकील मंसूरी, रियाज़ सिद्दीकी, जावेद पठान, नौशाद राणा, तनवीर, नौशाद, मुन्ना, शादाब जाट, नईम मिर्जा, नासीर अहमद, गुफरान अंसारी, अब्दुल रहमान समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक मौजूद रहे।



## आईआईटी पटना से अमन गुप्ता को मिली एमटैक उपाधि

**मुज़फ्फरनगर।** मुज़फ्फरनगर के युवा उद्यमी और फैसपी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (मारवाड़ी सॉफ्टवेयरऋ) के निदेशक तथा इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) मुज़फ्फरनगर चैप्टर के स्पेशल सेक्रेटरी अमन गुप्ता ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना के 12वें दीक्षांत समारोह में एआई एवं डेटा साइंस इंजी. नियरिंग में एम.टेक की उपाधि प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। अमन गुप्ता ने आई आई टी पटना के लिए एक विशेष पोर्टल का विकास किया, जिसे वर्तमान में संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। यह उनकी तकनीकी दक्षता और नवाचार का प्रमाण है।उनके नेतृत्व में फैसपी एंटरप्राइजेज (मारवाड़ी सॉफ्टवेयर) आज भारत, ब्रिटेन (यूके) और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित कई देशों में आईटी सेवाएँ प्रदान कर रही है। साथ ही कंपनी स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और रोज़गार उपलब्ध कराकर क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

**न्यायालय सिविल जज (जू. डि), बुढाना, मुजफ्फरनगर।**
उत्तराधिकार वाद सं.-02 सन् 2025, 1- श्रीमती सीमा बालियान विधवा स्व. अमित कुमार बालियान निवासी गोयला तहसील बुढाना जिला मु.नगर। 2- समर्थ बालियान अव्यस्क आयु करीब 3 वर्ष पुत्र स्व. अमित बालियान। 3- सक्षम बालियान अव्यस्क आयु करीब 3 वर्ष स्व.अमित बालियान। संरक्षिका माता श्रीमती सीमा बालियान विधवा स्व. अमित कुमार बालियान निवासी गोयला तहसील बुढाना जिला मु.नगर, ... वादिया/प्रार्थिया, बनाम, 1 (एक) श्रीमती कुसुम पत्नी यशपाल निवासी ग्राम गोयला परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मु.नगर। 2 (दो) यशपाल सिंह पुत्र लक्खीराम निवासी ग्राम गोयला परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मु.नगर। विपक्षीगण प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम श्रीमान जी निवेदन है कि मृतक अमित कुमार बालियान पुत्र यशपाल सिंह निवासी ग्राम गोयला परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मु.नगर उत्तर प्रदेश की दिनांक 25.04.2024 को कमाण्ड हास्पिटल चांदी मन्दिर पंचकुला हरियाणा में मृत्यु हो गयी थी। उक्त स्व. अमित कुमार बालियान ने जो परिसम्पत्तियां प्रतिभूतिया अपनी मृत्यु के उपरांत छोडी है प्रार्थिया ने उनकी बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु माननीय न्यायालय में उत्तराधिकार वाद प्रस्तुत किया है। जिसमें दिनांक 19.09.2025 वास्ते सुनवाई नियत है। यदि किसी आम जन को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के खिलाफ कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा समय 10 बजे प्रात: न्यायालय सिविल जज (जू. डि.) बुढाना मुजफ्फरनगर में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दाखिल करे। उक्त दिनांक के बाद कोई आपत्ति नही सुनी जायेगी और उचित आदेश प्रार्थना पत्र पर पारित कर दिया जायेगा। दिनांक 25 माह 08 सन 2025
**सिविल जज (जू.डि.), बुढाना, मुजफ्फरनगर।**

# श्री कृष्ण गौशाला में सुंदर कांड का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री कृष्णा गौशाला पचेंडा रोड पर आज प्रात: काल श्री सुंदरकांड महा यज्ञ किया गया ज्ञात रहे उक्त गौशाला में अनेकों निर्माण कार्य चल रहे हैं जिम किसी कारण विलंब हो रहा था जिसका शुभारंभ करने के लिए श्री बालाजी महाराज से प्रार्थना की गई श्री सुंदरकांड महायज्ञ कर अर्जी लगाकर आशा जताई के जल्द ही निर्माण कार्य इसी वर्ष पूर्ण हो जाएगा आपको बता दें गौशाला में मंदिर निर्माण कार्य भी किया जा रहा है आयोज. कों की माने तो इसी गौशाला में लोग विवाह भी कर सकेंगे



# मनकामेश्वर मंदिर में हरतालिका तीज पर महिलाओं ने किया पूजन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय कॉलोनी स्थित मनकामनेश्वर शिव मंदिर में हरतालिका तीज उत्सव पर महिलाओं द्वारा की गई पूजा अर्चना,

पंडित अरुण मिश्रा के द्वारा हरतालिका तीज की कथा सुनाई गई। हरतालिका तीज पूरे देश में आज बड़े धूमधाम के साथ मनाई जा रहे हैं।

आज के दिन समस्त महिलाएं और कुंवारी कन्याएं इस मानो वांछित फल प्राप्ति के लिए भगवान शिव का पार्वती की आराधना करती है और बड़े श्रद्धा भाव से व्रत करके निर्जल व्रत करके और भगवान शिव की आरती शिवलिंग बनाकर के विधि विधान के साथ पूजन करते हैं और इसके उपरांत रात्रि जागरण गीत गायन आदि करके कथा श्रवण करके अगले दिन प्राण करती हैं और यह व्रत बदमाश के शुक्ल पक्ष में तृतीया के दिन हस्त नक्षत्र युक्त मनाया जाता है और इस व्रत का पौराणिक कथाओं में भी बड़ा गुणगान किया गया है इसी व्रत को करके पार्वती मैया ने भगवान शिव की आराधना की थी और भगवान शिव की प्राप्ति की थी इसी व्रत की प्रभाव से ही शंकर भगवान पार्वती के पति हुए समस्त नारी समाज इस व्रत को करके और पूजा होती है इसमें शंकर भगवान के पूरे परिवार की पूजा होती है सबसे पहले तो श्री गणेश जी की पूजा होती है कार्तिकेय भगवान की पूजा होती है की पूजा होती है और फिर शंकर भगवान का अभिषेक होता है जिसमें सभी महिलाएं दूध दही शहद घी आदि से पंचामृत से भगवान शिव को स्नान कराती है। सपना तिवारी, बिना त्यागी ऊषा, रुचि अग्रवाल, प्रिया शर्मा, रेखा तायल,पूनम, सरिता गोयल, रेशु अग्रवाल, शिखा गोयल, अनीता गुप्ता,अनीता, अर्चना चौबे आदि महिलाएं मौजूद रही



## बुढाना में कांग्रेस कमैटी को मजबूत करने उतरे जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया

**मुजफ्फरनगर।** जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुजफ्फरनगर सतपाल कटारिया संगठन सर्जन के अंतर्गत आज ब्लॉक अध्यक्ष बुढ़ाना आमिर राणा से मुलाकात की तथा संगठन विस्तार हेतु चर्चा की जिसमें बनाए जा रहे हैं मंडल कमेटी के बारे में विचार विमर्श हुआ मीटिंग में उपस्थित कामिलजी तेवड़ा मुकेश कुमार कंट्रोल रूम इंचार्ज जिला कांग्रेस कमेटी मुजफ्फरनगर, आमिर राणा, मनावर राणा, आस मोहम्मद, अनीस आदि मौजूद रहे। श्री कटारिया ने कहा कि बुढाना के कांग्रेसियों को एकजुट कर सक्रिय किया जायेगा।

# सीढ़ियों से फिसलकर गिरने से ग्रामीण की मौत से मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चौरावाला गांव मे सीढ़ियों से फिसलकर गिरने से ग्रामीण घायल हो गया। आननख्रफानन में घायल को जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी 48 वर्षीय लखीराम पुत्र समय सिंह सोमवार रात करीब नौ बजे अपने घर की सीढ़ियों से छत पर जा रहा थे। अचानक पैर फिसलने से वह गिर गये। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन घायल को मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मंगलवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक मजदूरी करअपने परिवार का भरण-पोषण करता था। लखीराम की मौत से पत्नी राधा, पुत्र राजन, चिंटू, पुत्री मीनू, पिता समय सिंह, भाई शोकेंद्र का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पैठ बाजार में सब्जी लेने गया बुजुर्ग लापता

**भोपा।** पैठ बाजार में सब्जी लेने गया व्यक्ति वापस नहीं लौटा परिजनों ने तलाश के बाद पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के बेहड़ा थ्रू निवासी ओमकार ने बताया कि उसके चाचा मंगल सिंह 60 वर्ष शनिवार को भोपा मे लगने वाले पैठ बाजार में सब्जी लेने गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे उन्हें सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया गया लेकिन उनका कोई पता नहीं चला सका है। जब वह घर से गये तो वह नीले रंग की शर्ट पायजामा व हवाई चप्पल पहने हुए थे लापता के परिजनों ने पुलिस से बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

# 56 दिनों में 6 सड़क हादसों में हुई 10 लोगों की दर्दनाक मौत

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** लगभग इन पिछले 02 महीनों में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई 06 सड़क दुर्घटनाओं में 02 महिलाओं सहित 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। तेज रफ्तार, जल्दबाजी और सड़क पर चलने के नियमों का पता ना होने के अभाव मे इन सभी दुर्घटनाओं के होने का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

परिवारों के चिराग किस तरह से बुझ रहे हैं इसका अहसास सभी को है लेकिन तेज रफ्तार और जल्दबाजी पर कोई भी लगाम लगाने को तै"यार नहीं है। बीती 30 जून को बाइक पर सवार बुढ़ाना कस्बा निवासीगण पति पत्नि शमशाद सैफी और जमशीदा की बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर एक बड़े वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी थी।

इसके अलावा बीती 05 जुलाई को गांव भसाना में खतौली मोड़ पर एक बड़े वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मारकर मां चांद बीवी और उसके तीन साल के पुत्र अली को मौत के घाट उतार दिया था।

बीती 10 जुलाई को गांव भसाना में ही खतोली रोड पर एक वाहन की टक्कर से कार चालक हरियाणा राज्य निवासी अजीत कुमार की मौत हो गयी थी। बीती 28 जुलाई को बुढ़ाना निवासी अहसान उस्मानी की नगवा कुटी के पास तेज रफ्तार बाइक स्लिप हो गयी थी। जिसमें अहसान की सिर में चोट लगने से मौत हो गयी थी। बीती 31 जुलाई को गांव जौला में ही बाइक पर सवार चाचा भतीजे अब्दुल और सलमान निवासीगण गांव जौला की दर्दनाक मौत हो गयी थी और अब फिर इसी गांव जौला के ठाकुर दुष्यंत सिंह और समीपवर्ती गांव विज्ञाना के निवासी जुनैद त्यागी की दो बाइकों की आपसी भिड़ंत होने पर बीते 24 अगस्त की देर रात मौत हो गयी थी। कुल मिलाकर तेज रफ्तार, जल्दबाजी और यातायात के नियम नही जानने के अभाव में ये मोतें हर किसी को झकझोर जरुर रही है लेकिन उचित कदम कोई भी व्यक्ति उठाने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा। जिसके चलते इन मोतों पर अंकुश लगाना नामुमकिन सा ही दिखाई पड रहा है। वैसे यह बात सोलह आने सच है कि अगर किसी भी वाहन को कम रफ्तार और हिसाब से चलाने के साथ साथ सड़क पर चलने की तमीज आ जाए तो इन दिन प्रतिदान बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। परिजन भी नाबालिग बच्चों के हाथों में बाइक और स्कूटी देकर बेफिक्र तो हो जाते हैं लेकिन दुर्घटना होने के बाद वे सिवाए अफसोस के कुछ नहीं कर पाते। इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गांव दर गांव ट्रेफिक पुलिस को कैंप लगाकर वाहन चालकों को प्रशिक्षण देने का काम करना चाहिए वरना कागजों में सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान तो चल ही रहा है लेकिन इसके मायने कुछ नहीं हैं। यह सार्थक तभी है जब वाहन चालकों को बारीकी से यातायात के नियमों का प्रशिक्षण दिया जाए।

## पुत्री की बरामदगी को पुलिस से लगाई गुहार

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली फतेह अली निवासी व्यक्ति ने बताया की उसकी 20 वर्षीय पुत्री को पडोस का ही युवक बहका फुसला कर ले गया है।

आरोपी युवक के परिजनों से इस संबंध मे बात करने पर वह मारपीट करने पर उतारू हो गये। पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पिता ने पुत्री की बरादगी की मांग की है।

# सात दिवसीय प्रारंभ 2025 कार्यक्रम का श्रीराम कॉलेज में समापन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजज की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एक सप्ताह तक चले 'प्रारम्भ-2025' कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह के दिन एक विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संस्था के संस्थापक डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ0 एससी कुलश्रेष्ठ तथा अन्य अतिथि, निदेशक डॉ एसएन चौहान, डॉ0 प्रेरणा मित्तल, प्राचार्य श्रीराम कॉलेज डॉ0 मनोज धीमान निदेशक ललित कला विभाग श्रीराम कॉलेज ने दीप-प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। एप्लाइड साइंस की विभागाध्यक्षा डॉ0 आकांक्षा सिंह ने स्लाइड शो के माध्यम से चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ के जीवनवृत्त की झलकियां प्रस्तुत कीं। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं से प्रश्नों के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से राष्ट्र और समाज के भविष्य को भी समृद्व बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने अपने अनुभव नये छात्रों के साथ साझा किये। उन्होंने कहा कि गांवों में पुराने घरों मे भी इंजीनियरिंग देखने को मिलती है परन्तु नई-नई टैक्नोलॉजी के आने के कारण इंजीनियरिंग ने भी नया रूप ले लिया है जिसे इनोवेशन कहते हैं। उन्होंने श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीरियरिंग मे दी जाने वाली क्वालिटी ऐजुकेशन के बारे में नये छात्रों को बताया तथा साथ ही छात्र/छात्राओं को परिश्रम करने का गुरूमंत्र भी दिया। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी में जो सम्बन्ध स्थापित है उसे विभिन्न उदाहरणों द्वारा समझाया।

# पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षण प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना बीआरसी भवन में ब्लाक बुढ़ाना संसाधन केंद्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव खंड की अध्यक्षता में बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, विजय शंकर, अमीर अहमद एवं एआरपी क्षमा जांगिड़ के द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा की गई।

इसके पश्चात दिवस एक के सत्र प्रारंभ हुए। जिनमें मुख्य रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण कराया गया। उसके पश्चात ज्ञान समीक्षा एप पर उपस्थिति प्री टेस्ट कराकर प्रथम सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीईआरटी द्वारा विकसित पाठड पुस्तक वीणा एक की विषय वस्तु के प्रति समग्र समझ तथा प्रति स्थानित किए गए चार पाठों के औचित्य पर परिचर्चा की गई। पाठों से संबंधित अभ्यास, उनकी विशेषताएं तथा उनसे विक. सित होने वाली दक्षताओं के प्रति समझ को विकसित करना विस्तार से समझाया गया। गणित मेला का परिचय तथा जिज्ञासा बिना एवं गणित मेला पर प्रतिभागियों की जिज्ञासा को जन एवं उसका समुि. चत समाधान प्रस्तुत किया गया। सभी एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया जा रहा है। किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। प्रतिभागियों के द्वारा जवाब देने की स्थिति में उन्होने सभी की प्रशंसा की। इस प्रशिक्षण में रईसुद्दीन, महबूब अली, रोहिणी गौतम, मनोज कुमार, गरिमा, समर जहां, दीपा, रश्मि वशिष्ठ, मानसी शर्मा, पंकज, अनुज कुमार, रूबी और हेमलता आदि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।



**संक्षिप्त समाचार**

# मोरना में गुर्जर समाज ने मनाई सम्राट मिहिर भोज जयंती




**मोरना।** गांव चौरावाला, ढासंरी,जडवड,कटिया में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई वही वक्ताओं ने गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को जागरूक किया। गांव चौरावाला मे अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश महासचिव विरेन्द्र उर्फ विनोद गुर्जर के आवास पर गुर्जर सम्राट मिहिरभोज की जयंती उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गयी।इस अवसर पर रफल सिंह, राजेंदर सिंह, सुरेंदर सिंह, जोगेंदर गुर्जर,शिवम गुर्जर,सूर्यांशु गुर्जर ने गुर्जर समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला । गांव ढांसरी में लोकेश गुर्जर के आवास पर गुर्जर सद्भावना सभा के तत्वावधान में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती मनाई गयी।भाजपा नेता अभिषेक चौधरी ने कहा कि मिहिरभोज प्रतिहार राजवंश के सबसे महान राजा माने जाते है। इन्होने लगभग 50 वर्षो तक राज्य किया था। इनका साम्राज्य अत्यन्त विशाल था और इसके अन्तर्गत वह क्षेत्र आते थे जो आधुनिक भारत के राज्यस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियांणा, उड़ीसा, गुजरात, हिमाचल आदि राज्य हैं। वहीं गांव ढासंरी में राष्ट्रीय गुर्जर महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र चौधरी ने गांव में पहुंच कर गंगनहर पटरी पर लगी गुर्जर सम्राट मिहिरभोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। उन्होंने कहा कि भोज प्रथम अथवा शमिहिरभोजश गुर्जर प्रतिहार वंश का सर्वाधिक प्रतापी एवं महान् शासक था। उसने पचास वर्ष द्ध850 से 900 ई.ऋ पर्यन्त शासन किया। उसका मूल नाम शमिहिरश था। वहीं गांव जडवड में राजेंद्र सिंह के आवास पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिला प्रभारी मा रिषिपाल के नेतृत्व में प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई।ओ पी चौहान, पुष्पेन्द्र कुमार प्रधान मामचंद, रघुबर, अंकुर भाटी,मां पवन, विक्रम सिंह, सचिन कुमार, अजित सिंह, ब्रजपाल सिंह,आदि उपस्थित रहे।

# जानसठ में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जयंती धूमधाम से मनाई गई

**जानसठ।** गुर्जर सम्राट मिहिर भोज ट्रस्ट की ओर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जयंती आदर्श कॉलोनी में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गुर्जर समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और युवाओं ने भाग लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु तोमर ने कहा कि गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के पराक्रम का दुनिया ने लोहा माना है। उन्होंने न्यायप्रिय शासन किया और देश के अधिक. ांश भूभाग पर उन्होंने बहुत लंबे समय तक शासन किया। डॉ रणवीर सिंह ने समाज को एकजुट होकर शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए काम करने का आह्वान किया।

मंगलवार को कस्बे की आदर्श कॉलोनी मे इलम चन्द गुर्जर के आवास पर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती के उपलक्ष्य में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज ट्रस्ट द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजित की गई। इस दौरान बैठक मे सम्राट मिहिर भोज के आदर्शों को याद करना और वर्तमान समय में उनके महत्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट मिहिर भोज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। वहीं दूसरी ओर स्थानीय खंड विकास कार्यालय के मुख्य गेट जो गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के नाम से है। उक्त गेट पर युवाओं द्वारा माल्यार्पण किया गया इस दौरान भाजपा नेता अभिषेक चौधरी ने भी पहुंचकर युवाओं का उत्साह वर्धन किया। इसके अलावा ढासरी गांव में अर्जुन सिंह के आवास पर राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौधरी द्वारा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर, समाज के प्रमुख वक्ताओं ने सम्राट मिहिर भोज के शौर्य, उनके विशाल साम्राज्य, और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।बैठक में हर्षित प्रधान,पुष्पेंद्र गुर्जर, ओ.पी चौहान, वेदपाल गुर्जर ,मंगल सिंह गुर्जर ,हर्षित प्रधान, विवेक भड़ाना, तुषार भड़ाना, गौरव बैंसला, आशीष भड़ाना, विकास भड़ाना ,आकाश कल्शयान , अंकुर बसुटा, आशु भड़ाना ,अभिषेक भड़ाना, आर्यन भड़ाना ,दीपांशु बुटार, गौरव नागर, अंकित भड़ाना,शिवम् नागर , गौरव भड़ाना, उत्सव गुर्जर ,सागर भड़ाना ,गोलू गुर्जर, देशराज कल्शयान , आदि उपस्थित रहे।

# मदीनपुर में लगा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**बुढ़ाना।** आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मौहम्मद अरशद शाह ने आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर मे् नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगवाया।

इस शिविर में 155 रोगियों की जांच हुई तो 12 मरीज ऑपरेशन के लिए रैफर किए गये। यह शिविर मरहूम मौहम्मद सलीम के आवास पर लगाया गया। इस अवसर पर आई केयर आई हास्पिटल नोएडा के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 155 नेत्र रोगियों की जांच की। शिविर में पाए गए रोगियों में से 12 मरीजों को मोतिया बिंद के ऑपरेशन के लिए नोएडा रेफर किया गया और साथ ही सभी मरीजों को दवाइयां और चश्मे नि:शुल्क प्रदान किए गए। ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मोहम्मद अरशद शाह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे। नज़र की रोशनी सिर्फ आँखों की नहीं बल्कि जीवन की भी रोशनी है। इसी सोच के साथ हमारा ट्रस्ट प्रत्ध्येक मंगलवार को नियमित शिविर आयोजित करेगा ताकि कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति अंधकार में न रहे। गांववासियों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा का मजबूत संदेश देते हैं। सहयोग देने मे मास्टर मुनीर, इसरार, इश्तेकार, राकेश, डॉक्टर आदेश, मुर्सलीम, यासर खान, शोकीन सलमानी, अय्यूब, प्रदीप, पूरन और हारून अहमद आदि गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# इंटर स्कूल शतरंज: खेल प्रतियोगिता में शारदेन स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**मुजफ्फरनगर।** होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल शतरंज खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग स्कूलों से छात्र-छात्राएं शतरंज में भाग लेने के लिए पहुंचे। सभी ने अपने-अपने हुनर दिखाएं। इस प्रतियोगिता में शारदेन स्कूल की छात्रा अनिका गोयल व काव्या गोयल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और विहान बंसल, अथर्व बर्मन और दक्षित जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा राघव गर्ग, यश्मित और यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्रों ने अपनी शतरंज के खेल में अहम जगह बनाई और अपने स्कूल का नाम रोशन किया।शतरंज एक दिमागी खेल है जिसमें दो खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ़ 64-वर्गों वाले बोर्ड पर 16 मोहरों के साथ खेलते हैं। खेल का उद्देश्य अपने राजा को ष्शह और मातष् देना है, जिसका अर्थ है कि राजा पर हमला हो और वह किसी भी वैध चाल से खुद को बचा न सके। शतरंज एक जटिल खेल है जिसमें रणनीति, योजना और धैर्य की आवश्यकता होती है।

स्कूल के प्रबंधक विश्व रतन एवं प्रधानाचार्य धारा रतन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बि्वास दिलाया कि विद्यार्थी एवं खेल अध्यापकों को हमारी तरफ से पूर्ण सहयोग मिलेगा और भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डायरेक्टर महोदय ने सभी को कठिन परिश्रम के साथ निरंतर अपने जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# बाइक लुटेरा 4 घंटे में हुआ मुठभेड़ में जख्मी

**बुढ़ाना।** किसी व्यक्ति की बाइक लूटने वाला एक लुटेरा लूट की घटना से गुस्साई बुढ़ाना पुलिस के हत्थे कांबिंग करने के दौरान कुल चार घंटों में ही चढ़ गया। पुलिस ने गोली मारकर लुटेरे को लंगड़ा कर पकड़ लिया जबकि उसके दो साथी जंगलों के रास्ते भाग जाने में सफल रहे। इस मुठभेड़ और घटना की पूरी जानकारी एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सीओ गजेंद्र पाल सिंह से फोन पर ली। कोतवाली क्षेत्र में परासौली नहर के पास 3 लुटेरों ने बाइक सवार युवक को रोककर उसकी बाइक लूट ली और फरार हो गये। इसकी सूचना बाइक मालिक ने पुलिस को दी। पुलिस ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचकर बाइक लुटेरों की तलाश में क्षेत्र की नाकेबंदी कर सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बाइक पर सवार तीन युवकों को चौकिंग के चलते रुकने को कहा तो एक लुटेरे ने पुलिस टीम पर गोली चला दी।

जिसमें एक पुलिसकर्मी बाल बाल बच गया। पुलिस ने एक लुटेरे को गोली मार दी तो वह नीचे गिर गया जबकि उसके दो साथी बाइक छोड़ फरार हो गये। पूछताछ में लुटेरे ने अपना नाम रोबिन सिंह बताया और अपने दोनों फरार साथियों के नाम बताए। उधर पुलिस ने अन्य लुटेरों की तलाश शुरु कर दी है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय दाहौड़ में मनाया प्लास्टिक फ्री इंडिया कार्यक्रम

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय दाहौड में सोमवार को इको क्लब के तत्वावधान में प्लास्टिक फी इंडिया पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश चंद्र (बसंती नर्सिंग होम) रहे।बच्चों ने पोस्टरों के माध्यम से प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को दर्शाया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को डॉ. दिनेश चंद्र ने प्रमाण पत्र एवं स्टेशनरी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत बच्चों में अंशुमन, परिधि, राधिका, अनामिका और आराध्या शामिल रहे। इसी अवसर पर विद्यालय में पूर्व में आयोजित राखी प्रतियोगिता एवं कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

डॉ. दिनेश चंद्र ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी हैं और समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करती हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्यामसुंदरी ने किया जबकि राखी व कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का संयोजन पूनम ने किया। प्रधानाध्यापक चंद्रकांत सहगल ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान प्रवीण , मोहम्मद इसरार, रजनीश, कामिनी, शर्मिष्ठा सहित विद्यालय परिवार व ग्रामीण मौजूद रहे।



## भ से भेड़ नहीं, ड़ से भेड़.ये हम नहीं किताब कहती है...

# एलकेजी के मासूम बच्चों को गलत वर्णमाला पढ़ा रहे हैं शिक्षक

**आशीष सैनी**

**खतौली।** भ से भेड़ और प से पढ़ाई यह हर बच्चा सबसे पहले अपनी किताब में सीखता है। लेकिन खतौली कस्बे के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षा का यह पहला आधार ही गलत पढ़ाया जा रहा है। यहां एलकेजी कक्षा के मासूम बच्चों को दी गई 'शब्द माधुरी वर्णमाला' नामक पुस्तक में ह्ड़ से भेड़ह् और ह्ढ़ से पढ़ाईह् लिखा गया है। और सिर्फ इतना ही नहीं, शिक्षक भी छोटे बच्चों को यही गलत पढ़ा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सवाल उठना लाज़मी है कि जब शुरुआत ही गलत होगी तो बच्चे भविष्य में कैसे सही शिक्षा हासिल कर पाएंगे?

हमारी परंपरा में गुरु को भगवान से भी ऊपर माना गया है। गुरु वही है, जो शिष्य को सही राह दिखाए, उसे ज्ञान दे और अनुशासन सिखाए। लेकिन इस हाईटेक युग में स्कूल भले ही स्मार्ट क्लास और आधुनिक तकनीक का दावा करें, परंतु शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। मासूम बच्चों को वर्णमाला की जगह विकृत और गलत शब्द सिखाना, न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रश्नि. चह्न लगाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है।

पब्लिकेशन और स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप

अभिभावकों का कहना है कि कोर्स की किताबें एडमिशन से पहले ही दुकानों और स्कूलों तक पहुंच जाती हैं। उस समय भी यह देखने की जहमत कोई नहीं उठाता कि किताब सही छपी है या गलत। स्कूल संचालक केवल मोटी फीस वसूलकर बच्चों के बैग में किताब रखवा देते हैं।

इस पूरे मामले में पब्लिकेशन हाउस की जिम्मेदारी भी गंभीर है, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के गलत किताबें छापकर बच्चों तक पहुंचा दीं।

अभिभावकों का फूटा गुस्सा

गलत वर्णमाला पढ़ाए जाने की खबर जैसे ही अभिभावकों तक पहुंची, उनमें आक्रोश फैल गया।

एक अभिभावक ने कहा ह्हम बच्चों को लाखों रुपए खर्च कर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने भेजते हैं। लेकिन अगर वहीं उन्हें गलत ज्ञान मिलेगा तो फिर सरकारी स्कूल और प्राइवेट स्कूल में क्या फर्क रह जाएगा?ह् दूसरे अभिभावक का कहना था ख्र ह्हमारे छोटे बच्चे तो अभी पहचान भी नहीं सकते कि सही क्या है और गलत क्या है। अगर शुरुआत से ही उन्हें गलत पढ़ाया गया तो आगे चलकर उनके लिए सुधार पाना मुश्किल हो जाएगा।

शिक्षा विभाग से कार्रवाई की मांग

अभिभावकों ने मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के अधिका. रियों से की है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित स्कूल और प्रकाशक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

वहीं, शिक्षा विभाग के अधिका. रियों ने भी इस प्रकरण को गंभीरता से लेने की बात कही है और जांच का आ्वासन दिया है।

बच्चों का भविष्य दांव पर

सवाल यह है कि जब एलकेजी जैसे शुरुआती स्तर पर ही बच्चों को गलत शिक्षा दी जाएगी, तो उनका भविष्य कैसे उज्ज्वल होगा? क्या ऐसे बच्चे आगे चलकर डाक्टर, इंजीनियर या आईएएस-पीसीएस बन पाएंगे?

अभिभावक कहते हैं कि अगर ऐसी ही गलतियां होती रहीं तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।खतौली का यह मामला सिर्फ एक स्कूल या एक किताब तक सीमित नहीं है। यह पूरी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। जरूरत है कि शिक्षा विभाग और पब्लिकेशन हाउस इस पर तत्काल ध्यान दें और नौनिहालों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा में जुटी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव फुगाना में थाने के सामने मेरठ वाया करनाल हाइवे पर स्थित एक फार्म हाउस में जाट समाज के जिम्मेदार लोगों के द्वारा जम्मू और काश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की श्रद्धाजंलि सभा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सभी उपस्थित जन समूह ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की।

यहां पर शामली विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का एक कुशल राजनीतिक जीवन था। उन्होंने अपने जीवन को किसान और देश के लिए ही समर्पित किया। सडक से लेकर सदन तक उन्होंने किसानों की आवाजें उठाई। किसानों के हित में सरकारों से अपनी बात मनवाने का उनका अलग ही तरीका था। घर परिवार को छोडकर उन्होंने देश और समाज की सेवा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार सहरावत ने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटवाने में उनकी अहम भूमिका रही है। यह सत्यपाल मलिक की सूझबूझ का परिणाम है। बाबा श्याम सिंह ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का जीवन संघर्षपूर्ण रहा है।

वे अपने घर परिवार को छोडकर समाज की सेवा में लगे रहे। इस कार्यक्रम के आयोजक यशपाल मलिक ने कहा कि सत्यपाल मलिक का निधन देश और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्हें कभी नही भुलाया जा सकता। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, थांबेदार रविंद्र सिंह, बिजेंद्र लाटियान, विपिन मलिक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख महाराज घसिंह, अशोक कुमार, विकास मलिक, घ्ब्रजपाल मलिक और वीरपाल राणा आघदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस सफल भव्य कार्यक्रम का संचालन यशपाल मलिक द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नगर पालिका की बोर्ड बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों को मंजूरी

**ढाई साल बाद गुटबाजी खत्म, सभी सभासद एक मंच पर**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद में मंगलवार को आयोजित हुई बोर्ड बैठक ऐतिहासिक साबित हुई। ढाई साल बाद पहली बार सभी 25 वार्डों के सभासद एक साथ बैठक में पहुंचे और सर्वसम्मति से करोड़ों रूपए के विकास कार्यों पर मुहर लगाई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम एवं अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह ने की। बैठक में नगर पालिका के कर्मचारी, सभी सभासद,आदि लोग मौजूद रहे।बैठक में सभी सभासदों ने अपने-अपने वार्डों से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं। जिनमें मुख्य रूप से सड़क, नाली, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, जर्जर भवन, अतिक्रमण और प्रकाश व्यवस्था जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि विकास कार्यों में अब किसी प्रकार की राजनी. ति या गुटबाजी नहीं होनी चाहिए। बोर्ड बैठक में सभी सभासदों ने स्वतरू कर प्रणाली का विरोध करते हुए इसे तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की। इस पर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच समिति गठित करने और जल्द ही समाधान निकालने का आश्वासन दियासभासद जावेद खान ने कहा कि नगर में विकास कार्यों को गति देने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाना जरूरी है। उन्होंने मरकज मस्जिद के निकट मरकज चौक की स्थापना और फवारा लगाने की मांग रखी। सभासद अरुण गर्ग ने पालिका कर्मचारियों पर जनसुनवाई नहीं करने और सूचना उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया। जिस पर अध्यक्ष ने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनने के निर्देश दिए।

सभासद मुस्तफा जंग ने बाईपास मार्ग से रेलवे स्टेशन तक सोलर लाइट लगाने और रेलवे स्टेशन के समीप रैन बसेरे की स्थापना की मांग रखी।सभासद यशु सैनी ने अपने वार्ड में बाबा साहेब की प्रतिमा का सौंदर्यकरण और पेयजल सुविधा के लिए फीजर की मांग की।सभासद वकील अहमद ने नगर में जल निक. ासी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई जगह पुलिया जाम हो चुकी हैं, जिन्हें तत्काल बनवाकर समस्या का निस्तारण कराया जाए।

सभासद सादिक ने वार्ड 15 में पालिका की खाली पड़ी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटाकर खेल मैदान व जिम की स्थापना की मांग रखी।सभासद फारूक अंसारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद की कई जर्जर इमारतों में इस समय स्कूल संचालित हो रहे हैं, जो बच्चों की जान के लिए खतरा हैं। इन भवनों को गिराकर नई इमारतों का निर्माण आवश्यक है।इसी क्रम में सभासदों ने पूर्व में नगर की सफाई व्यवस्था के लिए खरीदी गई कूड़ा डालने की बाल्टियों में घोटाले का आरोप लगाते हुए जांच की मांग भी रखी।सभासद शाहरुख जंग समेत अन्य जनप्रति. निधियों ने भी अपने-अपने वार्डों की समस्याएं विस्तार से रखीं।बैठक के अंत में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने बताया कि सभी सभासदों की सहमति से लगभग चार करोड़ 62 लाख रूपए की लागत वाले विकास कार्यों को पास किया गया है। इसमें श्मशान घाट और कब्रिस्तान की चारदीवारी, सड़क निर्माण, नाली निर्माण और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कार्य प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा।बैठक में पालिका कर्मचारी अशोक कुमार, अकरम अंसारी, अमरेश कुमार, आरिफ खान, शैसिल मलिक, नदीम अहमद, भाजपा सभासद प्रदीप भार्गव, अफजल अली, मनीष गोयल, सभासद पति अनिल बोहरा, हारून राणा, वकील अली, विक्रांत डंगोरिया, मोहिद, इकराम अंसारी, नासिर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गुटबाजी खत्म, दिखी एकजुटता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत 25 वार्ड आते हैं। बीते ढाई सालों से सभासदों के दो गुटों में लगातार खींचतान बनी हुई थी। इस वजह से कई बार बोर्ड बैठकों का आयोजन हुआ लेकिन गुटबाजी और विवादों के कारण कोई ठोस निर्णय नहीं हो रहा था। मगर मंगलवार को आयोजित बैठक में ढाई साल बाद सभी 25 सभासद एकजुट हुए और सर्वसम्मति से करोड़ों रूपए के विकास प्रस्तावों पर सहमति जताई। यह कदम नगर के विकास की दिशा में बड़ा और सकारात्मक माना जा रहा है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हुईं कई छात्राएं बीमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा स्थित कस्तूरबा गांधी बालि. का विद्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही आधा दर्जन से अधिक छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई।

छात्राओं की बिगड़ती हालत देख विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया और तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस टीम ने सभी बीमार छात्राओं को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने छात्राओं की जांच कर प्राथमिक उपचार दिया। राहत की बात रही कि किसी छात्रा की हालत गंभीर नहीं थी। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। अचानक छात्रावास में पढ़ाई कर रही छात्रा इच्छा, कृष्णावी, नंदिनी, सोनिया, मनीषा, वर्षा, एवं पायल बीमार पड़ने से विद्यालय परिसर और छात्रावास में दहशत का माहौल बन गया, वहीं छात्राओं के अभिभावकों विद्यालय स्टाफ ने जानकारी दी। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में वायरल फीवर और अन्य मौसमी बीमारियों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। बीमार हुई छात्राओं को भी वायरल संक्रमण की समस्या थी।

सभी को समय पर दवा और आराम की सलाह दी गई है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को सतर्क बरतने एवं छात्राओं के खानपान और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की सलाह दी है।

विद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्रावास में रह रही अन्य छात्राओं की भी स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है और आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

# मकान में उतरा हाईटेंशन का करंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मोहल्ला सैदमीर में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जर्जर हाईटेंशन लाइन से अचानक मकान में करंट उतर गया, जिससे घर में मौजूद परिवार करंट की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। मोहल्ले वासियों ने विद्युत विभाग से जल्द समाधान करने की मांग की।

कस्बे की नाला पटरी से होकर हाईटेंशन लाइन गुजरती है। लक्ष्मण सिंह के मकान के ऊपर से बिजली के काफी कनेक्शन के केबिल भी गुजर रहे हैं। मंगलवार की सुबह अचानक लाइन में तेज करंट उतर गया, जिससे मकान में झटके महसूस हुए और परिजन घबराकर तुरंत बाहर निकल आए। गनीमत रही कि जानमाल की क्षति नहीं हुई।

घटना से गुस्साए मकान मालिक लक्ष्मण सिंह ने किसी तरह साहस दिखाकर मकान के ऊपर से गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन को उतारकर सड़क पर फेंक दिया। इसके बाद मोहल्ले वासी मौके पर जमा होकर आरोप लगाया कि इसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग से की गई, लेकिन विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। विभाग की लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ। अवर अभियंता सुरजीत सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिल चुकी है और जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## एक नजर

### गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में गणेश प्रतिमाएं बनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में गणेश प्रतिमाएं बनाई गई। मंगलवार को शहर के सत्यनारायण शिशु मंदिर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश प्रतिमाऐं बनाई।इस दौरान पिडीलाइट कंपनी से कुमारी रिया कुच्छल ने विद्यालय में उपस्थित रहकर कक्षा 5 के बच्चों को मिट्टी, रंगो, वेस्ट मटेरियल से गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कर भगवान गणेश के के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। उन्होने कहा कि भारत में गणेश चतुर्थी का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसके लिए घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा रखकर पूजन किया जाता है और बाद में गणेश चतुर्थी के दिन उसको गंगाजी में जाकर विसृजन किया जाता है।

### राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य राधा बाल्मिकि का आगमन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य राधा बाल्मिकि बुधवार को जनपद शामली के दौरे पर रहेंगी। 27 अगस्त की सुबह 10 बजे शामली पहुंचेंगी। इस दौरान वह जिले के सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों, डीपीआरओ, मंडी सचिवों, बीडीओ, सीएमओ, पीडब्ल्यूडी, सिडको और जल निगम द्धग्रामीण व शहरीत्र के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी।बैठक में स्वच्छाकार नियुक्ति एवं पुनर्वास अधिनियम-2013 द्धएमएस एक्टत्र के अनुपालन, सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा होगी। इसके अलावा जनपद की कुछ मलिन बस्तियों का भी दौरा करेंगी और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी।

### दो लोगों को मारपीट कर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव कसेरवाकलां में एक युवक को दो लोगों ने मारपीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि उक्त हमलावर दोनों लोग पीडित की पत्नी पर बुरी नियत रखते है, जिसका पीडित विरोध कर रहा था। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव कसेरवा निवासी मुकुल ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार को वह घर के बाहर गया था जब वापस लौटा तो गांव का ही बबलू व नीरज उसके मकान में पत्नी को बुरी नियत से देखने के लिए खडे हुए थे। जिसका उसने विरोध किया तो आरोप है कि उक्त दोनों ने उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मुबस्सिर पुत्र मसरूफ निवासी बराला कुकार हेडी थाना कैराना ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी दुकान गाड़ी वाला चौक पर स्थित है। शाम करीब 8 बजे उसकी मोटरसाईकिल उसी की दुकान के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोरो द्वारा चुरा लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जहानपुरा में गौ-चरान की भूमि को कराया कब्जामुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** राजस्व टीम ने गांव जहानपुरा में पहुंचकर गौ-चरान की करीब पचास मीटर भूमि को कब्जामुक्त करा दिया है। टीम ने भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को भी गिरा दिया। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार के नेतृत्व में गांव जहानपुरा में पहुंची। जहां पर टीम ने गौ-चरान की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की कार्यवाही शुरू की। कब्जाधारी द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा करके चहारदीवारी निर्मित की जा रही थी, जिसे टीम ने मजदूर आदि लगाकर गिरा दिया। टीम ने कब्जाधारी को सरकारी भूमि पर पुनः कब्जा करने पर सख्त कार्यवाही के लिए चेताया है। इस दौरान हलका लेखपाल व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज का कहना है कि गांव जहानपुरा में गौ-चरान की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसे टीम भेजकर हटवा दिया गया है।

# दो सगे भाईयों सहित चार युवकों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आपसी झगड़े में सुलह कराने आए युवक पर चार युवकों ने तेजधार हथियार से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मौहल्ला इकरामपुरा निवासी मुबारिक पुत्र इदरीस ने कोतवाली पर तहरीर देकर दो सगे भाईयों समेत चार युवकों पर अपने भाई के ऊपर तेजधार हथियारों से जनलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। बताया है कि उसका भाई मोहसिन पुत्र इदरीस दोपहर के समय अपनी स्प्लेंडर बाईक पर सवार होकर मौहल्ला आर्यपुरी में स्थित अपने चाचा कासिम के घर पर गया था। जहां पहले से ही किसी बात को लेकर दो पक्षों सलमान व साहिल निवासीगण मोहल्ला आर्यपुरी के बीच झगड़ा हो रहा था। विवाद बढ़ने के बाद मेरा भाई भी अंदर मकान से बाहर आ गया और झगड़ रहे लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत करने का प्रयास करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान बीच-बचाव के लिए आगे आए मोहसीन के साथ दो सगे भाईयों समेत चार युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने हाथ में लिए तेजधार हथियारों से उसके सिर पर वार कर दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की हैं। मामले में पुलिस ने जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

# यमुना में डूबे युवक का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तीन दिन पूर्व यमुना नदी में डूबे राजस्थानी युवक का कोई सुराग नही लगा है। वहीं, एनडीआरएफ की टीम ने डूबे युवक की तलाश में लगातार दूसरे दिन भी यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया। हालांकि दिनभर के सर्च अभियान के बाद भी कोई सफलता हाथ नही लगी है।

विगत शनिवार को प्रात: करीब साढ़े 11 बजे राजस्थान राज्य के जनपद जयपुर की तहसील शाहपुरा के गांव गोविंदपुरा बासडी निवासी रामेश्वर मीणा (26) सेल्फी लेते वक्त पैर फिसलकर यमुना में समा गया था। युवक अपने दोस्तों के साथ में अमावस्या का भोग चढ़ाने के लिए यमुना नदी पर आया था। हादसे के बाद से ही युवक की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। विगत सोमवार को गाजियाबाद से इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के नेतृत्व में पहुंची नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्सद्धएनडीआरएफत्र की आठवीं बटालियन की आठ सदर्स्यीय टीम ने युवक की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया था, लेकिन कोई सफलता हाथ नही लगी थी। प्राइवेट गोताखोरों के भी एड़ी-चोटी का जोर लगाए जाने के बावजूद यमुना में डूबे युवक का कोई अता-पता नही है। यमुना में सामान्य से अधिक पानी बहने की वजह से भी गोताखोर डूबे युवक तक नही पहुंच पा रहे है। एनडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को भी युवक की तलाश में यमुना नदी में कई घंटे सर्च अभियान चलाया, लेकिन परिणाम शून्य रहा। वहीं, यमुना ब्रिज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार का कहना है कि युवक की तलाश में एनडीआरएफ की टीम के द्वारा यमुना नदी में कई घंटे सर्च अभियान चलाया गया है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नही मिली है।

# व्यापारियों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा ने व्यापारियों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। वह अपने प्रदेशभर के दौरे के दौरान शामली पहुंचे थे, जिनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

बुधवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा व क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता शामली पहुंचे। जहां जिला संयोजक वैभव गोयल के साथ दर्जनों व्यापारियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वेदेशी जन जागरण अभियान पूरे प्रदेश में तेजी से चलाया जाएगा। जिसमें एक सितंबर से 15 सितंबर तक डोर टू डोर जोर स्वदेशी के लिए हस्ताक्षर अभियान चलेगा। 15 से 25 सितंबर तक बाजारों में पोस्टर अभियान चलाया जाएगा। तीसरे चरण में 25 से 25 अक्टूबर तक पूरे एक माह चौपाले तथा बैठके आयोजित कर लोगों को स्वदेश के लिए जागरूक करेगे। उसके बाद 25 अक्टूबर से एक दिसंबर तक व्यापारी सम्मेलन, गोष्ठी आयोजित कर व्यापारियों को जागरूक करने का काम किया जाएगा। उन्होने आहवान किया कि जिलेभर के व्यापारी अपने दुकानों के बाहर स्वदेशी का पोस्टर भी लगाए। ताकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीन से दिए गए स्वदेशी अपनाने के संदेश को साकार किया जा सके। इस अवसर पर विशाल गुप्ता, संजीव कुमार, प्रमोद, कमल बंसल, सचिन कुमार, रितेश, संजय गोयल, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय अग्रवाल समाज युवा ट्रस्ट की कार्यकारणी घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर शाम सोमवार को हनुमान धाम के अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज युवा ट्रस्ट की कार्यकारणी युवा संरक्षक रवि संगल, सुधीर मित्तल, ट्रस्ट चेयरमैन प्रवीण गोयल हैप्पी, अध्यक्ष रॉबिन गर्ग, निवर्तमान युवा अध्यक्ष राघव गर्ग वह वैभव गोयल, रवि गर्ग के नेतृत्व में घोषित की गई मंच संचालन शिवांक गर्ग द्वारा किया गया जिसमें युवा अध्यक्ष मुदित गोयल, महामंत्री आकाश गोयल रेलपार, कोषाध्यक्ष आयुष गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष शिवम् गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वंश गर्ग, उपाध्यक्ष शिवम् गुप्ता, शिवांश गुप्ता, मंत्री आकाश संगल, सचिव निखिल गोयल, संगठन मंत्री वश संगल,अमन गर्ग,उत्कर्ष गर्ग,आयुष गर्ग प्रचार मंत्री रजत गोयल,हर्ष मित्तल, निकुंज गर्ग, मीडिया प्रभारी अर्चित गोयल,दीपक गोयल, शुभकामना प्रभारी कृष्णा मित्तल, लेखा निरीक्षक भव्य संगल, सदस्य आयुष्मान गर्ग,अनमोल संगल , वासु जिंदल,शिवम् गर्ग आदि को सदस्य बनाया गया इस अवसर पर ट्रस्ट चेयरमैन प्रवीण गोयल हैप्पी ने बताया कि आगामी आने वाली 21 सितंबर को एक शाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम एक भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसमें युवा टीम बड़े जोर शोर से कार्य करेगी और अध्यक्ष रॉबिन गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज को मजबूत करना है सभी को साथ लेकर चलना है और नई कार्यकारिणी पूरे समर्पण और एकजुटता के साथ कार्य करेगी संरक्षक रवि संगल ने कहा कि अग्रवाल युवा सभा सदैव समाज सेवा और सामाजिक उत्थान के कार्यों के लिए समर्पित रही है वर्तमान अध्यक्ष मुदित ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सेवा कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी और सचिव आकाश गोयल रेलपार ने कहा कि संगठन पदाधिकारियों ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसे में पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए संगठन से युवाओं को जोड़ने का कार्य करूंगा सभी को साथ लेकर समाज उत्थान की दिशा में कार्य करूंगा।

# सम्राट मिहिर भोज जयंती धूमधाम से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव तीतरवाड़ा में सम्राट मिहिर भोज की जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता व शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों व रूढ़िवादिता से भी दूरी बनाने का आ]वान किया।

मंगलवार को क्षेत्र के गांव तीतरवाड़ा में स्थित गुर्जर चौपाल प्रांगण में सम्राट मिहिर भोज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ एवं सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी सुरेश चौहान व संचालन भाजपा के पूर्व मंडलाध्यक्ष जगदीश तीतरवाड़ा ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने आपसी समरसता एवं भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने समाज में शिक्षा की जागरूकता बढ़ाने तथा व्याप्त कुरीतियों व रूढ़िवादी विच. ारधारा को दूर करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनिल चौहान, भाकियू नेता गुरदीप चौधरी, ब्लॉक प्रमुख हर्षल चौधरी, मास्टर पाल आर्य, राजपाल प्रधान, जगरोशन प्रधान, राजेश प्रधान, प्रभु प्रधान, संदीप प्रधान, पप्पू प्रधान, अतेंद्र प्रधान, राहुल कैराना, दीपक जगनपुर, रूपेश कण्डेला आदि मौजूद रहे।

# अपहरण के आरोप में दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर अपनी नाबालिग किशोरी के अपहरण करने के आरोप में एक नामजद सहित एक अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि गत रविवार की दोपहर मुन्ना नामक युवक स्प्लेंडर बाइक के साथ एक अज्ञात युवक के साथ पहुंचा और बहला-फुसलाकर जबरदस्ती उसका अपहरण करके अपने साथ ले गए। आरोप है कि घर में रखा जेवरात व एक लाख की नकदी भी गायब है। तहरीर में कहा गया है कि इस अनैतिक कार्य में मोहल्ले के ही एक दंपत्ति ने दोनों युवकों का सहयोग किया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चेकिंग के दौरान जनपद का टॉप टेन बदमाश अवैध हथियार सहित गिरफ्तार



## पकड़े गए आरोपी पर गोकशी, गैंगस्टर, हत्या के प्रयास, पुलिस मुठभेड़ सहित आठ मुकदमे हैं पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान जनपद के टॉप टेन बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

एसपी के आदेश पर गंगेरू पुलिस चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह भाटी क्षेत्र के गांव जिडाना नहर पुलिया पर संदिग्ध वाहनों एवं संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की तो संदिग्ध व्यक्ति पास ही स्थित एक ईख के खेत में कूद गया और भागने का प्रयास किया। पुलिस ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी व्यक्ति को घेर कर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम साजिद पुत्र नगीना निवासी गांव गढ़ी दौलत थाना कांधला बताया है। पकड़ा गया अभियुक्त जनपद शामली का टॉप टेन बदमाश है। जिस पर गोकशी, पुलिस मुठभेड़, गैंगस्टर, हत्या के प्रयास सहित आठ मुकदमे पंजीकृत है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़ा गया अभियुक्त जनपद का टॉप टेन बदमाश है। पकड़े गए बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

# असंतुलित होकर ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलटा, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार तड़के आ रही बूंदाबांदी के दौरान सड़क के बीच बना डिवाईडर दिखाई न दिए जाने से ट्रक असंतुलित होकर डिवाईडर पर चढकर पलट गया। हादसे में जहां ट्रक में लाखों रूपये का नुकसान हुआ है वही चालक बाल बाल बच गया। दिन निकलने पर ट्रक को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया।

मंगलवार तडके करीब 3 बजे छुटमलपुर निवासी ट्रक चालक युसुफ अपने ट्रक में किरायाना का माल भरकर शामली के अजंता चौक स्थित न्यू जनता ट्रांस्पोर्ट कंपनी के लिए आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह शामली के दिल्ली रोड स्थित मदरसे के निकट पहुंचा तो इसी दौरान बूदाबांदी आने और सामने से तेज



लाईट का ट्रक आने से उसका संतुलन बिगड गया और सडक के बीच बना डिवाईडर दिखाई न देने से ट्रक डिवाईडर पर चढकर पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे और ट्रक ड्राईवर को बाहर निकाला गया। जिसमें वह बाल बाल बच गया। हादसे के चलते ट्रक में करीब दो लाख रूपये का नुकसान हुआ है। दिन निकलने से ट्रांस्पोर्ट संचालक नरेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और ट्रक को खाली कराकर जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। ट्रक सडक पर पडा होने से एक ओर का यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था। जिसको देखते हुए ट्रेफिक पुलिसकर्मियों द्वारा काफी मशक्कत करनी पडी। वही आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि डिवाईडर पर यातायात पुलिस द्वारा रिफ्लेक्टर नही लगाए गए है, जो रात्रि में डिवाईडर दिखाई न देने से आए दिन हादसे हो रही है।

# प्रशासन ने ध्वस्त कराई एनएचएआई की जमीन पर खड़ी दीवार

## कब्जाधारियों ने एनएचएआई, सरकारी चकरोड व नाली तथा विधवा औरत व उसके पुत्र की भूमि पर अवैध कब्जे करके खड़ी कर दी थी दीवार, सहारनपुर मंडलायुक्त से शिकायत के बाद तहसील प्रशासन द्वारा की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही, मामले में 28 अगस्त को एडीएम शामली को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा तहसील प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील प्रशासन ने कण्डेला-टपराना आउटर रिंग रोड पर गांव शेखूपुरा में स्थित एनएचएआई, सरकारी चकरोड व नाली तथा विधवा औरत व उसके पुत्र की भूमि पर अवैध कब्जा करके खड़ी की गई दीवार को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया है। सहारनपुर मण्डलायुक्त के यहां शिकायत के बाद तहसील प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की है। एसडीएम व तहसीलदार ने तीन दिन पूर्व मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश कराई थी। प्रशासन की कार्यवाही से कब्जाधारियों में हड़कंप मचा है।



कैराना तहसील क्षेत्र के कण्डेला-टपराना आउटर रिंग रोड पर गांव शेखूपुरा में स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की जमीन पर कुछ कब्जाधारियों ने अवैध रूप से कब्जा करने के बाद मिट्टी भराव कराकर दीवार खड़ी कर दी थी। अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन में गांव शेखूपुरा निवासी विधवा औरत बालेश व उसके पुत्र अनुज तथा सरकारी चकरोड व नाली की भूमि भी शामिल है। हलका लेखपाल व कानूनगों पर कब्जाधारियों से मिलीभगत का आरोप है। मामले की शिकायत एसडीएम कैराना से की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। इस पर, विधवा महिला बालेश ने विगत 12 अगस्त को सहारनपुर मंडलायुक्त से मामले की शिकायत की थी, जिस पर मंडलायुक्त ने एडीएम शामली (वित्त एवं राजस्व) को तहसीलकर्मियों से तटस्थ पूरे मामले की गहन जांच करने के निर्देश दिए थे। वहीं, एडीएम शामली ने तहसील प्रशासन को 28 अगस्त तक स्पष्ट दस्तावेज व तथ्यों के साथ में अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसी के मद्देनजर विगत शनिवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन चौहान ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ में मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश कराई थी। मंगलवार को तहसीलदार अर्जुन चौहान के नेतृत्व में राजस्व, एनएचएआई व पुलिस विभाग की टीम जेसीबी मशीन के साथ में मौके पर पहुंची। जहां पर उन्होंने दीवार के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कराई। बताया जा रहा है कि टीम ने कब्जाधारियों द्वारा खड़ी की गई दीवार को गिराकर एनएचएआई, सरकारी चकरोड व नाली तथा विधवा महिला व उसके पुत्र की भूमि को कब्जामुक्त करा दिया। टीम ने कब्जाधारियों को कब्जा की गई जमीन से दीवार का मलबा हटाने को कहा है। साथ ही, पुन: कब्जा किए जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। वहीं, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज का कहना है कि तहसीलदार के नेतृत्व में एनएचएआई और राजस्व की टीम को मौके पर भेजा गया है। टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

**आखिर कब्जाधारियों ने किसकी शह पर खड़ी की थी दीवार?**

कण्डेला-टपराना आउटर रिंग रोड पर गांव शेखूपुरा में स्थित एनएचएआई, सरकारी चकरोड व नाली तथा विधवा औरत व उसके पुत्र की भूमि पर कब्जाधारियों ने अवैध कब्जा करके दीवार खड़ी कर दी थी, जिसे मंगलवार को तहसील प्रशासन ने जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया। हलका लेखपाल व कानूनगों पर कब्जाधारियों से मिलीभगत करके दीवार खड़ी करने का आरोप है। हालांकि सवाल उठ रहे है कि क्या सिर्फ हलका लेखपाल व कानूनगों की शह पर कब्जाधारी दीवार खड़ी करने का दुस्साहस कर सकते है? मण्डलायुक्त ने एडीएम शामलीद्धवित्त एवं राजस्वत्रः को तहसीलकर्मियों से तटस्थ मामले की गहन जांच-पड़ताल करने के निर्देश दिए है, जिसमें तहसील प्रशासन द्वारा आगामी गुरुवार को अपनी रिपोर्ट तथ्यों एवं कार्यवाही के साथ एडीएम के समक्ष प्रस्तुत की जानी है। ऐसे में एडीएम की जांच में दोषी पाए जाने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही तय मानी जा रही है।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में दो घायल, एनसीआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों लोगों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव हनुमानपुर निवासी मीनू पुत्र भोपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का पुत्र प्रशांत मेरठ से दवाई लेकर अपने घर को लौट रहा था। जैसे ही पीड़ित का पुत्र गांव में पहुंचा तो आरोप है कि गांव के ही योगेंद्र, मनीष व अन्नू ने पीड़ित के पुत्र के साथ गाली गलौज कर दी। पीड़ित के पुत्र ने विरोध किया तो तीनों लोगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर पीड़ित के पुत्र को घायल कर दिया। पीड़ित ने अपने पुत्र का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर इंद्रपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का पुत्र मनीष खेत से अपने घर आ रहा था।आरोप है कि रास्ते में प्रशांत व निशांत ने पीड़ित के पुत्र पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित का पुत्र घायल हो गया। पीड़ित ने अपने पुत्र का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है।

# विवाहिता से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विवाहिता शालू निवासी डेरा भगीरथ ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब डेढ वर्ष पहले छोटू पुत्र सुभाष निवासी रंगाना के साथ हुई थी। तब से प्रार्थिया के सुसराल वाले पति छोटू, ससुर सुभाष, जेठ बबलू व चाचा ससुर राहुल निवासीगण रंगाना गाली गलौच व मारपीट करते आ रहे है। मोटरसाईकिल व पैसे की मांग करते आ रहे है तथा दहेज के लिए प्रताडित करते है। 17 अगस्त को 9 बजे रात्रि में सभी ने मिलकर पीड़िता को गाली गलौच करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिससे पीड़िता के काफी चोट लग गई है। पीड़िता ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दो माह तक जिले में चलेगा एचआईवी व एड्स जागरूकता अभियान: डीएम

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एचआईवी एड्स विषयक जागरूकता अभियान के अंतर्गत अन्य विभागों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया।

आयोजित कार्यक्रम जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने माइक्रो प्लान बनाकर कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए साथ ही जो भी जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम होगा उसका प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन कराने के भी भी निर्देश दिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डा. विनोद कुमार द्वारा




जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद शामली मे अग्रिम दो माह तक सघन एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान चलाया जाना है जिसके लिए माइकोप्लान तैयार किया गया है। यहां पर डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीमे (एचआईवी काउन्सलर, आशा, आगंनवाडी एवं आरबीएसके टीम वोलेन्टयर्स आदि) गठित कर घर-घर जाकर एचआईवी एड्स बचाव, रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

जिसके अन्तर्गत प्रत्एक चिन्हित ग्राम पंचायत मे भ्रमण किया जाना है एवं स्कूल व कालेजो मे आउटरीच गतिविधि के आयोजन हेतु कैम्प लगाए जाएगे एवं एक जागरूकता रैली कार्यक्रम को शुरू करने से पूर्व की जाएगी एवं जिला चिकित्सालय मे विशेष कैम्प, जनपद के बस स्टेण्ड पर फ्लेशमॉब गतिविधि डीएम के दिशा- निर्देशों के अनुसार माइकोप्लान तैयार कर उपरोक्त सभी गतिविधियो को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जाएगा।

जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे जनपद मे 285 उपचारित रोगी शामली लिंक ए।आर।टी। से उपचार ले रहे है एवं 750 मरीज एड्स से सकमिंत रोगी मु.नगर ए आरटी सेन्टर से इलाज पर है। जनपद में जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सामु. स्वा. केन्द्र शामली पर एचआईवी की जांच किए जाने हेतु निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। जनपद मे जांच मे धनात्मक पाए गए रोगियो को मुद्गनगर स्थित ए।आर।टी। सेन्टर इलाज हेतु रेफर किया जाता है। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,डाद्ग अतुल बंसल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. जाहिद अली त्यागी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डाद्ग अथर जमील, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य विभागो के अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# काबड़ौत पुल पर ब्लैक स्पोट्स पर सुधारात्मक कार्य कराने के एनएचएआई को डीएम के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर,व संकेतक लगाने के निर्देश के साथ ही उन ब्लैक स्पोट्स,जिन पर अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं वहां पर विशेष रूप से सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही अतिक्रमण पर भी कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग, मेरठ करनाल राष्ट्रीय राजमार्ग, मेरठ करनाल राष्ट्रीय राजमार्ग, दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग ब्लैक स्पोर्ट्स पर सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश एचएआई को दिए साथ ही विशेष रूप से काबड़ौत पुल पर सुधारात्मक कार्य के निर्देश दिए।

बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बनत बाईपासध्बलवा बाईपास पर प्रस्तावित फ्लाई ओवर के निर्माण के स्वीकृत कार्य में तेजी लाने के निर्देश एन।एच।ए।आई।को दिए बताया गया टेंडर प्रक्रिया में है। बैठक में समीक्षा करते हुए माह जुलाई में दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होने पर एआरटीओ पर ट्रैफिक से रिपोर्ट प्राप्त का प्रस्तुत करने का निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए मानक के अनुसार यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश के साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी,अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोद्गनिद्गविद्ग, साहयक अभियंता दीपेंद्र जायसवाल,एआरटीओ शामली रोहित राजपूत, यातायात सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुत्रवधु ने नवजात बच्ची को विकलांग सास को थमाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चार माह से पति के साथ मायके रह रही थी पुत्रवधू,शामली हॉस्पिटल में डिलीवरी के बाद आज ही दिया था बच्ची को जन्म**

**कैराना।** कहते हैं कि मां की ममता से बढ़कर कुछ नहीं होता,एक मां के लिए उसकी संतान ही उसकी दुनिया होती है। लेकिन यहां एक पत्थर दिल मां ने नवजात को ठुकरा दिया और डिलीवरी के बाद धोखे से अपनी विकलांग सास को बुलाकर जिगर के टुकड़े को उसके सुपुर्द कर दिया। पीड़ित नवजात को लेकर अब कोतवाली में चक्कर काट रहे हैं।

मौहल्ला दरबार खुर्द रेतेवाला निवासी शकील ने अपने बेटे शाहनवाज की शादी लगभग 10 माह पूर्व मलकपुर निवासी समेदीन की पुत्री के साथ मुस्लिम रीतिरिवाज के अनुसार की थी।लगभग चार माह पूर्व गर्भवती पुत्रवधू अपने पति को लेकर अपने मायके चली गई थी और वहीं रहने लगी थी।आज द्धमंगलवारत्रः प्रात: प्रसव पीड़ा होने का बाद मायके पक्ष के लोग अपनी बेटी को लेकर शामली के सरकारी अस्पताल में पहुंचे थे,जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया।आरोप है कि पुत्रवधू के पिता ने ससुराल वालों को फोन करके तबियत खराब होने की बात कही।जिसके बाद आनन-फानन में ससुराल पक्ष की ओर से विकलांग सास अपनी एक पड़ोसन के साथ सरकारी अस्पताल पहुंची।इसी दौरान पुत्रवधू ने अपनी नवजात बच्ची को सास के सपुर्द करके उन्हें वहां से भाग दिया।पीड़ित विकलांग सास बिलखती नवजात को लेकर कोतवाली पहुंची और पुत्रवधू पर कार्यवाही की मांग की है।

# मनुष्य को सही रास्तों पर चलकर खुदा की बन्दगी करनी चाहिए: मौलाना मैराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मनुष्य अल्लाह के बताए रास्ते पर चलकर खुदा की बन्दगी करे और बुरे कार्यों से परहेज करे।तभी खुदा की नियमतें बरसती हैं। उक्त उदगार वार्षिक जलसे के दौरान हजरत मौलाना मैराजुल हसन कंधल. वी ने व्यक्त किए। सोमवार की देर शाम कैराना क्षेत्र के गांव रामड़ा में स्थित मदरसा तालीमुल कुरान हमीदिया के वार्षिक जलसे का आयोजन किया गया। जिसका संच. ालन मौलाना वासिल अलहुसैनी ने किया। जलसे को संबोधित करते हुए प्रख्यात आलिम-ए-दीन हजरत मौलाना मैराजुल हसन कांधलवी ने कहा कि इंसान अल्लाह के बताए रास्ते को मजबूती के साथ पकड़े रहे और



उसी के मुताबिक अपना जीवन व्यतीत करे। जिसके बाद ही अल्लाह की रहमतें बरसती हैं। उन्होंने कहा कि कुरान शरीफ में साफतौर पर लिखा है कि सबसे बेहतर इंसान वो है, जो कुरान सीखे और सिखाए।इस पवित्र पुस्तक में इंसान को सही रास्तों पर चलकर जिंदगी व्यतीत करने के बारे में बताया गया है,लेकिन आज मुसलमान सही रास्तों से भटक गया है और बुरे कार्यों में संलिप्त हो गया है,यही उसकी बर्बादी का सबसे मुख्य कारण है। अभी भी समय है कि हम अपने गुनाहों से तौबा करें और अल्लाह के बताए रास्ते पर चलकर अपनी आखिरत संवारें।मुफ्ती तालिब ने कहा कि आज मुसलमानों अपनी दिशा से भटक कर गुनाहों की दलदल में धंसता जा रहा है। अमानत में खयानत करना एक रीतिरिवाज समझ लिया गया है,जो उन्हें बर्बादी की ओर लेकर जा रहा है। इसी बीच मदरसे में अध्ययनरत मोहम्मद शाहवेज, अब्दुल वाजिद, इश्तियाक अहमद व आफिया, जोया, सानिया व शादमा सहित 10 छात्र एंव छात्राओं को कुरान शरीफ पूरा करने पर उलेमाओं द्वारा दस्तार बंधी गई। कार्यक्रम को मौलाना जाहिद, मौलाना इलियास, कारी उस्मान व मौलाना उमर आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान कारी तालिब,मुफ्ती यामीन, मौलाना मुरसलीन,कारी शाहीन, मौलाना मुस्तफा आदि मौजूद रहे। अंत में मदरसे के संचालक कारी इकबाल ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया और मौलाना इलियास की दवाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गंदगी, आवारा पशु व कर प्रणाली को लेकर व्यापार मंडल सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल रजि। के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने पालिका अध्यक्ष हाजी नजमुल इस्लाम व अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर कस्बे की अव्यवस्थाओं पर कड़ा रोष जताया और तत्काल समाधान की मांग की।

उन्होंने पत्र में लिखा कि कस्बे में जगह-जगह गंदगी पड़ी हुई है, नालियां और नाले जाम पड़े हैं, जिससे बदबू फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नगरवासियों को आए दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से निजात दिलाने के लिए पालिका प्रशासन को तुरंत नालों व नालियों की सफाई करानी चाहिए। युवा उपाध्यक्ष ने कहा कि कस्बे में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक छाया हुआ है। आए दिन लोग इनके हमलों से परेशान हैं और बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर डर का माहौल बना हुआ है। व्यापार मंडल ने मांग की कि आवारा पशुओं को पकड़कर कस्बेवासियों को राहत दिलाई जाए।इसके साथ ही रोहित गुप्ता ने स्वत कर प्रणाली को बंद करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि कस्बे के व्यापारियों का कारोबार पहले से ही मंदी की मार झेल रहा है, ऐसे में अतिरिक्त कर प्रणाली लागू करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन एक विशेष कमेटी गठित करे, जिसमें व्यापारियों को भी शामिल किया जाए, ताकि उनकी राय से कस्बे के विकास और समस्याओं के समाधान में मदद मिल सके।इस दौरान दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कंसल, मोहनलाल चावला, नरेश सैनी, राजीव शर्मा, तरुण कंसल और मेहरचंद सिंघल सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान की हृदयघात से हुई मौत, छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** ग्राम प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष व ग्राम बराला के पूर्व प्रधान मुन्फैत चौधरी की 54 वर्ष की आयु में हृदयघात के चलते अचानक दुखद मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक व सामाजिक लोगों ने उनके आवास पर पहुचंकर परिजनों को सांत्वना दी। क्षेत्र के गांव बराला निवासी समाजसेवी पूर्व प्रधान चौधरी मुन्फैत (54) को अचानक हृदयघात होने के बाद हालत बिगड़ गई थी। परिजन उन्हें लेकर आनन-फानन में कस्बे के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे,प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें यहां से करनाल के लिए रेफर कर दिया गया था।करनाल ले जाते समय उनकी रास्ते में ही दु:खद मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।बड़ी संख्या में राजनेतिक व सामाजिक लोग सांत्वना देने के लिए उनके आवास पर पहुंचे।सूचना पर कैराना विधानसभा से विधायक चौधरी नाहिद हसन व सांसद इकरा हसन भी उनके आवास पर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी।बताते चलें कि चौधरी मुन्फैत दो बार गांव बराला के ग्राम प्रधान के साथ-साथ ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। प्रधान अपने पीछे पत्नी,तीन बेटे व एक बेटी छोड़ गए हैं। नम आंखों के साथ उन्हें निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है।

# जीवन में स्पष्ट लक्ष्य होना जरूरी: विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मंगलवार को मुनि 108 विव्रत सागर ने अपने प्रवचन में जीवन में लक्ष्य की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिना लक्ष्य के व्यक्ति में न तो उत्साह रहता है और न ही पौरुष। चाहे लेटना हो, बैठना हो या चलना, हर कार्य के लिए प्रयास आवश्यक है और यह प्रयास तभी सार्थक बनता है जब जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया गया हो। मुनिराज ने कहा कि प्राचीन समय में मंदिरों और गुरुओं तक पहुंचना अत्यंत कठिन था। विद्वान पंडित बनारसी दास जैसे व्यक्तियों को भी गुरु दर्शन का अवसर नहीं मिला और वे शास्त्रों का अध्ययन कर ही गुरुओं की कल्पना करते थे। समय के साथ जब यात्रा सुलभ हुई और गुरु स्वयं समाज के बीच पहुंचने लगे, तो धार्मिक सभाओं में लोगों की संख्या बढ़ी। लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत होती जा रही है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि आज लोग मंदिरों और गुरुओं से दूर होते जा रहे हैं। जो आते भी हैं, उनमें उत्साह का अभाव दिखाई देता है। प्रवचन और शांतिधारा के समय लोगों को बार-बार बुलाना पड़ता है, वहीं अनुशासनहीनता के कारण गंभीर चर्चाओं में भी बाधा उत्पन्न होती है। मुनिराज ने कहा कि धर्म से जुड़ाव घटने और धार्मिक गतिविधियों में उदासीनता के कारण समाज में अलगाव और निष्क्रियता बढ़ रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म में गहरी आस्था और उत्साह के साथ जुड़ने का आ]वान किया।

# वृद्धा की गला रेतकर की हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जंगल से घांस लेने गई वृद्धा की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फेल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि वृद्धा की हत्या क्यों और किसने की, पुलिस इसकी बारीकी से छानबीन में जुटी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर टांक निवासी 75 वर्षीय विद्या देवी पत्नी जिला सिंह कश्यप मंगलवार की सुबह अपनी पुत्रवधु शिक्षा पत्नी लोकेंद्र और पोत्रवधु मुनेश पत्नी प्रवीन के साथ जंगल से घांस लेने के लिए गई थी। बताया जाता है कि सुबह करीब 11 बजे वृद्धा ने अपनी पुत्र और पोत्र वधु को घांस लेकर वापस भेज दिया जबकि खुद कुछ देर बाद आने की बात कही। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी वृद्धा वापस नहीं लोटी जिसके बाद परिजन वृद्धा को तलाश करने के लिए जंगल पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके पेरों तले जमीं खिसक गई। वृद्धा का शव गांव के ही रहने वाले लियाकत के खेत में लहुलुहान हालत में पड़ा हुआ था। गला रेतकर वद्धा की हत्या कर दी गई थी। वृद्धा की हत्या की खबर से गांव में सनसनी फेल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वृद्धा की हत्या क्यों और किसने की इसके बारे में पता नहीं चल पाया है। वहीं, कोतवाल नरेंद्र शर्मा ने बताया कि 75 वर्षीय महिला विद्या देवी का शव गांव रसूलपुर टांक के निकट जंगल में पड़ा हुआ मिला है। वृद्धा की मौत कैसे हुई इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। घटना के संबंध में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।





## कार की चपेट में आने से युवक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कार की टक्कर से सड़क से गुजर रहा युवक घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सैंटर रेफर कर दिया गया।

दिल्ली-देहरादून हाईवे पर कार की टक्कर से सड़क से गुजर रहा मकबरा गांव निवासी 22 वर्षीय रजनीश घायल हो गया। जिसे पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक रजनीश किसी काम से हाईवे पर गया था, वह जब उपकारागार के सामने पहुंचा तो पीछे से आई कार ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# लक्ष्य के बिना तरक्की नहीं कर सकते: वकील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** इस्लामिया डिग्री कॉलेज देवबन्द में बीबीए, बीसीए में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराने के लिए आयोजित कार्यक्रम में शिक्षको द्वारा मार्गदर्शन किया गया।

इस्लामिया डिग्री कॉलेज देवबन्द प्रागण में बीबीए, बीसीए विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं को संस्था में अनुशासन बनाए रखने के साथ ही कॉलेज की संस्कृति व शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराया गया। विभागाध्यक्ष खालीदा जोया ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्र-छात्राओं को कॉलेज के माहौल, विश्व विद्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की जानकारी देना हैं। ताकि विद्यार्थी अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। उन्होने कहा कि कैरियर निर्माण के लिए आवश्यक सुझाव देने के साथ ही कॉलेज की स्थापना से लेकर अब तक की प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी। प्राचार्य डा. वकील अहमद ने कहा कि नए छात्र-छात्राओं के लिए स्वभागय की बात हैं कि उन्हें विद्वान व अनुभवि शिक्षको से मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होने विद्यार्थियों अपनी रूची एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही संतुलित जीवन जीने की सलाह दी। उन्होने कहा कि वास्तविक जीवन में अवसरो के साथ चुनोतियां भी होती हैं लेकिन सफलता उसी मिलती हैं जो खुला दिमाग रखकर सीखने की आदत और खुदको बदलने की योग्यता रखता हैं। इस अवसर पर साहिद अली, फजलुर्रहमान, उसमान, शुभम कुमार, काशिफ आदि छात्र-छात्राओं सहित स्टाफ शामिल रहा।



# वोट अधिकार यात्रा से पहले कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कांग्रेसी वोट अधिकार यात्रा नहीं निकाल पाए। पुलिस ने पार्टी की जिला उपाध्यक्ष डा. शाजिया नाज को उनके घर में ही नजरबंद कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही हैं क्योंकि भाजपा सरकार अपना विश्वास खो चुकी है।

कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष डा. शाजिया नाज ने कथित वोट चोरी के खिलाफ जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से सात दिवसीय वोट अधिकार यात्रा शुरू करने की घोषणा की थी। यात्रा में शामिल होने के लिए कार्यकर्ता मंगलवार की सुबह से ही शाजिया नाज के मोहल्ला फौलादपुरा स्थित आवास पर जुटना शुरू हो गए थे। लेकिन सुबह साढ़े आठ बजे ही पुलिस शाजिया नाज के आवास पर पहुंच गई और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। जिसके चलते नगर में वोट अधिकार यात्रा प्रारम्भ नहीं हो पाई। इस दौरान शाजिया नाज ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस के प्रदर्शन से घबराई हुई है और पुलिस को आगे कर विपक्ष की आवाज को दबाने पर लगी हुई है। उन्होने कहा कि शासन प्रशासन जितनी कोशिश कर ले लेकिन कांग्रेस की मुहिम रुकने वाली नहीं है। उन्होनें कहा कि भाजपा सरकार अपना विश्वास खो चुकी है, आने वाले समय में सत्ता से भाजपा की विदाई तय है।



## छात्र ने कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर किया कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन

**थानाभवन।** थाना भवन मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में किया गया इस कुश्ती प्रतियोगिता में मंडल के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया कुश्ती प्रतियोगिता में थाना भवन नगर के लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज के कक्षा 11वीं डी के छात्र मोहन ने मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता प्रतिभाग कर विभिन्न स्कूलों के छात्रों से कुश्ती कर विजय हासिल करके प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कथा राज्य स्तरीय होने वाली प्रतियोगिता में क्लासिफाई किया मोहन की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय प्रबंधक प्रभात कुमार एवं प्रधानाचार्य चंदेश्वर प्रसाद खेल शिक्षक राजीव कुमार ने मोहन का उत्साह वर्धन करते हुए सम्मानित कर आशीर्वाद देते हुएऔ उज्ज्वल भविष्य की कामना की छात्र की सफलता से विद्यालय के छात्रों और अध्यापकों में भी खुशी का माहौल रहा। मोहन की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि समूचे थाना भवन नगर को गर्व की अनुभूति हुई। इस मौके पर प्रबंधक प्रभात कुमार प्रधानाचार्य चंदेश्वर प्रसाद लवलेश कुमार कृष्ण मोहन शिवराम गंगाराम मौर्य विपुल शुक्ला सहित शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कॉलेज में सडक सुरक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि कोई भी छात्र और कर्मचारी बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन से विद्यालय में प्रवेश न करे।

एचएवी इंटर कॉलेज प्रागण में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हेमसिंह ने कहा कि जिन छात्रों की आयु 18 वर्ष से कम है उन्हें दुपहिया वाहन नहीं चलानी चाहिए। उन्होंने छात्रों को ट्रिपल राइडिंग न करने की सलाह देते हुए कहा कि जो बच्चे साइकिल से आते हैं वह भी नियमों का पालन करें और कभी भी किसी अन्य छात्र के साथ मिलकर बराबर-बराबर सराईकिल न चलाए इससे दुर्घटना का खतरा अधिक बढ़ जाता है। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को सडक सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## शांति व्यवस्था और भाईचारा कायम रखना मेरी प्राथमिकता: बिजेंद्र सिंह



शाह टाइम्स संवाददाता

**हीमपुर दीपा।** नवागत थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने हीमपुर दीपा थाने का चार्ज संभालने के बाद आज पत्रकारों के साथ बैठक कर वार्ता की। बैठक में थाना क्षेत्र के दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष ने सर्वप्रथम अपना परिचय दिया और फिर पत्रकारों को यह आश्वासन दिया गया कि उनके समय में किसी भी बेकसूर पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पत्रकारों का भी उनके समय मे भरपूर सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम सब को मिलकर थाना क्षेत्र में शांति कायम करनी है। साथ ही आपसी भाईचारा कायम करने का प्रयास करना है। थानाध्यक्ष ने पत्रकारों से अपील करते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस का साथ बनाये रखने की अपील की।

इस मौके पर पत्रकार डा. श्रवण गुप्ता, डा.भानुप्रकाश वर्मा, डा. धर्मेंद्र सिंह, डा. शमीम अहमद, सुरेंद्र शर्मा, पवन चौधरी, बबलू चौहान, फिरोज आलम, मा. हेमेंद्र सिंह, परीक्षित गुप्ता सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# खेडागड़ाई क्षतिग्रस्त पुल से भाकियू ने खुलवाया रास्ता

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव यारपुर खेडा गदाई के बीच यमुना नहर पर बने पुल में बीते सप्ताह अचानक आई दरार व पुल के नीचे की दीवार शतीग्रस्त होने के चलते सुरक्षा की .ष्टि से आवागमन पर रोक लगा दी गई थी। पुल को बंद करने के बाद निर्माण विभाग द्वारा दीवार खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया गया था। पुल को भकियू ने जेसीबी से बनाई गई। दीवार को हटाकर आवाजही खुलवाई। थाना भवन क्षेत्र के गांव खेड़ागदाई के पास स्थित यमुना नहर का पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते यहां पर नए पुल का निर्माण किया जा रहा है।

लगातार चल रही बारिश वह यमुना के जल में उफान के चलते गत एक दिन पूर्व पुल के नीचे की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी कुछ लोगों की माने तो पुल में भी दरार बताई गई थी जिसके चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा सुरक्षा की .ष्टि से इस पुल के बीच दीवार खड़ी कर आवासजाही बंद कर दी गई थी। किसानों का कहना था कि पुल बंद होने से दर्जनों गांवों के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। किसानों, मजदूरों, नौकरीपेशा और रोजगार करने वालों को अपने कार्यस्थल तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर लंबा सफर तय करना पड़ रहा था।

किसान यूनियन के साथ किसानों के बढ़ते विरोध को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ईश्वर दत्त ने विरोध के बाद पुल पर हल्के वाहनों जैसे दुपहिया, ई-रिक्शा और छोटी गाड़ियों के आवागमन की अनुमति देते हुए जेस. ीबी से नहर के पुल पर बनाई गई दीवार को हटवा दिया। हल्के वाहनों के लिए पुल पर से रास्ता खोल दिया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि रोक हटने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष नरेश मास्टर ने कहा पुल पर बनी दीवार को लेकर किसानों को खेतों पर आने-जाने के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। किसान विपिन चौधरी का कहना है है कि खेतों पर काम करने के लिए तथा पशु पालको किसनो मजदूरों महिलाओं को खेत से पशुओं के लिए चारा लाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ।

किसान अनिल कहना है कि गांव से बाजार सामान लाने के लिए नौकरी पैशा , कर्मचारी मिस्त्री आदि को जाने के लिए कई किलोमीटर का फालतू सफर तय करना पड़ता था सत्यवान का कहना है की गांव वालों को बीमार महिला बच्चे वृद्धों को शहर से दवाई लाने के लिए भारी परेशानी हो रही थी। वहीं निर्माण विभाग के एसडीओ ईश्वर दत्त ने बताया कि पुल के बराबर में नए पुल का निर्माण कराया जा रहा है। बरसात और नहर में अधिक पानी आने के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा था। पानी कम होते ही निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द ही नया पुल चालू कर दिया जाएगा।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा से मनाया

**राजा का ताजपुर।** गुरुद्वारा साहिब में मानवीय एकता के संदेशवाहक जागती जोत श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का पहला प्रकाश गुरुपर्व शब्द कीर्तन के गायन के साथ श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरूद्वारे के ज्ञानी जी को सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा साहिब में तीन दिन से चल रहे श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग के उपरांत शब्द कीर्तन हुए। शुभदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह के जत्थे ने संगत को गुरुबाणी कीर्तन से निहाल किया। जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संचालक कमलजीत सिंह नूर ने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पवित्र ग्रन्थ को ग्यारवे गुरु के जागती जोत के रूप में मान्यता प्राप्त है। जिसमें 6 सिक्ख गुरुओं सहित भक्त कबीरद. ास, रविदास, नामदेव, त्रिलोचन, पीपा जी, शेख फरीद आदि 15भक्तों की संदेशात्मक वाणी दर्ज है। इस पवित्र ग्रंथ का सम्पादन कार्य पंजवी पातशाही श्री गुरु अर्जुन देव जी ने किया।

## दो मामलों में दो लोगों को सुनाई सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 2 मामले में 2 अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व 2,600/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । 1. वर्ष 2001 में अभियुक्त हासिम पुत्र अन्सार निवासी ग्राम बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुक. दमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएसडी शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधिक की सजा व कुल 1100/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 15 दिवस का अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2006 में अभियुक्त सुधीर पुत्र मांगेराम निवासी हाथी करौंदा थाना बाबरी जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएसडी कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने 7 दिवस का अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है।

## यारपुर सोसाइटी पर हुआ खाद का वितरण

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव यारपुर समिति में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार यूरिया खाद की आपूर्ति हो गई। करीब दो महीने से यूरिया खाद न मिलने के कारण किसान परेशान थे। कई प्रकार की फसल में यूरिया डालना आवश्यक होने के बावजूद खाद की कमी से खेती प्रभावित हो रही थी। जैसे ही मंगलवार को यारपुर समिति में खाद गाड़ी पहुंची तो किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई और सुबह से ही खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ जुटने लगी। किसानों में शांतिपूर्ण तरीके से लाइन से अपनी बारी को इंतजार करते हुए खाद लिया गांव में खाद मिलने से किसानों ने राहत की सांस ली और उम्मीद जता रहे हैं कि समय पर खाद मिलने से उनकी फसल बेहतर होगी। समिति सचिव जयप्रकाश का कहना है रैंक आ गई है अब किसानों को यूरिया खाद की कमी नहीं रहेगी और समय पर सभी किसानों खाद मिलता रहेगा उसे मौके पर किसान देवेंद्र सुरेंद्र राजवीर बॉबी प्रताप चंद्र राजपाल सुशील परमिंदर सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# हकीमी मेडिकल एक्सरसाइज कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कैराना।** मरकज तामीर मिल्लत में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शिक्षकों के प्रशिक्षिक भारत सरकार के भूतपूर्व प्रशिक्षण आयुक्त प्रोफेसर डॉक्टर बदरुल इस्लाम के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मौलाना महफूज रशीदी ने किया। मंगलवार को कस्बे के मरकज तामीर-ए-मिल्लत कैराना में नई नस्ल को लाभकारी, मानवप्रेमी, हृदय और दिमाग से स्वस्थ, तंदरुस्त, जानदार-शानदार, मेधावी नवयुवक एवं युवाओं को आधुनिक कौशलों से सुसज्जित करने के लिए हकीमी मेडिकल एक्सरसाइज की एक कार्यशाला का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शिक्षकों के प्रशिक्षिक और भारत सरकार के भूततपूर्व प्रशिक्षण आयुक्त प्रोफेसर डॉक्टर बदरुल इस्लाम कैरानवी के कुशल नेतृत्व में किया गया। जिसका शुभारंभ हजरत मौलाना महफूज रशीदी ने किया।इस दौरान कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया। हजरत मौलाना महफूज रशीदी ने कहा कि प्रोफेसर डॉक्टर बदरुल इस्लाम कैरानवी द्वारा शोधित एवं विकसित ए मेडिकल एक्सरसाइज दुनिया भर में लोकप्रिय हैं। यूरोप के मेडिकल कॉलेजों के प्रोफेसरों ने इटली देश की राजधानी रोम शहर में वर्ष 1985 में डॉ। इस्लाम से इस मेडिकल एक्सरसाइज को सीखा थीं। अरब देशों के चयनित युवाओं ने अरब स्काउट संगठन अल-अजहर विश्वविद्यालय, यूनेस्को आदि के सहयोग से अरब गणराज्य मिस्र की राजधानी काहिरा में वर्ष ने भी 1999 में इस विधि को अपनाया था। भारत और दुनिया भर के 35 लाख युवा भी इससे लाभान्वित हो रहे हैं। डॉक्टर बदरुल इस्लाम कैरानवी द्वारा शोधित एवं परिष्किरत, सरल तकनीकों वाले इन विशेष चिकित्सीय व्यायामों की सहायता से, मरकज तामीरे-मिल्लत कैराना के छात्रों ने स्वयंसेवी नेता बनने में अनुकरणीय सफलता प्राप्त की है। पहली ही प्रयास में पांच सौ मांसपेशियों, पांचों-इंद्रियों की सशक्त बनाए रखने वाली दिल-दिमाग, जिगर, तिल्ली, स्मरण शक्ति, कुव्वते-बर्दाश्त परोपकारी एवं आत्मनियंत्रण में हकीमी मेडिकल एक्सरसाइज के कई लाभ हैं, जिससे नवयुवक लाभांवित हो रहे हैं।



## 27 से शुरू होगा श्री गणेश चौथ महोत्सव कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के तत्वाधान में 41वां श्री गणेश चौथ महोत्सव घूमधाम के साथ श्री सिद्धि विनायक मंदिर में मनाया जायेगा। उत्सव 27 अगस्त से छह सितम्बर तक मनाया जाना है। मूर्ति स्थापना 27 अगस्त को प्रातः 10 बजे होगी। पूजा अर्चना प्रातः 8 बजे से सायं 7 बजे तक प्रतिदिन की जाएगी। भव्य शोभायात्रा छह सितम्बर सायं 5 बजे से रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ होकर मालन नदी के तट पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा मे श्री गणेश दरबार, कीर्तन मंडलिया, बैंड और भव्य धार्मिक झांकियों को सम्मलित किया जायेगा। शोभायात्रा का मुख्य आर्कषण माखन मटकी प्रतियोगिता रेलवे स्टेशन, बाजार कल्लूगंज और बाजार चौक में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के संरक्षक संरक्षक चौ. कुलवीर सिंह, अवनीश अग्रवाल, राकेश गोयल, विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रचार मंत्री डा. एस. के. जौहर, मंत्री रवीन्द्र चौहान आदि रहे।

# चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक/डीडीसी अंशिका दीक्षित ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के डिफाल्टर होने पर संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ-साथ उसका जवाब तलब भी किया जाएगा। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिला अधिकारी श्रीमती दीक्षित कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में चकबंदी कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आईजीआरएस पोर्टल का अवलोकन कर विभागीय शिकायतों को संबंधित अधिकारी को अग्रसारित कर उन्हें सूचित भी करें तथा चकबंदी विभाग से असंबंधित शिकायत को रेडक्रॉस निशान पर क्लिक कर संबंधित विभाग को प्रेषित करें, ताकि उक्त शिकायत विभागीय पोर्टल से निस्तारित हो सके। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को सही तरीके से निस्तारित करने के लिए, पहले जनसुनवाई पोर्टल पर लॉग इन करें, शिकायत की स्थिति जांचें, और यदि निस्तारण से संतुष्ट नहीं हैं, तो पुनः कार्यवाही का अनुरोध करें या फीडबैक दें। यदि निस्तारण सही ढंग से नहीं हुआ है, तो आप पोर्टल पर पुनः अनुस्मारक (Reminder) भेज सकते हैं या अपनी प्रतिक्रिया/सुझाव दे सकते हैं, जिसके बाद अधिकारी मामले की फिर से जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि सबसे पहले, Jansunwai पोर्टल पर जाएं और अपनी शिकायत पंजीकरण संख्या या पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉग इन करें। पोर्टल पर शिकायत की स्थिति या कार्यवाही का विवरण विकल्प पर क्लिक करें ताकि यह पता चल सके कि शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई है। यदि नियत समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है या आपको लगता है कि निस्तारण अधूरा है, तो आप अनुस्मारक भेज सकते हैं। यदि शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है, लेकिन आपको संतुष्टि नहीं है, तो 'आपकी प्रतिक्रिया' विकल्प में फीडबैक दें और अपनी संतुष्टि या असंतुष्टि व्यक्त कर शिकायत को निस्तारित करें।



# अनुसूचित आयोग की टीम ने किया उत्तम शुगर मिल का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** बरकातपुर चीनी मिल के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में गैस रिसाव होने के कारण हादसे का शिकार हुए मजदूरों के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने हादसे के संबंध में मिलकर्मियों के बयान लिए।

उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में गैस रिसाव होने के कारण 18 जुलाई को हादसा हो गया था। जिसमें गांव तिसोतरा निवासी कपिल देव (33 वर्ष), लालपुर सोजीमल निवासी सोमपाल सिंह (40 वर्ष), और मंडावर थाना क्षेत्र के गांव कबूलपुर निवासी मुनेश्वर (50 वर्ष) की मौत हो गई थी। जबकि सुपरवाइजर प्रभात घायल हो गया था। मजदूरों की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया था।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लवकुश निदेशक डा. आर. स्टालिन ने एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, एएसपी सिटी संजीव वाजपेई, एसडीएम शैलेंद्र कुमार के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने घटना के संबंध में मिल कर्मियों के बयान भी दर्ज किये। जांच के बाद निद. ेशक ने बताया कि घटना के समय मजदूरों के लिए कोई सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराए गए थे, और न हीं सुपरवाइजर मौके पर मौजूद था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान घटना के संबंध में मिल प्रशासन की बड़ी चूक रही है और भी कई खामियां पाई गई है। टीम ने जांच रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है।

सूचना

मैंने अपना नाम MUO AARIF से बदलकर MOHD ARIF रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

Mohd Arif S/o Mohd Shahid
Mohalla Bairoon Kotla
Deoband (Saharanpur)

# शूटिंग में आठवें दिन भारत को आठ पदक

एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

- महिला ट्रैप टीम और इंडिविजुअल में नीरू धनदा और जूनियर पिस्टल में पायल ने गोल्ड जीता
- तीन गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते, 28 गोल्ड 10 सिल्वर व 12 बॉन्ज के साथ टॉप पर भारत



**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। महिला ट्रैप इवेंट में भारत ने इंडिविजुअल और टीम दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। नीरू धनदा ने इंडिविजुअल में गोल्ड जीता, जबकि जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भी भारत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। महिला ट्रैप इवेंट में भारत को तीन मेडल मिले। नीरू धनदा और आशिमा अहलावत ने क्वालिफिकेशन में 107 अंकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर जगह बनाई। प्रीति राजक 105 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में बाहर हो गईं। कतर की रे बासिल ने 110 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। फाइनल में नीरू ने शानदार प्रदर्शन किया। शुरूआत में भारत की नीरू और आशिमा, कतर की रे बासिल और जापान की नानामी मियासाका के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बाद में चीनी ताइपे की लियू वान-यू भी चुनौती बनकर उभरीं। नीरू ने अंतिम 25 में से 22 और आखिरी 10 टारगेट्स में सभी 10 हिट्स लगाए, जिससे उन्होंने 43 हिट्स के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आशिमा और रे बासिल 29 हिट्स के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बिब नंबर के आधार पर आशिमा को ब्रॉन्ज और रे को सिल्वर मिला। भारत की तिकड़ी (नीरू, आशिमा, प्रीति) ने 319 अंकों के साथ टीम गोल्ड भी जीता, जो चीन (301) से 18 अंक आगे रहा। जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में तीनों मेडल भारत जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत की पायल खत्री, नाम्या कपूर और तेजस्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए आपस में ही मुकाबला किया। पायल ने छठे से नौवें सीरीज में चार-चार हिट्स और 10वीं सीरीज में 5/5 हिट्स के साथ 36 हिट्स बनाए और गोल्ड जीता। नाम्या ने 30 हिट्स के साथ सिल्वर और तेजस्विनी ने 27 हिट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा, पायल, तेजस्विनी और रिया शिरीष ठट्टे (554 अंक) ने मिलकर 1700 अंकों के साथ टीम सिल्वर मेडल जीता, जिसमें कोरिया ने गोल्ड हासिल किया। इससे पहले नाम्या ने 581 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया, जबकि तेजस्विनी 577 अंकों के साथ दूसरे और पायल 569 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं। पुरुष ट्रैप में भवनीश को सिल्वर पुरुष ट्रैप में भारत के भवनीश मेंदिरत्ता ने 118 अंकों (25, 24, 23, 22, 24) के साथ क्वालिफिकेशन में चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में उनका मुकाबला पेरिस ओ. लिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट चीन के क्वि यिंग से हुआ।

## मुक्केबाजी टीम विदेश में प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

- संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफील्ड यूनाटेड किंगडम भेजा है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले एक उच्च-तीव्रता वाले संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफ़ील्ड, यूनाइटेड किंगडम भेजा है।

यह कदम भारतीय मुक्केबाजों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और टूर्नामेंट से पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए सर्वोत्तम संभव तैयारी सुनिश्चित करने के बीएफआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। वर्तमान में शेफ़ील्ड में मौजूद टीम में 9 पुरुष और 8 महिला मुक्केबाज हैं, जिन्हें 8 कोच और 2 स्टाफ सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 28 अगस्त तक उनके साथ 1 पुरुष और 2 महिला मुक्केबाज, 1 सहायक स्टाफ भी शामिल हो जाएगा। भारतीय टीम यूके के प्रमुख उच्च-प्रदर्शन खेल केंद्रों में से एक, इंग्लिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट शेफ़ील्ड में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है।

यह शिविर मुक्केबाजों को शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों के साथ गुणवत्तापूर्ण अभ्यास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है। इसके बाद टीम चैंपियनशिप से पहले की तैयारियों के अंतिम चरण के लिए 2 सितम्बर को लिवरपूल रवाना होगी। पुरुष टीम का मार्गदर्शन कोच धर्मेंद्र यादव, तोरक खरप्राण, जय सिंह पाटिल और अभिषेक साह कर रहे हैं, जबकि महिला टीम चंद्रलाल, मोहम्मद ऐतसामुद्दीन, गीता चानू और राडिया देवी की देखरेख में है।

खेल विशेष

## वाडा ने 280 रूसी एथलीटों पर प्रतिबंध लगाए

**मॉस्को, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि उसने मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला के डेटाबेस के आधार पर 280 रूसी एथलीटों के खिलाफ दोषी करार दिया है। इस बीच, वाडा की ऑपरेशन एलआईएमएस जांच, जो 2019 में मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला से वाडा खुफिया और जांच द्वारा प्राप्त आंकड़ों और नमूनों पर आधारित थी, के नतीजे लगातार मिल रहे हैं। 280 मामलों में सफलतापूर्वक दोषसिद्धि हुई है, और सभी मामलों की आगे की जांच के बाद और भी मामलों में दोषसिद्धि होने की उम्मीद है। एक बयान में कहा गया है कि फैसलों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि 29 अन्य मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई है, और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के 13 मामलों की जांच चल रही है।

## आगामी एशिया कप के लिए नवोदित ओमान ने टीम की घोषणा की

**मस्कट, वार्ता।** ओमान अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करने वाली नवीनतम टीम बन गई है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाक, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और विंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं। कुल चार नए चेहरे सुफियान, ज़िक्रिया, फैसल व नदीम खान, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह ओमान का एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा।

# यूएस ओपन के दूसरे राउंड में अल्काराज

- दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने अपने सभी 20 सर्विस पांइट जीते और केवल 3 मिस किए



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने दूसरे यूएस ओपन खिताब की अपनी तलाश की शुरुआत आत्मविश्वास से की और आज आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिकी खिलाड़ी रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हरा दिया।

नए हेयर स्टाइल के साथ न्यूयॉर्क पहुंचे स्पेनिश स्टार ने एटीपी टूर के सबसे मजबूत सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपनी एकाग्रता और सटीकता का परिचय दिया। शुरुआती सेट में, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया, अपने सभी 20 सर्विस पॉइंट जीते और केवल तीन बार पहली सर्विस मिस की। अपनी तेज सर्विस के बावजूद, ओपेल्का को उस दौर में दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को परेशान करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। अमे. रिकी खिलाड़ी ने अगले दो सेटों में अपना स्तर बढ़ाया और तीन ब्रेक-पॉइंट के मौके बनाए, लेकिन अल्काराज के लचीलेपन और समय पर शॉट लगाने से यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी चूक न हो। तीसरे सेट में 4-4 के स्कोर पर एक महत्वपूर्ण पासिंग शॉट ने निर्णायक ब्रेक का रास्ता तैयार कर दिया, जिसने ओपेल्का की किस्मत को पूरी तरह से तय कर दिया। सीधे सेटों में मिली जीत का मतलब था कि अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में अपना बेदाग रिकॉर्ड 19-0 तक पहुंचा दिया। पिछले साल के यूएस ओपन में डचमैन बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से दूसरे दौर में मिली चैंकाने वाली हार को छोड़कर, अल्काराज 2022 में न्यूयॉर्क में ट्रॉफी जीतने के बाद से लगातार हर बड़े टूर्नामेंट के कम से कम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने इस सीजन में टूर पर सबसे ज्यादा जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

अब उनके नाम टूर में सबसे ज्यादा 55 जीत और 2025 में छह खिताब हैं, जिनमें रोटर्डम और सिनसिनाटी में हार्ड-कोर्ट खिताब भी शामिल हैं।

# भारत एशिया कप जीतेगा: सहवाग



**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2025 से पहले, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारत एशिया कप जीतेगा।

एशिया कप 2025 के आधिकारिक प्रसारक, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक विशेष बातचीत में, वीरेंद्र सहवाग ने भारत की संभावनाओं पर कहा कि हम विश्व चैंपियन हैं। हमने अभी-अभी चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और उम्मीद है कि हम एशिया कप जीतेंगे। भारत के अभियान के लिए युवाओं की तुलना में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और स्काई (सूर्यकुमार यादव) आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और वह टी-20 प्रारूप में एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि उनकी कप्तानी में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हमने पहले भी देखा है कि जब स्काई ने कमान संभाली थी, हमने कई टी-20 मैच जीते थे और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप भी जीतेंगे। हम आमतौर पर एशिया कप को विश्व कप की तैयारी के रूप में देखते हैं। 2026 का विश्व कप आ रहा है। क्या यह एशिया कप विश्व कप की तैयारी के रूप में काम करेगा? इस बारे में सहवाग ने कहा कि मुझे लगता है कि टी-20 प्रारूप में, यह एशिया कप हमारे 2026 के टी-20 विश्व कप के लिए एक बेहतरीन तैयारी का काम कर सकता है। यह देखने का मौका है कि किन नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए और किसे टीम में शामिल किया जा सकता है। आप विश्व कप के लिए टीम बनाना शुरू कर सकते हैं। मेरे विचार से, भारतीय टीम के लिए अपनी ताकत परखने का एशिया कप से बेहतर कोई मौका नहीं हो सकता। टीम चयन अक्सर बहस का विषय बन जाता है। एशिया कप के लिए मौजूदा भारतीय टीम और इस टीम के लिए चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पूर्व ओपनर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छा टी-20 चयनकर्ता है।

# मुचोवा ने वीनस को हराया



- कैरोलिना मुचोवा ने आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** ग्यारहवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने अनुभवी वीनस विलियम्स की कड़ी चुनौती को पार करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले दो संस्करणों में सेमीफाइनलिस्ट रहीं मुचोवा को फ्लशिंग मीडोज में रिकॉर्ड 25वें एकल अभियान में भाग ले रही 45 वर्षीय अमे. रिकी खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल करने में दो घंटे लगे। दो बार की चैंपियन विलियम्स ने दूसरे सेट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई, लेकिन निर्णायक सेट में वह अपनी तीव्रता बरकरार नहीं रख सकीं क्योंकि चेक खिलाड़ी ने अंतिम सात में से छह गेम जीतकर नियंत्रण हासिल कर लिया। विलियम्स ने पहली बार 1997 में यूएस ओपन खेला था, 2000 और 2001 में खिताब जीते और 2017 में फाइनल में पहुंची। सोमवार का मुकाबला इस आयोजन में उनका 101वां एकल मैच था, जिसमें उनके नाम 79 जीत दर्ज हैं। इस बीच, नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबा. कना ने अमेरिकी वाइल्डकार्ड जूलियट पारेजा को 6-3, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## हार के बाद क्वितोवा ने संन्यास लिया

**वाशिंगटन।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद सोमवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। 35 वर्षीय चेक खिलांड़ी, जिन्होंने विंबलडन से पहले घोषणा की थी कि न्यूयॉर्क उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, फांस की डायने पैरी से 6-1, 6-0 से हार गईं। क्वितोवा ने खुलासा किया कि उन्हें तीन हफ्ते पहले कोविड-19 हुआ था और उन्हें अपनी फिटनेस से जूझना पड़ रहा था। क्वितोवा ने 31 डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं, जिनमें 2011 और 2014 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम खिताब शामिल हैं। वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं, आठ शीर्ष-10 सीजन (2011-15, 2018-20) में जगह बनाई और 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

# रुब्लेव, रूड और टियाफो यूएस ओपन के दूसरे दौर में

- रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पाइंट प्रत्येक सेट में एक का उपयोग किया



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** रूस के आंद्रेई रुब्लेव, नॉर्वे के कैस्पर रूड और घरेलू प्रबल दावेदार फ्रांसेस टियाफो ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी रुब्लेव, जो यहां चार बार क्वार्टर फाइनलिस्ट रह चुके हैं, ने अपने पहले मैच में क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।

रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पॉइंट-प्रत्येक सेट में एक-का उपयोग किया और दो घंटे तक चले मुकाबले को फोरहैंड वॉली विनर के साथ समाप्त किया। यूएस ओपन में अब तक 25 जीत हासिल कर चुके 27 वर्षीय रुब्लेव अगले दौर में अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी ट्रिस्टन बॉयर से भिड़ेंगे। पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड, जो न्यूयॉर्क में 2022 के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे, ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के सेबेस्टियन ऑफनर को 6-1, 6-2, 7-6(5) से आसानी से हरा दिया।

नॉर्वेजियन खिलाड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि ऑफनर ने 43 अनफोर्स्ड एरर कीं, और रूड ने तीसरे सेट के कड़े टाईब्रेक में जीत हासिल की। बाएं घुटने की चोट के बाद वापसी करने वाले रूड का सामना दूसरे राउंड में बेल्जियम के राफेल कॉलिग्नन से होगा। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त फांसेस टियाफो ने न्यूयॉर्क में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में जापान के योशिहितो निशिओका को 6-3, 7-6(6), 6-3 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी ने 19 ऐस लगाए और दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक सेट पॉइंट बचाकर लगातार आठवें साल कम से कम दूसरे राउंड में पहुंचने का अपना सिलसिला जारी रखा।

## नेमार ब्राजील विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार को चिली और बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने अक्टूबर 2023 के बाद से ब्राजील के लिए कोई मैच नहीं खेला है, जब उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अग्रस्थ क्रूसिएट लिगामेंट) फट गया था। मांसपेशियों की बार-बार की समस्याओं के कारण उनकी रिकवरी में बाधा आ रही है और पिछले गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान उनकी जांघ में फिर से खिंचाव आ गया। ब्राज़ील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्नेमार (टीम में) नहीं हैं क्योंकि पिछले हफ्ते उन्हें कोई समस्या हुई थी। लेकिन हमें नेमार को परखने की ज़रूरत नहीं है।

# कॉक्स-जैक्स ने इनविंसिबल्स को सीधे फाइनल में पहुंचाया

- इनविंसिबल्स के बल्लेबाजों ने 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया

**लंदन, वार्ता।** ओवल इनविंसिबल्स ने ओवल में अपने शहर के प्रतिद्वंद्वी लंदन स्पिरिट को 22 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इस शानदार जीत ने उनका शीर्ष स्थान और सीधे फाइनल में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर दिया है।

इनविंसिबल्स के बल्लेबाजी क्रम की मजबूती और ताकत ने स्पिरिट द्वारा रखे गए 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इनविंसिबल्स का रन रेट (1-786) पीछा कर रही दोनों टीमों - ट्रेंट रॉकेट्स (0-441) और नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स (0-282) से कहीं बेहतर है। बल्लेबाजी में उतरी स्पिरिट ने जेमी स्मिथ के जरिए तेज शुरुआत की, जिन्होंने पहली दो गेंदों पर चौके लगाए। स्मिथ शुरुआती ओवरों में आक्रामक रहे और लगातार बाउंड्री लगाते रहे, जबकि डेविड वार्नर दूसरे छोर पर डटे रहे। लेकिन 17वीं और 23वीं गेंद के बीच के एक घटनापूर्ण दौर में तीन चौके लगे और दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हो गए, जिससे इनविंसिबल्स फिर से मुकाबले में आ गए।

ओली पोप भी जल्द ही सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जिससे स्पिरिट ने 50 रन के अंदर तीन विकेट खो दिए। केन विलियमसन और एश्टन टर्नर ने एक साथ शुरुआत की, लेकिन लय हासिल करने में नाकाम रहे, और लगभग एक रन प्रति गेंद की दर से रन बनाते रहे। नाथन सॉटर की चालाकी का शिकार होकर दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए, जिससे स्पिरिट टीम और पीछे छूट गई।

# फिडे विश्व कप-2025 गोवा में होगा

- दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे

**चेन्नई, वार्ता।** फिडे शतरंज विश्व कप 2025 गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे। यह नॉकआउट टूर्नामेंट 206 खिलाड़ियों को एक साथ लाता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में 20,00,000 अमेरिकी डॉलर और तीन प्रतिष्ठित स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

हर राउंड जीतो या घर जाओ वाला है, जिससे यह विश्व कप कैलेंडर के सबसे नाटकीय टूर्नामेंटों में से एक बन गया है। यह 8 राउंड का नॉकआउट प्रारूप होगा और शीर्ष 50 वरीयता प्राप्त टीमें दूसरे राउंड से प्रवेश करेंगी। इसमें दो क्लासिकल मैच होंगे, अगर रैपिड और ब्लिट्ज प्लेऑफ बराबरी पर रहे तो शीर्ष तीन टीमें 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। गोवा को आयोजन स्थल के रूप में चुनने के कारण के बारे में, फिडे ने आज एक विज्ञप्ति में कहा कि गोवा के शानदार समुद्र तट, जीवंत संस्कृति और गर्मजोशी भरा आतिथ्य इसे इस वैश्विक मुकाबले के लिए एक रोमांचक पृष्ठभूमि बनाते हैं। खिलाड़ी और प्रशंसक विश्व स्तरीय शतरंज का अनुभव करेंगे, साथ ही एक ऐसे गंतव्य का भी, जो अपनी ऊर्जा और आकर्षण के लिए प्रसिद्ध है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पिछले साल, डी गुकेश विश्व चैंपियन बने, जबकि भारतीय टीमों ने ओपन और महिला दोनों श्रेणियों में शतरंज ओलंपियाड जीता। यह गति इस जुलाई में भी जारी रही, जब महिला विश्व कप में दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने ट्रॉफी जीती और दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा। गोवा में ओपन विश्व कप का आयोजन इन सफलताओं को और आगे बढ़ाता है और स्थानीय प्रशंसकों को अपने सितारों को घरेलू मैदान पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते देखने का अवसर प्रदान करता है। फिडे के अध्यक्ष अर्काडी ड्वोर्कोविच ने कहा कि भारत उत्कृष्ट खिलाड़ियों और उत्साही प्रशंसकों के साथ सबसे मजबूत शतरंज देशों में से एक बन गया है। इस साल की शुरुआत में जॉर्जिया में आयोजित फिडे महिला विश्व कप की सफलता के बाद, हमें फिडे विश्व कप को गोवा में लाने पर गर्व है।

उन्होंने आगे कहा कि इसमें 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है और यह शतरंज के इतिहास में सबसे अधिक देखे जाने वाले आयोजनों में से एक होगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने कह कि यह भारतीय शतरंज के लिए गर्व का क्षण है और हम एक ऐसा आयोजन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे प्रशंसकों के जुनून और हमारे महासंघ की व्यावसायिकता, दोनों को प्रतिबिंबित करे।

# हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल

- विहारी काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं और हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल हुए हैं। विहारी हालिया समय में काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं। हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।

त्रिपुरा की तरफ से खेलने के लिए उन्हें आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) भी मिल चुका है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार त्रिपुरा की टीम से विहारी का अनुबंध फ़िलहाल एक सीजन के लिए है। हालांकि इसमें यह भी विकल्प है कि आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस निर्णय के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि विहारी सभी प्रारूपों में हिस्सा लेना चाहते थे और आंध्र की टीम इसे लेकर किसी भी तरह का वादा या सहमति नहीं जता रही थी।

विहारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि मैं तीनों प्रारूप खेलने के काबिल हूं। मैं चाहता था कि मुझे कुछ और अवसर मिले और उसके लिए काफी उत्साहित भी था। हालांकि आंध्र की टीम ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे टी20 के लिए युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा दिखाएंगे। इस कारण से मेरे लिए निजी तौर पर 50 ओवर की क्रिकेट मायने नहीं रखती थी।

इसलिए मैंने विजय हजारे ट्रॉफ़ी से भी जानबूझकर खुद को अलग कर लिया था। साथ ही मेरी इच्छा थी कि मैं अब एक नए माहौल में खेलूं। जैसे ही विहारी ने त्रिपुरा क्रिकेट के लिए खेलने का निर्णय लिया और उन्हें एनओसी भी मिल गई, उसके बाद से आंध्र की टीम और उनके बीच जो मामूली उथल-पुथुल थी, वह भी समाप्त हो गई। 2023-24 के रणजी सीजन के बाद विहारी और एसीए के बीच मतभेद हुआ था।

तब विहारी ने कहा था कि उन्हें 'अपमानित और शर्मिंदा' महसूस कराया गया था। उस समय विहारी ने आरोप लगाया था कि टीम में ष्राजनीतिक दखल के कारण वह कप्तानी छोड़ रहे हैं।

# निर्यातकों की समस्याओं का हो समाधानः औसाफ गुड्डू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर वुड कार्विंग मैन्युफैक्चरिंग के महासचिव औसाफ गुड्डू ने निर्यातकों की समस्याओं को उठाते हुए उनके तत्काल समाधान की मांग की। जिलाधिकारी ने इन मांगों पर सम्बन्धित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिये।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित एसोसिएशन व निर्याताकों की बैठक में औसाफ गुडडु द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि सहारनपुर का काष्ठ उद्योग विश्व प्रसिद्ध है तथा भारत के बडे शहरों में इसके उत्पादों की मांग के लिए उपभोक्ता उपलब्ध है। इसलिये सभी ओडीओपी उत्पादों से जुडे उद्यमियों के लिये मार्केटिंग एवं पैकेजिंग के तहत बेहतर प्रयास किए जाना जरूरी है। समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए।



डीएम ने नगर निगम को खाता खेड़ी में साफ-सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइट्स को समयबद्ध तरीके से ठीक कराने को भी आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिए कि कृषि और उद्यान से समन्वय स्थापित कर ओडीओपी उद्योग से संबंधित लकड़ी की पौध की वैरायटी बढाई जाए ताकि काष्ठ उद्योगों को कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो सके। पेयजल, साफ-सफाई व निर्बाध विद्युत आपूर्ति की होगी व्यवस्था जिलाधिकारी ने कहा कि व्यावसायिक स्थलों पर शुद्ध पेयजल, बेहतर साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, फॉगिंग, शौचालय आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

इस मौके पर नगर आयुक्त शिपु गिरी, डीएफओ शुभम सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उपायुक्त उद्योग डॉ. बनवारी लाल, उद्यमी रामजी सुनेजा, प्रमोद सडाना, चेरमैन इरफान उल हक,गुफाम अहमद खान, सचिव अनिल सडाना, नवाब शाह, अनवार अहमद, जुनैद खान, उमेश सचदेवा, प्रवीण, मोहम्मद शाह जमा, सोम प्रकाश गोयल, मोहम्मद रिहान, नवीन सैनी, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद नययर अन्सारी, साकिब मिर्जा एडवोकेट ईशान अहमद अन्सारी, फुरकान अहमद, आसिफ, साकिब मिर्जा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# विधायक उमर अली खान ने अफसरों को कराया नदी से कटाव का सर्वे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के बेहट विधायक उमर अली खान ने आज सिचाई विभाग के अफसरों के साथ खुजनावर चाचाराव नदी के कटाव का सर्वे किया और अफसरों को तत्काल समाधान के लिये कहा।

बता दे कि खुजनावर चाचाराव नदी में कटाव की समस्या की शिकायत ग्रामीणों द्वारा बेहट विधायक से की गई थी। जिस पर आज उमर अली खान ने सिचाई विभाग के अफसरों के साथ नदी द्वारा किये जा रहे कटाव की समस्या का निरीक्षण करने के साथ ही भौतिक सर्वे भी कराया। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कटाव की समस्या का शीघ्र समाधान करें ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके और गांवों व कृषि भूमि को नुकसान से बचाया जा सके।

# निक्कू ने बढ़ाया कांग्रेस का कुनबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस संगठन सृजन के तहत दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्र जीत सिंह निक्कू के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सचिव परवीन चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा व जिला उपाध्यक्ष अक्षय घाटेड़ा, युवा जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के समक्ष अनेक युवाओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चंद्रजीत सिंह निक्कू व परवीन चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को बेहतर भविष्य की तलाश है। यह बेहतर भविष्य युवाओं को कांग्रेस में ही नजर आ रहा है और प्रत्येक युवा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की ओर आशाभरी नजरों से देख रहा है। पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा और युवा जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि आज ईडी की अनिल अंबानी पर रेड ने साबित कर दिया है कि चौकीदार ही चोर है। उन्होंने कहा कि देश का धन चुराने के बाद अब वोट चोरी करने वालों को देश की जनता जान गई है। इसलिए सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। बैठक को अक्षय चौधरी और अश्वनी मिंटा ने भी संबोधित किया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में आशीष लोहिया, अनुज चौधरी, सौरभ सिंह, संदीप कुमार, राजीव कुमार, सौरभ कुमार, आशीष सैनी सहित दर्जनों दर्जनों युवा मौजूद रहे।

## 6 वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर नशा तस्करी, गौकशी व मारपीट मामलों मे फरार चल रहे 6 वारण्टी गिरफ्तार किए हैं, जिनको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा 06 वारण्टी जावेद पुत्र जुल्फान निवासी ग्राम दूधगढ को नशा तस्करी, वाजिद पुत्र राशिद अन्सारी निवासी ग्राम दूधगढ को नशा तस्करी, मुकेश पुत्र दलमीरा निवासी ग्राम दुमझेडा को मारपीट व नशा तस्करी, वसीम पुत्र दिलशाद उर्फ दिल्लू निवासी ग्राम दुमझेडा को आर्म्स एक्ट, मैगी उर्फ राशिक पुत्र अशरफ निवासी ग्राम दुमझेडा को गौकशी व फैजान पुत्र रफीक निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना को जुआ सट्टा मामलों में गिरफ्तार किया गया है।

# गुनी माजरा पहुंचे फरहाद, बोले बंद नहीं होने देंगे स्कूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गांव गुनी माजरा के प्राथमिक विद्यालय प्रकरण को लेकर आज समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने गांव में पहुंचकर पूरी जानकारी ली। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की तो उन्होंने दोबारा जांच कराने का आश्वासन दिया।

फरहाद आलम गाडा आज अपनी टीम के साथ नकुड विधानसभा के गांव गुनी माजरा पहुंचे। जहां उन्हें गांव के विद्यालय में ताला लटका मिला। उन्होंने ग्रामीणों से इस बाबत पूरी जानकारी ली। जिसके बाद फरहाद आलम गाडा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की और कहा कि एक स्कूल की दूरी दूसरे स्कूल से एक किलोमीटर से ज्यादा है, जबकि मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा मंत्री ने विधानसभा सत्र के दौरान आश्वासन दिया था कि कोई स्कूल बंद नहीं होगा। जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले की दोबारा जांच कराने का आश्वासन दिया।



ग्रामीणों व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात कर फरहाद आलम गाडा ने जब सरकार ने स्कूल मर्जर का फैसला वापस ले लिया है तो स्कूल में किसके आदेश से ताला लटका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार हमें संविधान ने दिया है। भाजपा सरकार स्कूल में ताले डालकर संविधान में दिये अधिकार का अपमान कर रही है।

बता दे कि विगत दिवस सोमवार को गांव के लोग प्राथमिक विद्यालय मर्ज होने के विरोध में कलैक्ट्रेट पहुंचे थे। जहां ट्रैक्टर ट्राली में ड्रेस में बैठे बच्चों को देखकर जिलाधिकारी भडक गये थे।

# जनसुनवाई में आई 7 समस्याएं

**सहारनपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई के अंतर्गत आज सात समस्याएं पहुंची, जिनमें चार सफाई सम्बंधी, एक स्ट्रीट लाईट ठीक कराने तथा दो समस्याएं प्रोपर्टी में नाम परिवर्तन सम्बंधी रही। अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सहायक नगरायुक्त जेपी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

वार्ड 62 टोपिया सराय निवासी नदीम ने भवन का नामांतरण कराने तथा वार्ड 58 पंसारी बाजार के नवीन भट्ट ने भी सम्बंधित भवन पर पूर्व भवन स्वामी का नाम दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर उन्हें बताया गया कि वे उक्त भवनों में आवश्यक कागज कार्यालय में जमा करा दें, जांचोपरांत नाम परिवर्तन कर दिया जायेगा। वार्ड 11 मवींकला निवासी अंकित ने मवींकला ताहरपुर में स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर अवर अभियंता पथ प्रकाश को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त वार्ड 48 मंदा. कनी विहार निवासी सुधीर जैन ने कॉलोनी की नालियों की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 69 लोहानी सराय निवासी रविंद्र सिंह ने अपनी दुकान के पीछे नाली की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। वार्ड 67 चांद कॉलोनी- 62 फुटा रोड निवासी कामरान ने 62 फुटा रोड पर खाली पडे़ प्लाट की साफ सफाई कराने और वार्ड 41 चंद्र विहार निवासी अजय सिंह ने कॉलोनी के पास खड़ी घास व झाड़ियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

# ग्राम समाज की भूमि पर अवैध खनन करने का आरोप

## ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत, हरियाणा के बताए जा रहे खनन माफिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** स्थानीय प्रशासन की ढिलाई के चलते अवैध खनन माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गए है। अपनी हिम्मत और हौंसले के बल पर स्थानीय प्रशासन की सख्ती को दरकिनार कर हरियाणा के माफिया यूपी की सीमा में घुसकर अवैध खनन कर रहे है। अवैध खनन की गूंज अब सीएम दरबार में पहुंची है। ग्रामीणों ने सूबे के सीएम से अवैध खनन पर रोक लगाए जाने और खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

तहसील बेहट का यमुना तटवर्तीय इलाका खनन जॉन कहलाता है। यहां सरकार द्वारा स्वीकृत खनन पट्टों से निकलने वाला खनिज स्टोन क्रशरों को भेजा जाता है। हालांकि वर्तमान में बरसात के कारण सभी खनन पट्टे बंद है, लेकिन इसके अलावा भी कुछ माफिया यमुना नदी से लेकर ग्राम समाज की भूमि से अवैध खनन कर राजस्व को लाखो रुपए का चुना लगाने का काम कर रहे है। ताजा मामला तहसील बेहट इलाके के गांव शाहपुर बांस का है। सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ को पोर्टल के माध्यम से की गई शिकायत में ग्रामीण शकील पुत्र जमील, राजन सरदार, परमाल आदि ने बताया गया कि पड़ोसी राज्य हरियाणा के कुछ खनन माफिया शाहपुर बांस की ग्राम समाज की जमीन पर अवैध खनन कर रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने खनन माफियाओं को अवैध खनन करने से रोकने का प्रयास किया तो माफियाओं ने धमकी दी और कहा कि जो तुमसे हो कर लो।



ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में खनन माफियाओं के नाम बताते हुए सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। अब देखना ये होगा कि स्थानीय प्रशासन इस मामले में क्या कार्यवाही करता है।

# सड़क किनारे मिला शव



**नकुड़/अम्बेहटा।** कोतवाली क्षेत्र के फंदपुरी चौकी अंतर्गत गणेश विहार कॉलोनी के पास उस समय हड़कंप मच गया जब राहगीरों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया तथा शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 22 वर्षीय रिजवान पुत्र गुलजार निवासी सुभरी थाना नागल के रूप में हुई है। युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। इस संबध में नकुड़ कोतवाली के एसएसआई प्रदीप चीमा ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## अनुष्का का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह की बेटी अनुष्का जैन ने नीट पीजी में आल इंडिया स्तर पर 4700वी रेंक और एम्स दिल्ली की रेकिंग में 1125वां स्थान पाकर आल इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया है।

नगर के दिवंगत समाजसेवी जनेश्वर जैन की पौत्री व नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के माध्यम से मानव सेवा कर रहे चिकित्सक दम्पत्तिः डॉ मनोज जैन व डॉ निर्मल जैन की सुपुत्री डॉ अनुष्का जैन की उक्त सफलता पर खुशी जताई है और उसका मुंह मीठा कराया है। उड़ीसा के भुवनेश्वर में एमडी (न्यूरो) कर रहे भाई डॉ अनिमेष ने भी प्रसन्नता जताई है। अनुष्का ने

अपनी सफलता का श्रेय दादी मगनवती जैन व परिजनों को दिया है। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, अमित गर्ग, नरेंद्र तायल, विकास सिंघल, निशा गुप्ता आदि ने बधाई दी है।

# शराब की दुकानों पर की गई छापेमारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप आबकारी आयुक्त सुधीर कुमार के निर्देश पर आज जिले में प्रवर्तन टीम द्वारा शराब की दुकानों पर छापेमारी की गयी।

सहायक आबकारी आयुक्त अवधेश वर्मा, सहायक आबकारी आयुक्त नीरज द्विवेदी दोनों ने मिलकर जिले में ताबड़तोड़ दबिश का काम किया जिससे शराब के ठेकेदारों और शराब की दुकानों पर सेल्समैनों में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था। सहायक आबकारी आयुक्त पर्वतन अवधेश वर्मा ने सेक्टर 1 की कई दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें शुगर मिल, क्लासी लाइन, कोर्ट रोड, दिल्ली रोड, घंटा घर, अंबाला रोड, सहायक आबकारी आयुक्त पर्वतन नीरज द्विवेदी ने भी रामपुर मनिहारान, बड़गांव, शराब की दुकानों निरीक्षण किया गया होलोग्राम चेक किए गए और ओवर रेटिंग भी



चेक की गई है और बारकोड की मशीन उसे भी सेल्समैनों को चलाने के बारे में जानकारी दी गई है। टीम में आबकारी निरीक्षक शिखर श्रीवास्तव, आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक विकास यादव, आबकारी निरीक्षक संजीव कुमार, आबकारी निरीक्षक अक्षय कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही राजेश कुमार, डोडू सिंह चौहान, आबकारी सिपाही हरपाल आदि मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर एसडीए की बड़ी कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को जोन-1 क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उपाध्यक्ष एवं सचिव के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में एक गोदाम को सील किया गया, वहीं अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, दाबकी जुनारदार, निकट पानी टंकी क्षेत्र में हाजी इकराम द्वारा लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भूतल पर बनाए जा रहे गोदाम के निर्माण कार्य को सील कर दिया गया। वहीं टपरी रोड, परागपुर आस्था एकेडमी स्कूल के पास गुरमीत सिंह बग्गा, एहसान, हाजी जुल्फिकार और शमशाद द्वारा करीब 20 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया।



यह पूरी कार्यवाही सहायक अभियंता वीरेश राना, अवर अभियंता शोएब आलम सहित मेट टीम में राहुल, लाल बहादुर, अमरनाथ, रिजवान अली, विजय बिष्ट और करमवीर के सहयोग से संपन्न हुई। सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि विकास क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्यवाहियां जारी रहेंगी।

# मिहिर भोज जयन्ती पर गुर्जर समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस व गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंति धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।

गुर्जर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी कपिल मावी ने कहा कि हमे सम्राट मिहिर भोज के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। युवाओं को इस जयंती पर यह संकल्प लेना चाहिए कि वह नशे आदि दूर रहे और शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़ने का काम करे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चौधरी और महानगर अध्यक्ष अजय खटाना ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो। मंडल अध्यक्ष नवीन चौधरी, जिला अध्यक्ष नीरज गुर्जर खतौली आदि लोगों ने भी अपने विचार रखें। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल गुर्जर ने कहा कि जब तक गुर्जर प्रतिहरों का शासन रहा तब तक कोई भी विदेशी आक्रांता भारत में घुस नहीं पाया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्ण सिंह प्रमुख और संचालन शनिदेव चौधरी ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चौधरी राष्ट्रीय महामंत्री शनिदेव चौधरी प्रदेश अध्यक्ष राहुल गुर्जर मंडल अध्यक्ष नवीन चौधरी ,जिला अध्यक्ष नीरज गुर्जर खतौली महानगर अध्यक्ष अजय खटाना, पूर्व प्रमुख नक्षत्र पाल,बिट्टू नंबरदार, परीक्षित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय खटाना, उज्जवल माजरा, सुभाष मुकुंदपुर, जिला महामंत्री विकास पवार, जिला उपाध्यक्ष अगम नवादा, जिला सचिव विशाल रावल ,संगठन मंत्री राकेश कुमार ,संदीप चेयरमैन,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अक्षय चौधरी तहसील अध्यक्ष सक्षम चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर डॉक्टर सोनू , विनीत जनधेड़ा, अनुज आलहनपुर, विक्की राठी,सौरभ पंचकुआ, प्रशांत चौधरी काजीपुरा, बिट्टू घसौती, हरीश चेयरमैन सहित आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## किले की नापतोल

**गंगोह।** सोमवार देर रात्रि एसडीएम नकुड सुरेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ प्राचीन लखनौती किले को सरकारी संपत्ति घोषित करते हुए दोनों गेट पर फ्लैक्षी बोर्ड लगाकर कब्जें की ओपचारिकता पूरी करते हुए सार्वजनिक सूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही मंगलवार को एसड़ीएम ने बल के साथ किलें पर पहुंच कर मापतौल की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोमवार देर रात्रि को एसडीएम नकुड ने किले के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश अपने अधिनस्त कर्मचारियों को दिए। वहीं मंगलवार को एसड़ीएम ने बल के साथ किलें पर पहुंच कर मापतौल की कार्रवाई षुरू कर दी है।

उन्होने कहा कि किसी भी कब्जाधारी को किसी भी सूरत में काबिज नहीं होने दिया जाएगा। कब्जा न हटने की सूरत में उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की बात कही।


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यों को ठेके के माध्यम से सम्पादित करानें हेतु, अनुभवी ठेकेदारों से निम्न विवरण के अनुसार दिनांक 26.08.2025 से बन्द लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क.सं. | कार्य का विवरण। | निविदा धरोहर धनराशि (रु.) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | समस्त ब्वायलरों की भट्टियों से निकलने वाली राख को अपने संसाधनों से उठाकर निर्देशित स्थान पर डालने का कार्य। | रु. 2000.00 | 02.09.2025 |
| 02 | मिल एवं ब्वायलर हाउस के ट्रायल से पूर्व सफाई का कार्य। | रु. 1000.00 | 02.09.2025 |
| 03 | पेराई सत्र में कैन कैरियर के लिंको की सफाई का कार्य। | रु. 1000.00 | 02.09.2025 |
| 04 | पेराई सत्र में कैन कैरियर के पिट में भरे बैगास, पाती व मिट्टी की सफाई का कार्य। | रु. 1000.00 | 02.09.2025 |
| 05 | पेराई सत्र में सम्पूर्ण मिल हाउस की सफाई का कार्य। | रु. 1000.00 | 02.09.2025 |
| 06 | पेराई सत्र के प्रारम्भ से पूर्व विभिन्न स्टीम ट्रायल हेतु ब्वायलर प्रेशर को उठाने के लिए बैगास फिडिंग का कार्य। | रु. 2000.00 | 02.09.2025 |
| 07 | ब्वायलर हाउस की चैनों की लिंको की हॉट फोर्जिंग। | रु. 1000.00 | 02.09.2025 |
| 08 | मिल समिति में स्थापित 05 नग ब्वायलरों की चिमनियों से निकली फ्लू गैस का UPPCB & CPCB के मानको के अनुरुप निगरानी। | रु. 2000.00 | 02.09.2025 |

**नोट:-**

01. उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है।
02. इच्छुक निविदादाता निविदा प्रारम्भ होने की तिथि से निर्धारित समयान्तराल तक किसी भी कार्य दिवस में मिल समिति के लेखा विभाग में निविदा शुल्क जमा कर, निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है।
03. बन्द लिफाफे में निविदा फार्म को भरकर, अंतिम तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे तक ही मिल समिति के सामान्य कार्यालय में स्थित बॉक्स/पेटी में जमा कर सकते है।
04. अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**भवदीय**
**( अंकित कुमार )**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**

# राहुल गांधी के सवाल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस समय महागठबंधन के तहत वोट अधिकार यात्रा बिहार में निकाल रहे हैं। उन्हें भारी जनसमर्थन भी मिल रहा है। अब यह कितना सही है और कितना गलत यह तो तभी पता चलेगा जब इस प्रकरण की जांच हो, लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि वोटों के फर्जीवाड़े को लेकर राहुल गांधी ने जो सवाल उछाले हैं, उनको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से वह बेहद गंभीर मामले की श्रेणी में आते हैं, आखिर जब चुनाव प्रक्रिया ही दूषित हो जाएगी तो फिर उससे बनने वाली सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी।

जिस तरह केंद्रीय सरकार चुनाव आयोग के बचाव में लगी है। उसे भी कहीं से स्वस्थ परंपरा नहीं कहा जा सकता। होना तो यह चाहिए था कि नेता प्रतिपक्ष के हर सवालों के जवाब को ढूंढने की कोशिश की जाती, लेकिन हो इसके उलट रहा है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि वोट मोदी की सुनियोजित योजना का हिस्सा है, इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के समय मनमानी की जाती है और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती। राहुल का कहना है कि पीएम तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। राहुल की बात में यहां दम दिखाई देता है, क्योंकि इलेक्शन कमिश्नर चुनाव के लिए जो सरकार ने प्रक्रिया अपनाई है, उससे बिल्कुल साफ है कि इलेक्शन कमिश्नर वही बनेगा जिसको सरकार चाहेगी, क्योंकि तीन सदस्य कमेटी में जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है, उसके दो सदस्य एक कैबिनेट मंत्री होता है और तीसरा विपक्ष का नेता, तो ऐसे में 2-1 से फैसला जिसके पक्ष में जाएगा वह इलेक्शन कमिश्नर बनेगा। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि साल 2023 में एक नया कानून बनाया, जिसमें कहा गया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। इस कानून को राहुल गांधी वोट चोरी करवाने के संदर्भ में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अभी तक इस पूरे मामले में सरकार बैकफुट पर दिखाई दे रही है और उस तरह के जवाब सरकार की तरफ से नहीं आ रहे हैं, जिस तरह के जवाबों की उनसे दरकार है। राहुल गांधी कई उदाहरण भी पेश कर रहे हैं, उन्होंने कर्नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि बेंगलुरु सेंटर में 7 विधानसभा सीट हैं अगर एक को हटा दें, तो कांग्रेस सातों पर जीत रही थी, लेकिन जिस सीट पर एक लाख नए वोटर जोड़े गए वे सभी भाजपा के खाते में चले गए और नतीजा बदल गया। राहुल गांधी यह भी कह रहे हैं कि अब उनके समझ में आ रहा है कि अमित शाह किस आधार पर यह कहते हैं कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। उन्होंने कहा जब मैंने पहली बार उनके मुख से यह बात सुनी थी, तब मैं हैरत में पड़ गया था कि आखिर वह ऐसा कैसे कह सकते हैं। बात सही भी है कोई भी पहले से यह तय नहीं कर सकता कि अगली सरकार किसकी बननी है, लेकिन भाजपा के नेता डंके की चोट पर सरकार बनने के दावे करते रहते हैं। इससे पहले कि जनता का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से डगमगाए, राजनेताओं को चाहिए कि वह तमाम दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अपनाने पर ध्यान लगाएं।

## भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा



मैं नक्सल समर्थक बिल्कुल नहीं और भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा है, सलवा जुडूम का फैसला सुप्रीम कोर्ट का फैसला था और वह माओवादियों के पक्ष में नहीं था, अगर ऐसा होगा, तो अब तक इसे चुनौती क्यों नहीं दी गई, उपराष्ट्रपति चुनाव में प्रधानमंत्री समेत सभी सांसदों-मंत्रियों को पत्र लिखकर अपने लिए समर्थन मांगूंगा, अगर मैं चुना जाता हूं, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता संविधान की रक्षा करना होगी, सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता, उपराष्ट्रपति पद के लिए अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है, किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए।

**-बी सुदर्शन रेड्डी, उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी, विपक्ष**

# एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा





यशोदा श्रीवास्तव

राहुल गांधी की बिहार में वोट अधिकार यात्रा का फायदा आसन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को कितना हो पाता है, यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इस यात्रा से एक बात यह सामने आई है कि राहुल गांधी के पिछले बिहार यात्राओं के बनिस्बत इस बार की यात्रा में जनता का समर्थन भरपूर है, साथ ही उनके भाषणों को जनता खूब सुन रही है।

जाहिर है राहुल की इस यात्रा में भीड़ कहीं न कहीं से जुटाई ही जा रही होगी, लेकिन उसे कोई प्रलोभन दिया जा रहा हो, ऐसा नहीं है। बिहार में फिलहाल अभी तक राहुल जहां जहां गए वहां की सच्चाई यही है। लोगों का कहना है कि राहुल गांधी का वोट चोरी का मुद्दा जमीनी है जिसे जनता खूब पसंद कर रही है। राहुल गांधी के बिहार में वोट अभियान यात्रा को लेकर संशय था कि इसमें पप्पू यादव कहां हैं? दरअसल वोट अधिकार यात्रा में राहुल और तेजस्वी यादव ही दिखते थे। यह अलग बात है कि यदा-कदा गठबंधन के कुछ और सहयोगी भी दिख जाते थे। पूर्णिया में राहुल और तेजस्वी के नेतृत्व वाली वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने इस सवाल पर विराम लगा दिया।

पप्पू यादव की लालू यादव परिवार से मतभेद जगजाहिर है। पूर्णिया से पप्पू यादव के निर्दल चुनाव लड़ने के पीछे लालू यादव ही थे जिन्होंने उन्हें कांग्रेस से टिकट नहीं लेने दिया जबकि राहुल गांधी टिकट देना चाहते थे। बहरहाल पूर्णिया में वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने अपनी ताकत का एहसास कराया ही, तेजस्वी यादव को बिहार का जननायक बताते हुए उनका शानदार खैरमकदम भी किया। इसे लालू और पप्पू यादव के बीच सब कुछ ठीक ठाक हों जाने की दृष्टि से देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि पप्पू यादव और लालू यादव परिवार की कटुता पर विराम लगने से बिहार में कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को फायदा मिल सकता है।

बिहार की राजनीति में पप्पू यादव एक मजबूत स्तंभ हैं। सबसे कम उम्र में उन्हें विधायक होने का भी तमगा हासिल है और सर्वाधिक बार निर्दलीय सांसद होने का भी खिताब इन्हीं के हिस्से है। बिहार की राजनीति मुख्यत: लालू यादव की पार्टी आरजेडी और नीतीश कुमार की जदयू के इर्द-गिर्द ही सिमटती दिखती है। इनके साथ गठबंधन में चाहे जो हो, उनको यदि फायदा मिलता है तो इन्हीं के बदौलत। हां जदयू गठबंधन की मुख्य सहयोगी भाजपा इस बार कुछ अलग करने की कोशिश में जरूर है। पप्पू यादव कभी लालू यादव के खासमखास थे। 2004 में वे राजद उम्मीदवार के रूप में ही मधेपुरा से लोकसभा का उपचुनाव जीते थे। सपा से भी एक बार सांसद चुने गए थे। 2015 में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी जन अधिकार पार्टी। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी भारी ताम झाम के साथ चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन एक भी सीट पर कामयाबी नहीं मिली। बता दें कि पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्य सभा की सांसद हैं। कोरोना हो या बाढ़ हर वक्त लोगों के बीच मौजूद रहने वाले पप्पू यादव को झटका लगा जब वे 2020 के विधानसभा चुनाव में खुद ही हार गए। यह अचरज की बात है कि विधानसभा चुनाव में खराब रिकॉर्ड वाले पप्पू यादव लोकसभा का चार चुनाव निर्दल जीतने में कामयाब होते रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले उन्होंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर लिया था। उनकी इच्छा पूर्णिया से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की थी। आरजेडी ने इस पर पानी फेर दिया था लिहाजा उन्हें निर्दल लड़ना पड़ा। वे जीते भी। पूर्णिया में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान पप्पू यादव और तेजस्वी यादव के बीच कटुता समाप्त होने के संकेत मिले हैं। कांग्रेस खासकर राहुल गांधी स्वयं चाहते थे कि बिहार की राजनीति में ताकतवर दोनों यादव परिवार एक हों।पूर्णिया में पप्पू यादव और तेजस्वी के बीच मेल मिलाप देख दोनों दलों के नेताओं को खुशी हुई है। लोगों का आकलन है कि विधानसभा चुनाव में बिहार के सीमांचल में इसका फायदा कांग्रेस गठबंधन को मिलना चाहिए। आरजेडी के साथ कांग्रेस का गठबंधन भले ही है या ये दोनों लंबे समय तक साथ रहना चाहते हों लेकिन कांग्रेस बिहार में अपनी मजबूती के लिए लगातार संघर्षरत है। कुछ दिन पहले बिहार में कांग्रेस ने एक और आंदोलन किया था ष्रोजगार दो या गद्दी छोड़ोष। इस आंदोलन की रूपरेखा बिहार के युवा प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तैयार की थी। बिहार के सभी 38 जिला मुख्यालयों पर आयोजित यह कार्यक्रम काफी कामयाब रहा। इस कार्यक्रम में देश भर के नाम. चीन कांग्रेस नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल किया गया था। इसके पहले कन्हैया कुमार ने युवाओं के रोजगार और पलायन के मुद्दे पर बिहार भर की पद यात्रा की थी। चुनाव के ठीक पहले बिहार में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को वोट अधिकार यात्रा की जरूरत बैठे बिठाए चुनाव आयोग ने दे दी एस आई आर के बहाने। विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले चुनाव आयोग का यह फैसला चौंकाने वाला था। एस आई आर के जरिए बिहार के 65 लाख वोटर मताधिकार से मरहूम कर दिए। नया वोटर लिस्ट बनाने में गड़बड़ियों का पहाड़ खड़ा किया गया। चुनाव आयोग इसे अपनी गलती मानने से लाख इनकार करे, पहाड़ जैसी यह गलती हुआ तो उसी के नेतृत्व में है। बस यही वह वजह है कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट अधिकार यात्रा को निकल पड़ा। इस यात्रा में मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर ऐसी मारक टिप्पणी पिछले दस सालों में शायद ही कभी सुनी गई हो। राहुल और तेजस्वी के ऐसे तीखे भाषणों की यद्यपि कि आलोचना भी हो रही है लेकिन बिहार के श्रोताओं को भाषणबाजी की शायद यही शैली पसंद है। एस आई आर की बात करें तो वोटरों के इस छान बीन में जिन 65 लाख छांटें गए लोगों को लेकर बहस और हल्ला गुल्ला मचा है,उस पर गौर करें तो साफ पता चलता है कि ए छंटनी न भी हो तो भी इसका फायदा विपक्ष को नहीं मिलने वाला।कम से कम पिछले तीन लोकसभा चुनावों के परिणामों पर गौर करें तो भाजपा ही ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करती हुई नजर आएगी।। यही हाल विधानसभा चुनावों का भी रहा है। फिर ऐन विधानसभा चुनाव के वक्त चुनाव आयोग को एस आई आर की जरूरत क्यों पड़ी? क्या इस बार जदयू भाजपा गठबंधन सरकार के सत्ता से हटने का डर था? यह लंबी बहस का विषय है। हां यह जरूर है कि भाजपा को जिस जिस प्रदेश में सत्ता से दूर होने का खतरा हुआ, भाजपा वहां हर हाल जीतने को पूरी ताकत झोंक देती है। महाराष्ट्र और हरियाणा इसका उदाहरण है। बिहार में भी ऐसा न हो इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिहार में वोटरों की छंटनी पर बिहार की महिला कांग्रेस विधायक नीतू सिंह का कहना है कि छांटे गए वोटर किसको वोट करेंगे,सवाल यह नहीं है, हमारी लड़ाई वोट के अधिकार की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खानपान से कविता तक राज करती है उर्दू

**सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।**



डा. सैयद अहमद खान

उर्दू यह सिर्फ एक जुबान नहीं, बल्कि तहजीब की नर्मी, मुहब्बत की मिठास और संस्कृति की जड़ में बहती वह धारा है, जिसने हिंदी को हमेशा संवारकर रखा है। हिंदी और उर्दू का रिश्ता बहनापे का है। एक के बिना दूसरी अधूरी है, लेकिन अफसोस कि आज की नफरती हवाओं में इस रिश्ते को तोड़ने की कोशिशें हो रही हैं। उर्दू को एक खास मजहब, एक खास तबके की जुबान बताकर हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। मगर यह भूल है, क्योंकि उर्दू को मिटाना, दरअसल अपनी ही संस्कृति को मिटाना है।

### रोजमर्रा की जिंदगी में उर्दू

सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।

### कविताओं और शायरी का जादू

हिंदी कविताओं का रंग अधूरा है अगर उसमें उर्दू का तिलिस्म न हो। मंचों पर गूंजती कविताएं हों या फिल्मों के गीत हर जगह जज्बात, ख्वाब, आरजू जैसे अल्फाज कानों को छूते हैं और दिल में उतर जाते हैं। यही उर्दू का जादू है, जो कविता को सुर देता है और शायरी को रूह।

### स्वाद की दुनिया में उर्दू

जरा पुरानी दिल्ली की गलियों में चलिए अगर वहां से उर्दू हटा दी जाए तो न दुकानों के नाम बचेंगे, न पकवानों की पहचान। जलेबी का खमीर न हो तो मिठास कैसे बनेगी? बिरयानी, कोरमा, कबाब, निहारी इन नामों के बिना तो हमारी थालियां बेरौनक हो जाएंगी। उर्दू सिर्फ किताबों की भाषा नहीं, वह हमारे जायके में भी है, हमारी महक में भी है। वाकई, यह भाषा मिटती नहीं, क्योंकि यह हर दिल में जिंदा है।

### नफरत नहीं, मुहब्बत की जुबान

सच्चाई यही है कि उर्दू और हिंदी का रिश्ता तोड़ना किसी हुकूमत के बस की बात नहीं। यह रिश्ता जुबानों



का ही नहीं, बल्कि तहजीब और मोहब्बत का है। नई पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि जिन व्यंजनों का वह लुत्फ उठाती है, जिन गीतों की धुन पर झूमती है उनमें उर्दू की रूह बसी है। इसलिए जरूरत नफरत को बढ़ाने की नहीं, बल्कि उर्दू को गले लगाने की है। क्योंकि हिंदी और उर्दू साथ हों, तो हमारी जिंदगी की जुबान और भी रंगीन, और भी खुशबूदार हो जाती है।

(लेखक उर्दू डवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भरपेट संतुलित भोजन कई बीमारियों के लिए टीके से कम नहीं



यह तो जानी-मानी बात है कि जीवित रहने, स्वास्थ्य और बीमारियों के बचाव के लिए पोषण अनिवार्य है। 1970 के दशक में यह तक कहा गया था कि निमोनिया जैसे सांस सम्बंधी रोगों, दस्त (डायरिया) व अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध पर्याप्त भोजन ही सबसे कारगर टीका है। यह देखा जा चुका था कि कुपोषण की हालत में पूरक पोषण से संक्रमणों के प्रकोप में कमी आती है। हाल ही में झारखंड में एक परीक्षण किया गया था। रैशन्स यानी रिड्यूसिंग एक्टिवेशन ऑफ ट्यूबरकुलोसिस थ्रू इम्प्रूवमेंट ऑफ न्यूट्रिशनल स्टेटस अर्थात पोषण की स्थिति में सुधार के जरिए सक्रिय टीबी में कमी। इस परीक्षण ने स्पष्ट रूप से दर्शाया है कि पूरक पोषण परिवारों में टीबी प्रकोप को 50 प्रतिशत तक कम करता और कुपोषित मरीजों में मृत्यु दर को भी 35-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

टीका भी तो यही करता है कि व्यक्ति को किसी संक्रमण से लड़ने या बीमारी से बचने में मदद करता है और इस लिहाज से पोषण की भूमिका टीके की अवधारणा का विस्तार ही है। 1970 के दशक में पोषण विशेषज्ञ और विश्व स्वास्थ्य संगठन में पोषण निदेशक रहे डॉ. मॉइजेस बेहर ने अपने एक लेख में कहा था, एक ओर तो टीकाकरण या पर्यावरण में सुधार जैसे विशिष्ट उपायों द्वारा संक्रामक रोगों पर नियंत्रण से समुदाय की पोषण की स्थिति बेहतर होती है। दूसरी ओर, पर्याप्त भोजन संक्रामक रोगों के ज्यादा गंभीर प्रभावों से सुरक्षा देता हैय उन रोगों के संदर्भ में भी जिनके लिए हमारे पास सटीक या आसान उपाय उपलब्ध नहीं हैं। फिलहाल तो समुचित भोजन ही दस्त, श्वसन तथा अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध सबसे कारगर टीका है। यह बात रैशन्स परीक्षण में प्रत्यक्ष रूप में सामने आई ही है, लेकिन इसके कई ऐतिहासिक प्रमाण भी उपलब्ध हैं। ए प्रमाण हमें बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में हुए कुछ 'कुदरती प्रयोगों' से मिले हैं।

**कुछ अनायास प्रयोग**

यूके में 1918 में टीबी मरीजों की देखभाल और पुनर्वास के लिए पैपवर्थ विलेज सेटलमेंट स्थापित किया गया था। इसके पीछे सोच यह थी कि मात्र सेनेटोरियम उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीबी के मरीजों के लिए रोजगार व सामुदायिक जीवन जैसे सहारे की भी जरूरत होती है। यहां रह रहे सक्रिय टीबी ग्रस्त मरीजों के संपर्क में आए परिवारों में टीबी के प्रकोप में जो 84 प्रतिशत की कमी आई थी, उसके लिए समुचित पोषण को मुख्य कारण माना गया था। आश्चर्य की बात यह थी कि उस दौरान टीबी संक्रमण के कुल प्रसार में कोई कमी नहीं आई थी मगर पोषण ने संक्रमण को बीमारी में परिवर्तित होने से बचा लिया था।

जर्मनी के युद्धबंदी शिविरों में ब्रिटेन तथा रूस के युद्धबंदी सैनिक एक जैसे हालात में रह रहे थे। देखा गया कि ऐसे एक शिविर में मात्र 1.2 प्रतिशत ब्रिटिश सैनिकों में ही टीबी विकसित हुई थी जबकि 15 प्रतिशत रूसी सैनिक टीबी से ग्रस्त हुए। यानी रूसी सैनिकों के मुकाबले ब्रिटिश सैनिकों में टीबी का प्रकोप 92 प्रतिशत कम रहा। इसका कारण इस तथ्य से जोड़कर देखा गया था कि रेड क्रॉस द्वारा दिया जाने वाला अतिरिक्त पोषण पार्सल (1000 किलोकैलोरी तथा 30 ग्राम प्रोटीन) मात्र ब्रिटिश सैनिकों को मिलता था। ऐसे ही एक अन्य युद्धबंदी शिविर में एक ब्रिटिश डॉक्टर आर्किबाल्ड कोक्रेन ने पाया था कि टीबी का प्रकोप रूसियों में 6 प्रतिशत, फ्रांसिसियों में 0.5 प्रतिशत और ब्रिटिश सैनिकों में शून्य प्रतिशत था। गौरतलब है कि फ्रांसिसियों को भी 1944 के बाद अतिरिक्त फूड पैकेट मिलना बंद हो गया था। युद्धबंदी शिविरों में किए गए इन अवलोकनों के अलावा आम आबादी के आंकड़े भी यही कहानी कहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2015-2023 के दरम्यान दुनिया भर में टीबी के प्रकोप में 8.3 प्रतिशत तथा टीबी मृत्यु दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है। सवाल यह उठता है कि रासायनिक उपचार और (टीबी के लिए) बीसीजी टीका आने से पहले के दौर में टीबी के प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों की क्या स्थिति थी। पहली बात तो यह है कि यूके जैसे जिन देशों में आज टीबी का बोझ कम है, वहां भी अतीत में टीबी का प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों का आंकड़ा काफी अधिक था। एक अनुमान के मुताबिक 1851 में यूके में श्वसन सम्बंधी टीबी से प्रति लाख आबादी में 268 मौतें होती थी। और तो और, वहां हर चार में से 1 मौत टीबी के कारण होती थी। गौर करने वाली बात यह है कि यूके में टीबी प्रकोप और मृत्यु में गिरावट रासायनिक उपचार और टीकाकरण जैसे उपाय लागू होने से पहले हो गई थी। 1891 में टीबी से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी और यह मात्र 139 प्रति लाख रह गई थी।

यूके में 1913 में टीबी का प्रकोप प्रति एक लाख आबादी में 300 था और मृत्यु दर प्रति लाख आबादी में 100 थी और 1940 में यह इसकी 50 प्रतिशत रह गई थी। गौरतलब है कि टीबी के लिए रासायनिक उपचार 1947 में उपलब्ध हुआ था। रासायनिक उपचार शुरू होने से पहले यू.के. में टीबी प्रकोप 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से कम हो रहा था और उपचार उपलब्ध होने के बाद गिरावट की दर 10 प्रतिशत वार्षिक हो गई थी।

1962 में थॉमस मैककिओन का महत्वपूर्ण पर्चा प्रकाशित हुआ था जिसमें उन्होंने 1850 से 1950 की अवधि में यूके में टीबी सम्बंधी मौतों में गिरावट के विभिन्न कारकों का विश्लेषण किया था। उनका निष्कर्ष था कि टीबी प्रकोप में गिरावट का प्रमुख कारक जीवन स्तर में सुधार, खासकर पोषण में सुधार रहा था। 1850 के दशक के बाद यूके में कामगारों की आमदनी में सुधार हुआ था। यह देखा गया था कि आमदनी में सुधार और श्वसन सम्बंधी टीबी से मृत्यु दर में गिरावट लगभग एक ही दर पर हुए थे। मैककिओन का सुझाव था कि बेहतर पोषण से व्यक्तियों में रोग के विरुद्ध प्रतिरोध पैदा होता है और यह मृत्यु दर में गिरावट का कारण बनता है। इसके पक्ष में उन्होंने कुछ परोक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे।

वैसे नोबेल विजेता रॉबर्ट फोगेल ने 1850 से 1950 के बीच यूके में कैलोरी के उपभोग में वृद्धि के प्रत्यक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे। इसी सम्बंध में एक और प्रमाण यह था कि 1870 से 1970 के बीच ब्रिटेन समेत यूरोपीय लोगों के कद में औसतन 11 सेमी (यानी प्रति दशक 1 सेमी) की वृद्धि हुई थी। कद को किसी भी आबादी के पोषण व जीवन स्तर का एक सूचकांक माना जाता है। इस बात के और भी प्रमाण प्रस्तुत हुए हैं कि यू.के. में टीबी के प्रकोप व मृत्यु दर में कमी का सम्बंध पोषण में सुधार से रहा है।

**पोषण, संक्रमण और प्रतिरक्षा**

1968 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित एक मोनोग्राफ में पोषण व संक्रमण के बीच दो-तरफा सम्बंध की समीक्षा की गई थी। मोनोग्राफ में स्पष्ट किया गया था कि पोषण की स्थिति टीबी समेत कई संक्रमणों की आवृत्ति, गंभीरता और मृत्यु दर पर असर डालती है और संक्रमण अपने तईं पोषण की स्थिति को बदतर करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 देशों की सुंदरियों ने देखा ताजमहल



**आगरा।** सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन इंटरनेशनल की फाइनलिस्ट ने मंगलवार को ताजमहल का दीदार किया। 25 देशों से आई इन सुंदरियों को देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लग गई। मिस टीन इंटरनेशनल विश्व की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसमें दुनिया भर से मॉडल्स भाग लेती हैं।

इस बार भारत इसकी मेजबानी कर रहा है और जयपुर में 31 अगस्त को इसका ग्रैंड फिनाले होगा। ग्रैंड फिनाले से पहले आगरा आई फाइनलिस्ट ताजमहल की खूबसूरती देख मंत्रमुग्ध हो गईं। वे हर पल को मोबाइल कैमरों में कैद करती दिखीं। कई पर्यटकों ने भी उनके साथ सेल्फी ली। सुंदरियों ने ताजमहल की खूबसूरती के साथ उसके इतिहास को जानने में भी गहरी रुचि दिखाई। इन सुंदरियों में बोत्सवाना की मार्गरेट नाशा, कनाडा की जीनी अलीशा वेंटूरा, कोलंबिया की वालेरिया मोरालेस वैलेरी, क्यूबा की अमालिया मार्टिनेज, डोमिनिक गणराज्य की एस्मेलिन तेजस, फीजी की निशिका शयाली, फ्रांस की एनेस होल्ट्ज़मैन मिरांडा, जर्मनी की लॉरीना विन्सेटिना, भारत की कजियाह लिज मेजो, जापान की किक्यो स्वाडा, मैक्सिको की ग्रेसिया नोवेलो, नामीबिया की एलेन एंगलब्रेक्ट, नीदरलैण्ड की लियोरा स्मिट, पैराग्वे की फ्लोरें. सिया गोंजालेज, पेरू की अलमेंद्रा लीमास, फिलीपींस की अन्ना मार्गरेट मर्केडो, प्यूर्टो रीको की सबरीना मारिया फेलिसियानो, रोमानिया की मारी घिसे, स्पेन की लोरेना रूइज़, श्रीलंका की थानुशी अमाया, अमेरिका की एलेनिस क्यूवास, वेनेजुएला की तातियाना ज़ाम्ब्रानो बर्मुडे़ज़, वियतनाम की न्युंगा था जुआन माई और जिम्बाब्वे की जूली तुंगामिराई शामिल थीं।

# पाक में आतंकवाद-रोधी अभियान में पांच आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस और आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के संयुक्त अभियान में पांच आतंकवादी और एक राहगीर मारे गए और आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। सीटीडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान रविवार को प्रांत के अपर दीर जिले में शुरू किया गया और सोमवार तड़के तक भारी गोलीबा. री जारी रही। बयान में आगे कहा गया है कि घायल पुलिसकर्मियों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकवादी पुलिस पर पहले हुए एक हमले से जुड़े थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए थे।

# ट्रम्प समर्थक नेता ने फायरगन से कुरआन को लगाई आग

## कहा: ईसाई देशों पर कब्जा कर रहे मुस्लिम, अगर चुनाव जीती, तो इस्लाम का खात्मा कर दूंगी

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास की रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार वैलेंटिना गोमेज ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कुरान (इस्लाम की पवित्र किताब) जलाते हुए नजर आ रही हैं।

वायरल वीडियो में वैलेंटिना कुरान को फायर गन से आग लगाते हुए कहती है कि मैं टेक्सास में इस्लाम का खात्मा कर दूंगी, हे ईश्वर, मेरी मदद करो। मुसलमान, ईसाई देशों पर कब्जा करने के लिए बलात्कार और हत्याएं कर रहे हैं। वैलेंटिना ने लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा: (मुझे संसद तक पहुंचने में मदद करो, ताकि तुम्हें कभी भी मुसलमानों के फेंके गए पत्थरों का सामना नहीं करना पड़े। वो 2026 में टेक्सास के 31वें कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहीं हैं। वैलेंटिना ने दिसम्बर, 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था। जिसे उन्होंने अप्रवासी के प्रतिक के तौर पर रखा था। इसके साथ ही अमेरिकियों के खिलाफ हिंसक अपराध करने वाले प्रवासियों को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की मांग की थी। भड़काऊ बयानों के कारण उनके वीडियो हटा दिया गया और उन्हें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिया गया था। इस पर वैलेंटिना ने कहा था कि उनके वीडियो पर प्रति. बंध और उनके अकाउंट को इनएक्टिव करना सभी को दिखाता है कि वे सत्ता के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं, क्योंकि वे जैसा देखती हूं वैसा ही कहती है। इसी समय उन्होंने एक वीडियो में एलजीबीटीआईक्यू+ किताबों को जलाने का वीडियो भी शेयर किया था। इसको लेकर उनका दावा है कि ये किताबें बच्चों पर बुरा असर डाल रही हैं। हालांकि, उनकी ये हरकतें वोटरों का समर्थन नहीं जुटा सकीं और वह रिपब्लिकन प्राइमरी में केवल 7.4 प्रतिशत वोट हासिल कर छठे स्थान पर रहीं थी। अपनी चुनावी हार के बावजूद, गोमेज सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, जहां वे राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार जाहिर करती रहती हैं। भड़काऊ बयानों के कारण उन्हें कई बार सोशल मीडिया से बैन भी किया जा चुका है। गोमेज ने दिसम्बर में हारने के बाद टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी।



■ वैलेंटिना ने दिसम्बर 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था

## टैरिफ विवाद को लेकर जर्मन अखबार का बड़ा दावा

# मोदी ने नहीं उठाया ट्रम्प का फोन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार कॉल किए थे, लेकिन पीएम मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर एफएजेड ने किया है। हालांकि अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये काल कब किए गए थे। अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पालिसी और भारत को 'डेड इकोनामी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आने से रोक दिया गया। ट्रम्प ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25 प्रतिशत टैरिफ जुर्माने के तौर पर लगाया गया है, जो 27 अगस्त यानी कल से लागू होगा। ट्रम्प का कहना है कि भारत के रूसी तेल खरीदने की वजह से पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। अखबार में एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है- आमतौर पर ट्रम्प का तरीका यह है कि पहले वे किसी देश पर व्यापार घाटे को लेकर हमला बोलते हैं, फिर ऊंचे टैरिफ की धमकी देते हैं। इसके बाद डरकर बात. चीत शुरू होती है और आखिरकार वह ऊंचा टैरिफ लगाकर, फिर कुछ छूट देकर खुद को विजेता बताने की कोशिश करते हैं। कई देशों के साथ ऐसा हुआ है और ट्रम्प ने यह दिखाया कि अमेरिकी बाजार पर उनकी पकड़ कितनी मजबूत है, लेकिन मोदी ने इस बार झुकने से इन्कार कर दिया। न्यूयॉर्क के न्यू स्कूल के भारत-चीन इंस्टीटयूट के को-डायरेक्टर मार्क फ्रेजियर का कहना है कि अमेरिका की भारत को चीन के खिलाफ इस्तेमाल करने की रणनीति नाकाम हो रही है। भारत ने कभी भी चीन के खिलाफ अमेरिका के साथ पूरी तरह खड़े होने का वादा नहीं किया था। अखबार ने लिखा है कि पीएम मोदी को ट्रम्प के बर्ताव से बहुत ज्यादा बुरा महसूस हुआ है। वह मोदी को उस पुराने अपमान की याद दिला रहे हैं, जो लगभग एक दशक पहले उन्हें जिनपिंग से मिला था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब गुजरात आए थे और मोदी से दोस्ती का वादा किया था, लेकिन उसी समय चीन की सेना हिमालय में भारतीय इलाके में घुस आई थी। इसके बाद भी मोदी ने जिन. पिंग से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश की, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब चीनी सैनिकों से भारतीय जवानों की झड़प हो गई। उस घटना के बाद से कहा जाता है कि मोदी के मन में गहरी कड़वाहट बैठ गई। अब ट्रम्प का रवैया भी कुछ ऐसा ही हो गया है। फरवरी में वे मोदी को व्हाइट हाउस बुलाकर उनकी तारीफ कर रहे थे और उन्हें एक फोटो एल्बम भेंट कर रहे थे। दोनों देशों के रिश्ते काफी बेहतर चल रहे थे। यहां तक कि दिल्ली के पास ही ट्रम्प के नाम से लग्जरी टावर बने, जिनके 300 फ्लैट (कीमत 108 करोड़ रुपये तक) एक ही दिन में बिक गए, लेकिन हाल की घटनाओं ने माहौल बदल दिया। ट्रम्प ने भारत को 'डेड इकोनामी' कहकर अपमानित किया। इससे दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। 2014 में शी जिनपिंग भारत दौरे पर आए थे। इसके कुछ समय बाद ही डोकलाम में दोनों देशों की सेना आमने-सामने आ गई थी। अखबार में बताया गया है कि मोदी, वियतनाम लीडर और ट्रम्प के बीच हुए विवाद को लेकर भी सतर्क थे। दरअसल, ट्रम्प ने वियतनाम के सुप्रीम लीडर तो लम से टैरिफ मामले को लेकर फोन पर बात की थी।



भारत के पीएम ने चार बार बातचीत से किया इन्कार, अमेरिकी डेलीगेशन को भी दिल्ली आने से रोका

अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को डेड इकोनॉमी कहने से मोदी नाराज

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9:31 बजे लागू हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है कि जो डयूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लाई जाएंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जाएंगी। ट्रम्प के टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, आटो, सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है।

# ट्रम्प ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की दी धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वाशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है। ट्रम्प ने कहा कि चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता।

अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा। ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की। में चीनी राष्ट्रपति शी जिन. पिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है। इससे पहले ट्रम्प ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवम्बर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव आर्डर पर साइन किया है। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वार चला। ट्रम्प ने चीन पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ। चीन ने अप्रैल में कई रेयर अर्थ मटेरियल और मैग्नेट्स पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया था। अमेरिका के लगाए गए टैरिफ की जवाबी कार्रवाई के तौर पर चीन ने अमेरिका के लिए 7 अर्थ मटेरियल की, सप्लाई पर रोक लगा दी थी। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए थे।

■ कहा: मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा
■ हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता: डोनाल्ड ट्रम्प

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन किसी भी स्थान पर रूस से बातचीत को तैयार: सिबिहा

**मास्को।** यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन किसी भी प्रारूप एवं स्थान पर रूस के साथ उच्च स्तरीय शांति वार्ता करने के लिए तैयार है। सिबिहा ने एक्स पर कहा कि हम किसी भी प्रारूप और भौगोलिक क्षेत्र में नेताओं के स्तर पर बैठकें करने के लिए तैयार हैं। सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शीर्ष यूरोपीय राजनयिकों और सिबिहा के साथ फोन पर बातचीत की जिस दौरान वे लंबे समय से चले आ रहे वार्ता के माध्यम से यूक्रेनी संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों को जारी रखने पर सहमत हुए।

### फ्रांस ने यहूदी-विरोधी आरोपों पर अमेरिकी दूत को तलब किया

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने यहूदी-विरोधी आरोप लगने के बाद अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनर को तलब किया है। अमेरिकी राजदूत ने फ्रांस पर आरोप लगाया था कि उसने यहूदी-विरोधी भावना से निपटने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। अमेरिकी राजदूत की टिप्पणी को फ्रांस के आंत. रिक मामलों में हस्तक्षेप माना गया है जो वास्तविकता से कोसों दूर है।

### ब्रिटेन में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि हम पुष्टि करते हैं कि आज सुबह आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। विमान में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। इससे पहले, वायु दुर्घटना जांच शाखा ने कहा था कि उसने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



जम्मू-कश्मीर। लगातार बारिश के मद्देनजर जम्मू में बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा के लिए बैठक करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

# गाजा अस्पताल पर इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों की मौत

इजरायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों में अंतराल पर लगातार हमले किए

**दुबई।** गाजा के एक अस्पताल पर दो इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों, चिकित्साकर्मियों और अन्य लोगों की मौत के बाद इज़रायल नेतृत्व की जोरदार निंदा हो रही है। सीएनएन की एक रिपोर्ट में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि सोमवार को किए गए हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर लगातार हमले किए।

नासिर अस्पताल ने बताया कि कुछ ही अंतराल पर किए गए दो हमलों में पत्रकार, स्वास्थ्यकर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के लोग मारे गए, जो शुरुआती हमले के बाद घटनास्थल पर पहुंचे थे। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बाद में पत्रकारों और वहां पहुंचने वाले लोगों के इन हमलों के मारे जाने की बात स्वीकार की और उनकी मौतों को एक 'दुखद दुर्घटना' बताया। अस्पताल के प्रवक्ता और नर्सिंग प्रमुख डा. मोहम्मद साकर ने बताया कि उन हमलों में पांच पत्रकार और चार स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। इन पत्रकारों में अल जज़ीरा के कैमरामैन मोहम्मद सलामा, रॉयटर्स के लिए काम करने वाले हुसाम अल-मसरी, इस पूरे युद्ध के दौरान एसोसिएटेड प्रेस (एपी) और अन्य मीडिया संस्थानों के साथ काम कर चुकीं मरियम अबू दग्गा और स्वतंत्र पत्रकार मोआथ अबू ताहा और अहमद अबू अज़ीज़ शामिल हैं। गाज़ा के नागरिक सुरक्षा संगठन ने कहा कि हमले में उसके एक कर्मचारी की भी मौत हो गई। इज़रायली हमलों में अस्पताल की एक बालकनी को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल पत्रकार खान यूनिस का ऊपर से नज़ारा देखने के लिए करते थे।

## ईरान ने की गाजा के अस्पताल पर इजरायली हमले की निंदा

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार को गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के नासिर अस्पताल पर हुए घातक इजरायली हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह हमला एक जघन्य अपराध था जिसमें पांच पत्रकारों सहित कम से कम 20 फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बघाई ने कहा कि क्रूर बमबारी एक युद्ध अपराध था जिसे इजरायल ने फलस्तीनियों के खिलाफ अपनी नरसंहार योजना के अंतर्गत अंजाम दिया ताकि फलस्तीन को एक राष्ट्र और पहचान के रूप में समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि इजरायल द्वारा गाजा और पश्चिमी तट में मानव एवं मानवा. धिकारों के घोर उल्लंघन के प्रति संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की निष्क्रियता शर्मनाक है। उन्होंने फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार को रोकने और इजरायली अपराधियों को दंडित करने की सभी सरकारों की कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

# बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को पालना मुश्किल

## देश की इकोनॉमी पर दबाव बढ़ रहा, म्यांमार भेजने के लिए दुनिया से मदद मांगी



**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को कहा कि देश में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को पालना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा देश में 13 लाख से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

यूनुस ने कहा- यह बांग्लादेश के साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दुनिया को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और रोहिंग्या मुस्लिमों को उनके घर वापस पहुंचाने में मदद करना चाहिए। म्यांमार में अगस्त 2017 से हो रही हिंसा के बाद रोहिंग्या समुदाय के लोगों ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद वे भागकर कई देशों में जा बसे थे। सबसे ज्यादा लोग बांग्लादेश पहुंचे थे। तब शेख हसीना सरकार ने लाखों रोहिंग्या लोगों को शरण दी थी। इस घटना के 8वें सालगिरह पर युनूस ने रोहिंग्याओं की घर वापसी के लिए 7 प्वाइंट का एक रोडमैप भी जारी किया। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर दबाव बढ़ गया है। बांग्लादेश के काक्स बाजार में 8 सालों से रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों ने शरोहिंग्या नरसंहार स्मृति दिवसश मनाया। इस दौरान शरणार्थियों के हाथों में घर वापसी की तख्तियां थी। जिसपर लिखा था: नो मोर रिफ्यूजी लाइफ (शरणार्थी जीवन अब और नहीं)। इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और डिप्लोमैट्स ने हिस्सा लिया। म्यांमार के रखाइल प्रांत में अराकान सेना के दमन से बचने के लिए रोहिंग्या मुसलमान 25 अगस्त 2017 बांग्लादेश के भाग कर आए थे। इन्हें शेख हसीना की तत्कालीन सरकार ने काक्स बाजार में शरण दी थी। उस समय करीब 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश आए थे। वहीं 3 लाख से अधिक शरणार्थी पहले से ही बांग्लादेश में रह रहे थे। वर्तमान में काक्स बाजार में दुनिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर है।

# ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी राजदूत को निष्कासित किया

■ ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने ईरान के राजदूत अहमद सादेघी को निष्कासित कर ईरान में अपने दूतावास को बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के सुरक्षा खुफिया संगठन ने देश की संघीय पुलिस के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई यहूदी समुदाय के खिलाफ कई यहूदी विरोधी हमलों की जांच में पाया है कि इनमें से कम से कम दो हमलों को ईरानी सरकार का समर्थन प्राप्त था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा ये ऑस्ट्रेलियाई धरती पर एक विदेशी राष्ट्र द्वारा रची गई असाधारण और खतरनाक आक्रामकता की घटनाएं थीं। यह हमारे समाज पर एक हमला है, जिसका उद्देश्य भय पैदा करना, आंतरिक विभाजन को बढ़ावा देना और सामाजिक एकता को नष्ट करना है। हमारे समाज पर ये हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और ऑस्ट्रेलियाई सरकार इसके जवाब में कड़ी और निर्णायक कार्रवाई कर रही है। हमने ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राज. दूत को सूचित कर दिया है कि उन्हें और तीन अन्य ईरानी राजनयिकों को निष्कासित कर दिया जाएगा। हमने तेहरान स्थित अपने दूतावास में कामकाज स्थगित कर दिया है और हमारे सभी राजनयिक अब किसी तीसरे देश में सुरक्षित हैं। बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए भी कानून पारित करेगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108